संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, सोमवार, 19 फरवरी 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive


केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
वर्षः 13 अंकः 49 पृष्ठः 12
RNI : HPHIN/2012/48072
actionindiauna@gmail.com
हिमाचल संस्करण
दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## जम्मू-कश्मीरः पीएम मोदी देंगे 3161 करोड़ का तोहफा

**टीम एक्शन इंडिया/श्रीनगर**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को जम्मू-कश्मीर जाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी यहां 3,161 करोड़ रुपये की 209 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। वह जम्मू के मौलाना आजाद स्टेडियम में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे।। इसके साथ ही प्रधानमंत्री अपने इस केंद्र शासित प्रदेश के दौरे से आगामी लोकसभा चुनाव के लिए चुनाव अभियान का भी आगाज करेंगे। दरअसल जम्मू-कश्मीर में लोकसभा की पांच सीटें हैं। इसमें वर्तमान में बीजेपी के पास दो सीटें हैं। अब पार्टी इस आंकड़े को बढ़ाने की दिशा में काम कर रही है। उधर, पीएम मोदी के दौरे से पहले कश्मीर में सुरक्षा बलों को सतर्क कर दिया गया है। अधिकारियों ने रविवार को यहां बताया कि पुलिस और अर्द्धसैनिक बल शहर और उसके आसपास दर्जनों स्थानों पर वाहनों की जांच कर रहे हैं। एहतियात के तौर पर श्रीनगर में अलग-अलग स्थानों पर प्रवेश और निकास मार्गों पर विशेष जांच चौकियां स्थापित की गई हैं।

**मोदी की सभा में होगी 1 लाख की भीड़:** जम्मू के एमए स्टेडियम में प्रधानमंत्री मोदी अपने दो घंटे के कार्यक्रम के दौरान 3,161 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इसमें एक लाख से अधिक लोगों के शामिल होने की संभावना है। हाल ही में एसटी दर्जा प्राप्त करने वाले पहाड़ी समुदाय में इस रैली में शामिल होने की उत्सुकता देखने को मिल रही है। पीएम मोदी युवाओं को नियुक्ति पत्र भी बांटेंगे। इसके बाद वो वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से उनसे बात करेंगे।

पीएम मोदी महत्वाकांक्षी जम्मू-श्रीनगर ट्रेन का आंशिक उद्घाटन करेंगे जो बनिहाल शहर से 48.5 किलोमीटर आगे की प्रतीकात्मक यात्रा करेगी। दरअसल प्रधानमंत्री मोदी सांबा जिले के विजयपुर शहर में एम्स, रियासी जिले में सबसे ऊंचा रेलवे पुल, देविका कायाकल्प परियोजना, शाहपुर कंडी परियोजना, आईआईएम जम्मू, जम्मू और कश्मीर दोनों डिवीजनों में कई प्रमुख सड़कें और परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे।


**124 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास**
पीएम मोदी जम्मू-कश्मीर में 124 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। इनमें 2210 कनाल को कवर करने वाले नौ औद्योगिक एस्टेट, 62 सड़क परियोजनाओं और 42 पुलों का निर्माण और उन्नयन, घाटी के अनंतनाग, कुलगाम, कुपवाड़ा, शोपियां और पुलवामा जिलों में नौ स्थानों पर कश्मीरी प्रवासियों के लिए 2816 फ्लैट, ट्रांसपोर्ट नगर का अपग्रेडेशन शामिल है। श्रीनगर में परिम्पोरा और जम्मू स्मार्ट सिटी के लिए एकीकृत कमान और नियंत्रण केंद्र के लिए डेटा सेंटर/आपदा रिकवरी केंद्र शामिल है।

### आदर्श विचार



"एक अनुशासित व्यक्ति अपना तथा समाज व देश का विकास कर सकता है। भागवद्"

### मन की बात



"चिंतन करो, चिंता नहीं, नए विचारों को जन्म दो।"
स्वामी विवेकानंद

### तीसरी आंख




# कांग्रेस देश बांटने में जुटीः पीएम मोदी

## भाजपा अधिवेशनः कांग्रेस ने सेना पर सवाल उठाए, राफेल की राह में भी रोड़े अटकाएः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**डबल इंजन**

8 कांग्रेस देश को बांटने में लगी है। सेना पर सवाल उठाए और राफेल की राह में भी रोड़े अटकाए





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के** भारत मंडपम में भाजपा का दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन रविवार 18 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन के साथ खत्म हो गया। पीएम ने अपने 64 मिनट के भाषण में कार्यकर्ताओं को ऊर्जा से काम करने का मंत्र दिया। वहीं, कांग्रेस समेत विपक्ष पर निशाना साधते हुए 10 साल की अपनी सरकार की उपलब्धियां भी बताईं। मोदी ने कहा कि कांग्रेस देश को बांटने में लगी है। उन्होंने सेना पर सवाल उठाए और राफेल की राह में भी रोड़े अटकाए। प्रधानमंत्री जैन संत विद्यासागर जी महाराज की बात करते हुए भावुक भी हो गए। अधिवेशन में यूपीए सरकार के 10 साल के कार्यकाल के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था पर एक श्वेत पत्र जारी किया गया। इसके अलावा राम जन्मभूमि पर रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन करते हुए भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने श्रीराम मंदिर निर्माण पर प्रस्ताव पेश किया।

### पहला प्रधानमंत्री हूं, जिसने शौचालय के बारे में सोचाः पीएम मोदी

**पहला** प्रधानमंत्री हूं, जिसने शौचालय के बारे में सोचा। महिलाओं के खिलाफ अपशब्द बोलने वालों के लिए कानून लाए। 3 करोड़ से ज्यादा महिलाओं के नाम घर रजिस्टर्ड कराकर उन्हें घर की मालकिन बनाया। 12 करोड़ महिलाओं के लिए शौचालय बनाया। 1 रुपए में सुविधा सैनिटरी पैड दिए। बहनों को आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिए, बेटी को नौकरी करने में आसानी हो, इसके लिए कदम उठाए। एक करोड़ लखपति बहनें बनाईं। प्रेग्नेंसी लीव को 26 हफ्ते का कर दिया।

**कार्यकर्ताओं के लिए अगले 100 दिन नई उमंग नए जोश के हैं:** राष्ट्रीय अधिवेशन में उपस्थित और देश के कोने-कोने से जुड़े भाजपा कार्यकर्ताओं का मैं अभिनंदन करता हूं। भाजपा का कार्यकर्ता साल के हर दिन चौबीसों घंटे देश की सेवा के लिए कुछ ना कुछ करता ही रहता है। अब अगले 100 दिन नई ऊर्जा, नई उमंग, नए उत्साह, नया विश्वास, नए जोश के साथ काम करने के हैं।

### देश के सपने भी विराट होंगे और संकल्प भी विराट होंगेः पीएम

**पीएम** ने कहा कि पिछले 10 साल में भारत ने जो गति हासिल की है। बड़े लक्ष्यों को हासिल करने का जो हौसला पाया है, वो अभूतपूर्व है। ये मैं नहीं, पूरी दुनिया गाजे-बाजे के साथ बोल रही है। हर देशवासी को एक बड़े संकल्प के साथ जोड़ दिया है। ये संकल्प है विकसित भारत का। अब देश ना छोटे सपने देख सकता है और ना छोटे संकल्प ले सकता है। सपने भी विराट होंगे और संकल्प भी। 10 साल में जो हासिल किया, वो पड़ाव मात्र है। मंजिल तक पहुंचने का नया विश्वास है। अभी हमें देश के लिए, कोटि-कोटि भारतीयों का जीवन बदलने के लिए बहुत कुछ हासिल करने का संकल्प लेना है। बहुत से निर्णय अभी बाकी हैं।

### कमलनाथ का चरित्र दबाव में आने वाला नहीं: दिग्विजय सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**
**मध्य प्रदेश** के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और उनके पुत्र छिंदवाड़ा से सांसद नकुलनाथ की बीजेपी में शामिल होने की चर्चाओं के बीच पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने बड़ा दावा किया है। उनका कहना है कि कमलनाथ का चरित्र किसी भी दबाव में न आने वाला है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के बीजेपी में शामिल होने की अटकलों को दिग्विजय सिंह ने खारिज किया और कहा कि कमलनाथ जैसा व्यक्ति जिन्होंने अपनी राजनीति की शुरूआत कांग्रेस से की और जिन्हें हम सब इंदिरा जी का तीसरा पुत्र मानते है, उन्होंने हमेशा कांग्रेस का साथ दिया है और कांग्रेस के स्तंभ रहे। कांग्रेस की ओर से कमलनाथ को दी गई जिम्मेदारियां का जिक्र करते हुए दिग्विजय सिंह ने कहा कि कमलनाथ को कौन सा पद नहीं मिला, उन्हें पार्टी का राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया।

## 'मेरा परिवार सीने पर गोली खाने को तैयार'

**टीम एक्शन इंडिया/ मुजफ्फरनगर**
**मुजफ्फरनगर** के सिसौली में भारतीय किसान यूनियन की आयोजित हुई मासिक पंचायत में किसान नेता चौधरी राकेश टिकैत ने जोशीला भाषण दिया। उन्होंने कहा कि टिकैत परिवार गोली खाने को तैयार है, लेकिन किसानों का साथ नहीं छोड़ेगा। आंदोलन में टिकैत परिवार का एक सदस्य शहादत देगा। उन्होंने कहा कि सीमा पर नहीं तो आंदोलन के दौरान किसानों की मांगों के लिए सीने पर गोली खाएंगे, लेकिन पीछे नहीं हटेंगे। किसानों की राजधानी कहे जाने वाले कस्बा सिसौली के किसान भवन पर आयोजित भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत के दौरान चार राज्यों से किसान नेता जुटे थे। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने कहा कि एमएसपी कानून से कम उन्हें कुछ भी मंजूर नहीं है। उन्होंने कहा कि 21 फरवरी को यूनियन के कार्यकर्ता जिला मुख्यालय पर ट्रैक्टरों के साथ मार्च करेंगे। इसके बाद 26 और 27 फरवरी को हरिद्वार से लेकर गाजीपुर बार्डर तक उस दिशा को मुंह कर ट्रैक्टर खड़े किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह सरकार पूंजीपतियों की है, जो किसानों की कोई चिंता नहीं करती है। अगर किसानों को अपना भविष्य सुरक्षित रखना है तो आंदोलन करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि पंजाब से दिल्ली जा रहे किसानों को रोकने में सरकार जितनी ताकत लगा रही है, वह ठीक नहीं है।



**समर्थन**

8 सीमा पर नहीं तो आंदोलन के दौरान किसानों की मांगों के लिए सीने पर गोली खाएंगे, लेकिन पीछे नहीं हटेंगे

## ..नहीं सुने तो हम भी पंजाब के किसानों की तरह हो जाएंगे..

**टीम एक्शन इंडिया/ग्रेटर नोएडा**
**दिल्ली-एनसीआर** किसान आंदोलन से कराह रही है। नोएडा-ग्रेटर नोएडा के किसान संगठनों ने भी प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार के खिलाफ हल्ला बोल दिया है। भारी संख्या में किसान गौतमबुद्ध नगर जिले में जगह-जगह काफी समय से धरने पर बैठे हुए है। यहां के किसान अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। धरने में भारी संख्या में महिलाएं, पुरुष, युवा और बुजुर्ग शामिल हैं। धरनारत किसानों का कहना है कि इस बार लड़ाई आरपार की है।

अपना हक सरकार से लेकर रहेंगे। जीत कर ही दम लेंगे। किसान सभा के दिन-रात के धरने के 17वें दिन किसानों ने जबरदस्त धरना-प्रदर्शन किया। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर अखिल भारतीय किसान सभा डटी हुई है।

## बसपा के लिए इंडिया के दरवाजे 'खुले' हैं

**टीम एक्शन इंडिया/प्रयागराज**
**उत्तर प्रदेश** में कांग्रेस की कोशिश तमाम विपक्षी दलों को एक छतरी के नीचे लाने की हो रही है। कांग्रेस के उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने रविवार को कहा कि बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के लिए विपक्षी गठबंधन इंडिया के दरवाजे खुले हैं। अब मायावती को तय करना है कि वह आगामी लोकसभा चुनाव भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ एकजुट होकर लड़ना चाहती हैं या अकेले अपने दम पर। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' खुले दिल से चाहता है कि बसपा भी इस गठबंधन का हिस्सा बने, लेकिन मायावती पहले ही घोषणा कर चुकी हैं कि वह लोकसभा चुनाव अकेले लड़ेंगी। राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माने जाने वाले राज्य उत्तर प्रदेश में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान अविनाश पांडे ने कहा कि कांग्रेस 'पूरे दिल से' समाजवादी पार्टी का समर्थन कर रही है।



**बेरोजगारी** यूपी सिपाही भर्ती की फोटो शेयर कर राहुल ने बीजेपी पर साधा निशाना

## 'डबल इंजन सरकार मतलब बेरोजगारों पर डबल मार...

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश में बेरोजगारी के मुद्दे को लेकर भारतीय जनता पार्टी पर रविवार को निशाना साधा। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार का मतलब बेरोजगारों पर दोहरी मार है। राहुल ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक पोस्ट में दावा किया कि आज बेरोजगारी की बीमारी से उत्तर प्रदेश का हर तीसरा युवा ग्रसित है। जहां डेढ़ लाख से अधिक सरकारी पद खाली हैं, वहां न्यूनतम योग्यता वाले पदों के लिए भी ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट और पीएचडी धारक लाइन लगा कर खड़े हैं। डबल इंजन सरकार का मतलब बेरोजगारों पर 'डबल मार' है। राहुल ने कहा कि पहले तो भर्ती निकलना एक सपना है, भर्ती निकले तो पेपर लीक, पेपर हुआ तो नतीजे का पता नहीं और लंबे इंतजार के बाद रिजल्ट आने पर भी अक्सर भर्ती के लिये अदालत का चक्कर। सेना से लेकर रेलवे और शिक्षा से लेकर पुलिस तक की भर्तियों का सालों-साल इंतजार कर लाखों छात्र 'ओवरएज' (अर्हता उम्र पार) हो चुके हैं। निराशा के इस चक्रव्यूह में फंसा छात्र अवसाद का शिकार होकर टूट रहा है।



**साधा निशाना**

8 पोस्ट में दावा किया कि आज बेरोजगारी की बीमारी से उत्तर प्रदेश का हर तीसरा युवा ग्रसित है

**'कांग्रेस युवाओं की तपस्या को व्यर्थ नहीं जाने देगी':** कांग्रेस नेता ने दावा किया कि इन सब से व्यथित होकर जब वह अपनी मांगें लेकर सड़क पर निकले तो मिलती हैं उसे पुलिस की लाठियां।



# 20 को चेतना संस्था के रजत जयंती समारोह में प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल होंगे मुख्य अतिथि

## चेतना संस्था 22 फ रवरी को पंजगाई में आयोजित करेगी कैंसर शिविर

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

**जिले के विजयपुर** में स्थित चेतना संस्था 20 फरवरी को वार्षिक उत्सव मनाएगी। गौरतलब है कि चेतना संस्था के इस दिन 25 वर्ष पूरे हो रहे है। इसी के चलते चेतना संस्था अपनी रजत जयंती समारोह भी मना रही है। इस समारोह में प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेगें। जानकारी देते हुए चेतना संस्था की संस्थापिका व विशेष ओलंपिक भारत की राष्ट्रीय अध्यक्षा डॉ. मल्लिका नड्डा ने चेतना संस्था ने इस दिन सभी को आमंत्रित किया है। उन्होंने बताया कि चेतना संस्था के पिछले 25




वर्षों के लगातार प्रयासों ने दिव्यांग बच्चों को उचित प्रोत्साहन और एक उपयुक्त वातावरण तैयार किया है ताकि वे किसी से पीछे नहीं रहें। उन्होंने बताया कि चेतना संस्था ने रजत जयंती के उपलक्ष्य पर मानसिक दिव्यांग बच्चों की राज्य स्तरीय क्विज ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन भी करवाया जो हिमाचल प्रदेश के इतिहास में पहली बार हुआ है। स्वयं सेवी संस्था चेतना के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में विभिन्न प्रकार के आयोजन बिलासपुर में किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में चेतना संस्था स्वास्थ्य जागरूकता की दृष्टी से 22 फरवरी को पंजगाई में निशुल्क कैंसर जांच शिविर का आयोजन कर रही है।

इस शिविर में उन्होंने विशेष तौर पर महिलाओं से हेल्थ चेकउप करवाने के लिए अपील की है। शिविर में मुख्य तौर पर शुगर और रक्तचाप परीक्षण, पुरुषों में प्रोस्टेट कैंसर के लिए परीक्षण, महिलाओं व पुरुषों के मुंह तथा रक्त कैंसर की जांच, मैमोग्राफी महिला स्तन कैंसर की जांच तथा आंखों का चेकअप भी किया जाएगा।

# सुक्खू के बजट से कांग्रेस की गारंटी गायब : प्रताप रावत

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

**भाजपा के जिला** सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने मीडिया को जारी बयान करते हुए बताया कि पिछले कल मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अपना दूसरा बजट प्रस्तुत किया लेकिन बजट से कांग्रेस पार्टी की गारंटीया गायब हो गई है जिससे प्रदेश की जनता को निराशा हाथ लगी है रावत ने बताया कि प्रदेश में सबसे बड़ा मुंदा बेरोजगारी है और बेरोजगारी को दूर करने के लिए कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने विधानसभा चुनाव के दौरान अपने चुनावी घोषणा पत्र में कहा था कि यदि प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनती है तो हम प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को हर वर्ष एक लाख सरकारी नौकरियां देंगे लेकिन सरकार को बनते हुए एक वर्ष से अधिक समय हो गया है लेकिन अभी तक प्रदेश के किसी भी बेरोजगार को सरकारी नौकरी



नहीं मिली है

जिससे प्रदेश के युवा अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं रावत ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से मिड डे मील वर्कर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आशा वर्कर सिलाई अध्यापिका मल्टी टास्क वर्कर के अतिरिक्त सभी मंझौले कर्मचारियों को सरकार से इस बजट में अपने वेतन बढ़ोतरी की बहुत ज्यादा उम्मीदें थी लेकिन इन सभी मझौले कर्मचारियों को बजट से निराशा हाथ लगी है रावत ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने अपने मुख्यमंत्री कार्यकाल के दौरान अपने बजट में मजदूरों की दिहाड़ी 50 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से बडाई थी महीने के 15 सो रुपए इसी प्रकार मिड डे मील वर्कर के 9 सो रुपए आशा वर्कर 9 सो रुपए सिलाई अध्यापिका 9 सो रुपए जबकि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अपने इस बजट में मझौले कर्मचारियों के वेतन में केवल मात्र 5 सो रुपए की बढ़ोतरी की है

# मोदी की गारंटी के बल पर देश के 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से निकला : बिहारी



**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**भारतीय जनता** पार्टी के महामंत्री बिहारी लाल शर्मा ने अपना बयान देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के राष्टीय अधिवेशन के आज दूसरे दिन में विशेष रूप से इस अधिवेशन का उद्घाटन देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया और इस अधिवेशन के उद्घाटन अवसर पर राष्टीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने अपने अध्यक्षीय भाषण में पिछले 10 वर्षों में जिस प्रकार से भारत दुनिया का सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र बनने की और आगे बढ़ रहा है और देश में हुई प्रगति उन सभी बातों का उल्लेख जगत प्रकाश नड्डा ने अपने अध्यक्षीय भाषण में किया। हिमाचल प्रदेश भाजपा महामंत्री बिहारी लाल शर्मा ने कहा कि विशेष रूप से इस राष्ट्रीय अधिवेशन में दो प्रस्ताव आए हैं विशेष रूप से देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने और देश के गृह मंत्री अमित शाह ने राजनीतिक परीस्थिति पर प्रस्ताव रखा और राजनाथ सिंह ने विकसित भारत और प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी की गारंटी इस सभी विषय पर प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा की विषेश रूप से इन दोनों प्रस्तावों में अपने देश को दुनिया का सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी का और विशेष रूप से यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है और उस सपने को साकार करने के लिए देशभर से आए हुए कार्यकताओं को आवाहन भी किया और प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी ने आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव में किस प्रकार से तीसरी बार फिर से भारतीय जनता पार्टी की सरकार को इस देश में स्थापित करना है इस प्रकार का मंत्र सभी कार्यकताओं को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिया।

# 'चेतना संस्था ने दिव्यांग बच्चों उचित प्रोत्साहन व एक उपयुक्त वातावरण किया तैयार'

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

**दिव्यांगों ने दुनिया को** दिखा दिया है कि उनकी दिव्यांगता उनके सपनों को साकार करने की सीमा नहीं है। इन बच्चों को इस तरह के मंच पर उनकी सोच, उनकी शैक्षणिक क्षमता को दशार्ने का मौका मिलता है। इसके लिए चेतना संस्था ने उन्हें उचित प्रोत्साहन और एक उपयुक्त वातावरण तैयार किया है ताकि वे किसी से पीछे नहीं रहें। यह बात चेतना संस्था की संस्थापिका व विशेष ओलंपिक भारत की राष्ट्रीय अध्यक्षा डॉ. मल्लिका नड्डा ने राज्य स्तरीय क्विज ज्ञान प्रतियोगिता के अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि चेतना संस्था के रजत जयंती के उपलक्ष्य पर हिमाचल प्रदेश के इतिहास



में पहली बार मानसिक दिव्यांग बच्चों की राज्य स्तरीय क्विज ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया है। शनिवार को बिलासपुर के किसान भवन में आयोजित हुई इस प्रतियोगिता में भाग लेने प्रदेश के 8 जिलों के 46 प्रतिभागी बिलासपुर पहुंचे। इस प्रतियोगिता में कांगड़ा जिला के हारमोनी डे केयर सेंटर ने प्रथमए सोलन जिला के रोशनी स्पेशल स्कूल ने द्वितीय व बिलासपुर जिला के जीएसएससी कंदरौर व देलग ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में दिव्यांग बच्चों में मंडी जिले से साकार स्पेशल स्कूल से सूरज चौहान एवं ईशान ने भाग लिया। बिलासपुर जिले से कंदरौर एवं देलग से कृष व कार्तिक ने भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन दिया। कांगड़ा जिले की ओर से हारमोनी डे केयर सेंटर से सिया और दिया रहे। कुल्लू जिले से नवचेतना स्पेशल स्कूल से मंगल चंद एवं देशराज ने भाग लिया वहीं सिरमौर जिले से आस्था स्पेशल स्कूल से पायल पोसवाल, नेहा शर्मा की जोड़ी अपना टेलेंट दिखाया।

सोलन जिले से रोशनी स्पेशल स्कूल से ईषना गुप्त, ज्योतिका ने भी खूब तालियां बटोरी। इस दौरान बंगलुरु में स्थित सेवा इन एक्शन संस्था की अध्यक्षा रुमा बेनर्जी ने भी अपने संबोधन में दिव्यांग बच्चों के व्यक्तित्व विकास के संबंध में विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा इन बच्चों को हमारी सहानुभूति की आवश्यकता नहीं है बल्कि वे अपनी पूरी क्षमता विकसित करने के लिए हर अवसर के हकदार है। वहीं प्रतियोगिता का संचालन क्विज मास्टर देश की मशहूर फोर एज क्विजगयान संस्था के निदेशक हिमादरी बेनर्जी ने बखूभी से निभाया।

# देश का बजट दर्शाता है मुख्यमंत्री की दूरगामी सोच : जितेंद्र ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

**गत वर्ष आई आई** प्राकृतिक आपदा के कारण हुई प्रदेश को को भारी के बावजूद मुख्यमंत्री सुक्खू ने जनहित में जो बजट पेश किया है वह उनकी दुर्गा में सोच को दशार्ता है। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव जितेंद्र ठाकुर ने कहा है की प्रदेश के सीमित संसाधनों के संसाधनों के बावजूद भी मुख्यमंत्री ने गरीबों युवाओं



महिलाओं एवं किसान बागवान सहित हर वर्ग का ख्याल रखा है। मुख्यमंत्री लोगों को राहत देते हुए गाय और भैंस के दूध के मूल्य में ऐतिहासिक वृद्धि की है। उन्होंने कहा कि मनरेगा कामगारों मजदूरी 240 से रू 300 कर दी है। दिव्यांग, एकल और जिन्होंने काम के 100 दिन पूरे कर लिए हो उन्हें मकान बनाने के लिए तीन लाख रुपए की राशि देने की घोषणा की है। इसके अतिरिक्त बजट में विभिन्न योजना परियोजना दूरदर्शी सोच के तहत बनाए गए प्रोजेक्ट का जिक्र किया गया है।

# एवीएन स्कूल में हुआ मेधावी छात्रों का सम्मान

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

**आदर्श विद्या निकेतन** सीनियर सेकेंडरी स्कूल नाहन में आज वर्तमान सत्र में पाठ्य सहगामी क्रियाओं में अव्वल रहने वाले विद्यार्थियों को विभिन्न वर्गों में आकर्षक पुरस्कार बांटे गये। विद्यालय के संस्थापक प्रधानाचार्य के के चन्दोला के अनुसार आज विद्यालय में होनहार विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। उनके अनुसार विभिन्न वर्गों जैसे अंतर सदन प्रतियोगिताओं, कॉस कंट्री, एथलेटिक्स स्पधाओं, चित्रकला प्रतियोगिता, भाषण, वाद विवाद, रंगोली, एकल एवं सामूहिक नृत्य



प्रतियोगिता, विभिन्न रेसिंग स्पधाओं के साथ-साथ, हिन्दी और अंग्रेजी सुलेख, नारा लेखन प्रतियोगिताओं और पूरे सत्र में चलने वाली विभिन्न स्पधाओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किये गये।

प्रधानाचार्य ने सभी विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना भी की। इस अवसर पर लगभग 300 विद्यार्थियों को पुरस्कार दिये गये।

# स्टार्टअप पर मंडी के करण सिंह ने दिया बागवानी के छात्रों को ज्ञान

**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

**हिमाचल प्रदेश** के सोलन स्थित यशवंत सिंह परमार बागवानी नौणी यूनिवर्सिटी नौणी तथा आईसीएआर यूनिवर्सिटी हैदराबाद के द्वारा एग्री स्टार्टअप स्टेकहोल्डर्स कनेक्ट प्रोग्राम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के अध्यनरत छात्रों के लिए स्टार्टअप के बारे में था। इस कार्यक्रम में भारतीय गौवंश के गोबर पर आधारित उत्पाद तैयार कर स्टार्टअप शुरू करने वाले करण सिंह को बतौर स्रोत व्यक्ति आमंत्रित किया गया था। जिला मंडी के सदर विधानसभा क्षेत्र के



चलोह निवासी करण सिंह पिछले कुछ वर्षों से भारतीय गौवंश के गोबर पर आधारित विभिन्न उत्पाद तैयार कर स्टार्टअप शुरू कर रखा है। अपने स्टार्टअप के जरिए उन्होंने बेरोजगारों को स्टार्टअप शुरू करने और सरकारी नौकरी के पीछे ना भाग कर बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने के फामूर्ले बताएं। करण सिंह इसके अलावा महा विश्वविद्यालय में अपने शोध के बखान कर चुके हैं। गोवंश के गोबर पर जो उन्होंने उत्पाद तैयार किए हैं उससे युवाओं को नए रोजगार के अवसर प्रदान करने के विकल्प भी सामने लाए हैं। करण ने विश्वविद्यालय में अध्यनरत छात्रों को स्टार्टअप शुरू कर सुनहरा भविष्य बनाने के टिप्स दिए। जिला मंडी के लिए यह गर्व की बात है कि करण ने जो कार्य शुरू कर रखा है उसे युवाओं को रोजगार मिल रहा है।

करण सिंह ने बताया कि एशिया की सबसे बड़ी बाईएस परमार यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. राजेश्वर सिंह चंदेल और आईसीएआर के डारेक्टर आईसीएआर इंडिया की सबसे बड़ी यूनिवर्सिटी इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मंडी के कर्ण सिंह को जो प्रदेश के पहले ऐसे स्टार्टअप है जो देशी गौ वंस के गोबर से अनेक प्रकार के उत्पाद बनाते है और रोजगार और स्टार्टअप को कैसे किया जाता है और क्या क्या फेस करना पड़ता है, कैसे इक नया आइडिया को इक अच्छे बिज?स के बदला जाता है, उसके बारे के स्पेशल लेक्चर के लिए बुलाया गया था। ये सेसन उन सभी छात्रों के साथ साझा किया गया जो स्टार्टअप के क्षेत्र मे आगे बढ?ा चाहते है।

# मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/ चम्बा/ हामिद**

**जिला निर्वाचन** अधिकारी एवं उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल के दिशा-निदेर्शों अनुसार जिला चंबा के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के उच्च शिक्षण संस्थानों में मतदाता साक्षरता क्लब के तत्वाधान में विभिन्न प्रकार की मतदाता जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। तहसीलदार निर्वाचन अनूप डोगरा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक माह के तीसरे शनिवार को शिक्षण-संस्थानों में ईएलसी के द्वारा विभिन्न जागरूक गतिविधियों का आयोजन



किया जाएगा। इसी कड़ी में राजकीय महाविद्यालय भरमौर में ईएलसीएस्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागरूक किया। राष्ट्रीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चंबा व भरमौर में पोस्टर नारा लेखन प्रतियोगिता करवाई गई व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सरोल में भाषण प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।

# स्वीप कार्यक्रम के तहत जासन में क्रिकेट मैच का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/गोहर/सुभाग सचदेवा**

**स्वीप कार्यक्रम** के तहत निर्वाचन विभाग गोहर के सौजन्य से आगामी लोकसभा चुनावों के जन जागरूकता के उद्देश्य के मद्देनजर आज एसडीएम इलैवन और एजुकेशन इलैवन के बीच जासन एक फ्रें डली क्रिकेट मैच खेला गया। एसडीएम इलैवन की तरफ से एसडीएम लक्ष्मण सिंह कनेट और उपमंडल कार्यालय के अधिकारियों ने भाग लिया और एजुकेशन इलैवन से टीचर एलेक्कर एप्रोफेसर ने भाग लिया। एजुकेशन इलैवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 182 रन बनाकर एसडीएम इलैवन के लिए 183 का लक्ष्य रखा। एस डी एम इलेवन बाद में बलेबाजी



करते हुए मात्र 122 रन ही बना पाई और पूरी टीम आल आउट हो गई। एजुकेशन इलैवन ने यह मैच 60 रनों से मैच विजेता रही। निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी व एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट ने इस बारे में जानकारी देते हुए कहा कि इन खेल प्रतियोगिता का आयोजन का मुख्य उद्देश्य मतदाताओं आने वाले आगामी लोकसभा चुनाव की जागरूकता के उद्देश्य से और मतदाताओं को उनके मताधिकार के बारे में जागरूक करना है।

# सीएम सुक्खू ने पेश किया ऐतिहासिक बजट, सभी सेक्टर को किया संतुष्ट

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**प्रदेश कांग्रेस कमेटी** के प्रवक्ता सौरव चौहान ने कहा कि सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू सत्ता सुख के लिए बल्कि व्यवस्था परिवर्तन के लिए आए हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल के लोकप्रिय मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने वित्त वर्ष 2024-25 के बजट राज्य के सभी सेक्टर को संतुष्ट किया। एक साधारण व्यक्तित्व की पहचान को बरकरार रखते हुए सीएम सुक्खू लगातार दूसरे बजट के लिए अपनी पुरानी ऑल्टो कार को खुद ही चला कर विधानसभा पहुंचे। अपने कार्यकाल के दूसरे बजट में उन्होंने सरकारी मुलाजिम, मनरेगा के मजदूर, किसान एवं बागवान, युवा एवं बेरोजगार, महिला एवं गरीब परिवार, उद्योग जगत, खेल-खिलाड़ी समेत सभी वर्गों को तोहफ ा देने में कोई कमी नहीं छोड़ी। यहां तक कि जनता द्वारा चुने हुए प्रतिनिधियों के साथ.साथ कानून की रक्षा करने वाले पुलिस कर्मियों को भी मालामाल कर दिया। विभिन्न वर्गों के लिए कई ऐलान किए गए। सीएम सुक्खू ने पिछली बार हिमाचल का ग्रीन बजट पेश कियाए तो इस बार आत्मनिर्भरता से पहाड़ के विकास के नए दौर का इबारत लिखी। हिमाचल की आर्थित हालात ठीक नहीं होने पर भी सुख की सरकार ने कुल



मिलाकर राज्य के हरेक क्षेत्र और सभी वर्गों का ख्याल रखा। वित्त वर्ष 2024.25 में रोजगार के द्वार खुलेंगे और हिमाचल में विकास की रफ्तार और तेज होगी। सेब उत्पादक राज्य हिमाचल के बागवान पिछले कई वर्षों से यूनिवर्सल कार्टन की मांग उठा रहे थे तो सीएम सुक्खू ने उसे पूरी कर दी। ऐसे में इस बार के सेब सीजन में यूनिवर्सल कार्टन में ही सेब बिकेंगे। सीएम सुक्खू ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 58444 करोड़ रुपए का बजट प्रस्तावित किया। सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लीव एनकैशमेंट और ग्रेच्युटी से संबंधित बकाया का भुगतान 1 मार्च 2024 से चरणबद्ध तरीके से शुरू करने का तोहफ ा दिया। पहली अप्रैल 2024 से चार प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ते की किस्त जारी की जाएगी। जिसका सभी कर्मचारियों को इंतजार था। दिहाड़ीदारों को 25 रुपये बढ़ोतरी के साथ 400 रुपये प्रतिदिन दिहाड़ी मिलेगी। आउटसोर्स कर्मियों को अब न्यूनतम 12,000 रुपये प्रतिमाह मिलेंगे। पंचायत वैटनरी असिसटेंट को मिलने वाले 7000 रुपये प्रतिमाह को बढ़ाकर 7500 किया जाएगा। आंगनबाड़ी कार्यकताओं, आउटसोर्स कर्मी, पंचायत चौकीदार, राजस्व चौकीदार, राजस्व लंबरदार समेत एसएमसी अध्यापकों के मानदेय में बढ़ोतरी कर इन्हें तोहफा दिया। सीएम सुक्खू ने विधायक ऐच्छिक निधि बढ़ाई, जिससे स्थानीय क्षेत्रों में विकास की रफ्तार और तेज होगी।

# जल्द पेश होगा दिल्ली का बजट

## केंद्रीय गृह मंत्रालय से मिली मंजूरी, सूत्र बताते हैं कि विधानसभा में भी अब यह बजट इसी सप्ताह पेश कर दिया जाएगा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** विधानसभा का बजट सत्र भले ही मार्च के पहले सप्ताह तक बढ़ा दिया गया हो, लेकिन दिल्ली सरकार के बजट को राजनिवास के बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय से भी स्वीकृति मिल गई है। सूत्र बताते हैं कि विधानसभा में भी अब यह बजट इसी सप्ताह पेश कर दिया जाएगा। जबकि सत्र मार्च माह के पहले ही दिन स्थगित किया जा सकता है। गौरतलब है कि 15 फरवरी से बजट सत्र शुरू करने की सूचना दिल्ली सरकार की ओर से जनवरी के आखिरी सप्ताह में ही साझा कर दी गई थी। लेकिन बजट पेश करने की तारीख पर संशय बरकरार था। पहले इसके लिए 16 फरवरी का दिन बताया जा रहा था तो फिर 19 फरवरी की सूचना आने लगी।

इस बीच वित्त मंत्री ने बजट सत्र के पहले ही दिन यानी 15 फरवरी को सदन में वक्तव्य देते हुए स्थिति स्पष्ट की कि बजट को एलजी से तो स्वीकृति मिल गई है, लेकिन अभी केंद्रीय गृह मंत्रालय से स्वीकृति मिलना शेष है। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र से स्वीकृति मिलने में आठ दस दिन लग सकते हैं, ऐसे में 25 फरवरी से पहले बजट पेश नहीं हो पाएगा। उन्होंने बजट सत्र मार्च के पहले सप्ताह तक बढ़ाने का सुझाव भी दिया। विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल ने वित्त मंत्री के सुझाव को स्वीकार कर लिया। इस दौरान वित्त मंत्री सहित सीएम अरविंद केजरीवाल ने भी माना था कि बजट में देरी के लिए सरकार की ही गलती रही है।

**गृह मंत्रालय से भेजा गया बजट:** अब इस संदर्भ में ताजा जानकारी यह है कि दिल्ली सरकार द्वारा 13 फरवरी को भेजे गए बजट प्रस्ताव पर एलजी वीके सक्सेना को 14 तारीख को स्वीकृति दे दी थी। इसके बाद 15 फरवरी को केंद्रीय गृह मंत्रालय को भेजे गए बजट प्रस्ताव पर भी दो ही दिन में स्वीकृति की मुहर लग गई है। राजनिवास के सूत्रों ने इसकी पुष्टि भी की है। सूत्र बताते हैं कि गृह मंत्रालय से बजट दिल्ली सरकार के पास वापस भी भेज दिया गया है। दूसरी तरफ विश्वस्त सूत्र बताते हैं कि सदन में अब यह बजट 22 या 23 फरवरी यानी बृहस्पतिवार या शुक्रवार को पेश किया जा सकता है।



**बजट की तैयारी**

**8 सरकार द्वारा 13 फरवरी को भेजे गए बजट प्रस्ताव पर एलजी वीके सक्सेना को 14 तारीख को स्वीकृति दे दी थी**

### हेमंत सोरेन की पत्नी और केजरीवाल के बीच फोन पर हुई बातचीत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**झारखंड के** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने रविवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने फोन पर बातचीत की है। इस बारे में उन्होंने सोशल साइटस एक्स पर बताया है। वहीं, अरविंद केजरीवाल ने कहा कि वह हेमंत सोरेन के साथ खड़े हैं। कल्पना सोरेन ने एक्स पर पोस्ट किया, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद से फोन पर बातचीत हुई। अरविंद केजरीवाल का धन्यवाद कि इस घड़ी में वह झारखण्डी योद्धा हेमंत सोरेन और झामुमो (झारखंड मुक्ति मोर्चा) परिवार के साथ हैं। केंद्र सरकार और बीजेपी का षड्यंत्र आज पूरा देश देख रहा है। झारखंड के साथ-साथ दिल्ली एवं अन्य गैर-भाजपा शासित राज्यों में कैसे लोकतंत्र को तार-तार किया जा रहा है, यह देख हर कोई क्षुब्ध है। केंद्र सरकार और बीजेपी के इस षड्यंत्र का हमें मिलकर मुकाबला करना है। वहीं, अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर पोस्ट किया, कल्पना जी, हम झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ पूरी तरह खड़े हैं।

# प्याज-टमाटर के बाद मुंह चिढ़ा रहा लहसुन

## राष्ट्रीय राजधानी में खुदरा बाजार में यह 500 रुपये के भी पार चला गया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**प्याज** व टमाटर के बाद अब लहसुन मुंह चिढ़ा रहा है। राष्ट्रीय राजधानी में खुदरा बाजार में यह 500 रुपये के भी पार चला गया है। इसके कुछ दिन इसी दर के आसपास बने रहने की आशंका है। आजादपुर मंडी के आढ़तियों के अनुसार मार्च के आरंभ तक मंडियों में नई फसल आनी आरंभ हो जाएगी, उसके बाद दाम में गिरावट आएगी। दिल्ली में गुजरात, मध्य प्रदेश व गुजरात से मुख्य तौर से लहसुन आती है, इसी तरह पंजाब, उत्तर प्रदेश व कश्मीर की लहसुन का भी कुछ हिस्सा होता है। पिछले कुछ माह से लहसुन की मांग और आपूर्ति में अंतर बनी हुई है। इसके चलते दाम में तेजी है। शनिवार को थोक मंडी में 220 से 250 रुपये है तो खुदरा बाजार में यह 500 रुपये में बिका। जबकि हिमाचल की अच्छी गुणवत्ता वाली लहसुन की कीमत 600 रुपये किलो तक में है।

**रेस्तरां संचालकों ने की लहसुन के उपयोग में कटौती: लहसुन के दाम में इस तेजी के चलते** गृहणियों के साथ ही रेस्तरां संचालकों ने भी लहसुन के उपयोग में कटौती की है। दरियागंज स्थित जायका रेस्तरां के संचालक दानिश इकबाल के अनुसार मुगलई व्यंजनों में लहसुन की प्रमुखता है। उनके रेस्तरां में दो से तीन किलो लहसुन की खपत है। इस प्रकार रेस्तरां खर्च पर प्रतिदिन एक हजार रुपये का बोझ बढ़ गया है। एक गृहणी वंदना ने कहा कि, वह लहसुन काफी किफायत से ला रही हैं और उसका उपयोग कर रही हैं।

**इन राज्यों में दो बार होती है लहसुर की फसल:** आढ़तियों के अनुसार मध्य प्रदेश, राजस्थान और गुजरात जैसे राज्यों में लहसुर की फसल दो बार होती है। खरीफ की फसल को जून-जुलाई में लगाया जाता है और अक्टूबर-नवंबर में काटा जाता है। जबकि रबी की बुआई सितंबर-नवंबर में की जाती है और कटाई फरवरी-मार्च में की जाती है। इस साल मानसून देर से आने के कारण खरीफ का चक्र गड़बड़ है, जिसके कारण उत्पादन भी कम है। आजादपुर मंडी के आढ़ती चिराग गुप्ता ने बताया कि यह उपज आने का समय है। इसलिए बाजार में इसकी किल्लत है। कुछ किसान आंदोलन का भी असर है, जो इसके साथ कुछ सब्जियों को महंगा किए हुए हैं। जब मार्च में फसले आने लगेंगी तो दाम में गिरावट की उम्मीद है। पिछले वर्ष इसी तरह प्याज और टमाटर ने भी दिल्ली वालों को परेशान किया था। जिसके कारण सरकारी एजेंसियों को सस्ते प्याज और टमाटर की बिक्री के मोर्चे पर उतरना पड़ा था।



**महंगाई**

**8 आजादपुर मंडी के आढ़तियों के अनुसार मार्च के आरंभ तक मंडियों में नई फसल आनी आरंभ हो जाएगी**

# कपड़े, जुराब व हाथों में पहने कड़ों से की अपनों की पहचान



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**अलीपुर पेंट फैक्ट्री** में लगी भीषण आग में मरने वालों के अपनों ने शवगृह में रखे शवों को कपड़े, जुराब, जूते व हाथों में पहने कड़े व चूड़ियों से पहचान की। एक महिला समेत आठ मृतकों की पहचान शुक्रवार देर शाम तक हो गई थी। जबकि तीन लोगों की पहचान शनिवार को हुई। सभी के शव पोस्टमार्टम के बाद स्वजन को सौंप दिए गए।

**पैंट देख जीजा ने पंकज को पहचाना:** पंकज के जीजा शुभदेस ने बताया कि जहांगीरपुरी स्थित बाबू जगजीवन राम अस्पताल में शुक्रवार की सुबह 6 बजे से ही साले की शिनाख्त के लिए पहुंचे। कई घंटे तक यहां घूमते रहे, लेकिन इस केस के जांच अधिकारी के नहीं आने पर देरी होती चली गई।

शाम करीब चार बजे शव शिनाख्त के लिए शवगृह में पहुंचे। जहां पंकज के शव को पैंट देखकर पहचाना। शाम साढे पांच बजे शव हमें मिला।

**जुराब से हुई फैक्ट्री मालिक की शिनाख्त:** इस हादसे में जान गंवाने वाले फैक्ट्री मालिक अशोक कुमार की पहचान उनके जुराब से हुई। इनकी बहू शुक्रवार की शाम शवगृह पहुंची। जहां इनका जुराब देख, शव की शिनाख्त की। देर शाम तक पोस्टमार्टम के बाद इनके शव को भी पुलिस ने स्वजन को सौंप दिया।

**स्टाल देख बेटी को पहचान रोने लगी मां:** इस हादसे में जान गंवाने वाली महिला मीरा की मां कांति देवी ने बेटी के गले में लिपटे स्टाल, चूड़ियां व जूते देख शिनाख्त करते ही शवगृह के बाहर आकर रोने लगी।

# उप्र पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा सम्पन्न, पकड़े गए 204 मुन्नाभाई

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

उत्तर प्रदेश पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा कड़ी निगरानी के साथ रविवार को समाप्त हो गई। योगी सरकार के कड़े निर्देश को देखते हुए परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पुलिस महकमें ने अपनी पूरी ताकत लगा दी। एसटीएफ एवं क्राइम ब्रांच की टीमों की सक्रियता के चलते नकल माफिया एवं सॉल्वर गैंग के सदस्यों तथा जालसाजों की एक नहीं चलने पायी और पुलिस के हत्थे चढ़ गए। कहीं शिक्षक तो कहीं पुलिस कर्मी सहित प्रदेश के विभिन्न जनपदों से कुल 204 मुन्नाभाई पकड़े गए। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए 75 जिलों में कुल 2385 परीक्षा केंद्र बने थे। नकलविहीन परीक्षा कराने के लिए उप्र एसटीएफ, क्राइम ब्रांच की टीमें सादे कपड़ो में सक्रियता से नकल माफियाओं के मनसूबे पर पानी फेरने के लिए लगातार जुटी रही है। परीक्षा के दूसरे व अन्तिम दिन की पहली पाली में 82 लोग पकड़े गए और दूसरी पाली में 36 लोगों को गिरफ्तार किया गया। जबकि रविवार को 96 जालसाज एवं सॉल्वर गैंग के सदस्य पकड़े गए थे। कानपुर,प्रयागराज,बलिया में एक सरकारी शिक्षक संतंत्र यादव पकड़ा गया। फिरोजाबाद में दो पुलिस कर्मी समेत पांच लोग पकड़े गये। बदांयू में शिक्षक समेत तीन लोग पकड़े गए। इस तरह उप्र पुलिस भर्ती परीक्षा के दौरान कुल 204 मुन्नाभाई धरे गए।

**वापसी के लिए बस व रेलवे स्टेशनों पर अभ्यार्थियों की भीड़:** उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी की परीक्षा रविवार को सकुशल सम्पन्न हो गई। परीक्षा देकर छूटे अभ्यार्थियों का रूख सीधा बस व रेलवे स्टेशन की ओर हो गया और प्रदेश के सभी जनपदों में यही स्थिति रही। इस दौरान सभी जिलों के रोडेवेज के अधिकारी सक्रिय रहे और बसों को रवाना करने में लगे रहे। ट्रेनों में भीढ़ ठसाठस भरी रही।



# पांच विभूतियों को हिमोत्कर्ष राष्ट्रीय एकात्मकता पुरस्कार

## हिमोत्कर्ष साहित्य, संस्कृति एवं जनकल्याण परिषद का 50 वां राज्य स्तरीय वार्षिक अधिवेशन रविवार को राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटला खुर्द परिसर में आयोजित हुआ

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

**हिमोत्कर्ष** साहित्य, संस्कृति एवं जनकल्याण परिषद का 50 वां राज्य स्तरीय वार्षिक अधिवेशन रविवार को राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटला खुर्द परिसर में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में अतिरिक्त प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव एवं प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के चेयरमैन ओंकार चंद शर्मा मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित हुए। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता बाबा फरीद मेडिकल साइंस विवि के पूर्व कुलपति डा. राज बहादुर ने की। ऊना सदर विस क्षेत्र से पूर्व विधायक सतपाल रायजादा विशिष्टातिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में उत्तर भारत की पांच विभूतियों को हिमोत्कर्ष राष्ट्रीय एकात्मकता व तीन विभूतियों को हिमोत्कर्ष हिमाचल श्री पुरस्कार से सम्मानित किया। जबकि डलहौजी शाखा



द्वारा दो विभूतियों को चंबा श्री पुरस्कारों से अलंकृत किया गया। समारोह में स्व. आयशा पटियाल स्मारक हिमोत्कर्ष छात्रवृति के अंतर्गत प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला से बीएससी माईक्रोबायोलोजी की टापर कविता को 25 हजार रूपए छात्रवृति, स्वर्ण पदक व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके अलावा लाला जगत नारायण हिमोत्कर्ष राजकीय कन्या महाविद्यालय की तीन छात्राओं को 16,893 रूपए व 6 कॉलेज छात्राओं को स्वर्गीय शांति देवी शर्मा स्मारक हिमोत्कर्ष छात्रवृति के तहत 9 हजार रुपए की आर्थिक मदद प्रदान की गई।

**सम्मानित**

**8 मेधावी छात्रवृति के अंतर्गत एक-एक हजार नगद छात्रवृतिए प्रशस्ति पत्र व स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया गया**

जिला ऊना से प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की दसवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा में प्रथम 20 स्थानों पर रहने वाले मेधावी विद्यार्थियों तथा जमा दो कक्षा के 20 विद्यार्थियों को स्व. संतोष कंवर स्मारक हिमोत्कर्ष मेधावी छात्रवृति के अंतर्गत एक-एक हजार नगद छात्रवृतिए प्रशस्ति पत्र व स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया गया। जबकि स्व. डा. एचके गोयल स्मारक हिमोत्कर्ष छात्रवृति के तहत हिमकैंप्स लॉ एवं नर्सिंग कालेज तथा मंदा नर्सिंग इंस्टीच्यूट ऊना की 10 मेधावी व जरूरतमंद छात्राओं को 2500-2500 रूपए नकद छात्रवृति प्रदान की गई। समारोह में हिमोत्कर्ष अमोदिनी महिला सशक्तिकरण प्रकल्प के तहत 55 पात्र विधवाओं को 1,23,750 रूपए का राशन प्रदान किया गया। जबकि स्व. फूला देवी व ठाकुर लाला दास स्मारक हिमोत्कर्ष प्रकल्प के तहत 11 विधवाओं को 66 हजार रूपए की नकद आर्थिक सहायता प्रदान की गई। कार्यक्रम में कुष्ठ आश्रम ऊना को 11 हजार रूपए की आर्थिक मदद उपलब्ध करवाई गई। इस अवसर पर हिमोत्कर्ष स्मारिका-2024 का भी विमोचन किया गया। कार्यक्रम को मुख्यातिथि ओंकार चंद शर्मा ने संबोधित किया तथा परिषद के जनकल्याण कार्यों की जमकर सराहना की।

**ये हुए राष्ट्रीय एकात्मकता पुरस्कार से सम्मानित**

राष्ट्रीय एकात्मकता पुरस्कारों के तहत जयपुर से प्रो. संजीव शर्मा को स्व. इंजीनियर पंडित राम शर्मा स्मारक हिमोत्कर्ष राष्ट्रीय एकात्मकता पुरस्कार, गुरूग्रां से ब्रिगेडियर जागीर सिंह कंवर को अमर शहीद कैप्टन अमोल कालिया स्मारक हिमोत्कर्ष राष्ट्रीय एकात्मकता पुरस्कार, दिव्य हिमाचल समाचार पत्र के स्थानीय संपादक संजय अवस्थी को अमर शहीद लाला जगत नारायण स्मारक हिमोत्कर्ष राष्ट्रीय एकात्मकता श्रेष्ठ पत्रकारिता पुरस्कार, द पालमपुर रोटरी आई फाऊंडेशन को स्व. डा. डीआर गर्ग स्मारक हिमोत्कर्ष राष्ट्रीय एकात्मकता उत्कृष्ट नेत्र आयुर्विज्ञान पुरस्कार तथा चंबा से एथलीट सीमा को स्व. इंजीनियर मनमोहन सिंह कुंवर एवं प्रोमिला कंवर स्मारक हिमोत्कर्ष राष्ट्रीय एकात्मकता पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर होने की झलक दिखाता है बजट : अजय शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**

**कृषि उपज मंडी** समिति हमीरपुर के चेयरमैन अजय शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा प्रस्तुत किया गया बजट हिमाचल प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने की ओर ले जाने वाला बजट है। उन्होंने कहा कि इस बजट में जहां सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है वहीं किसान वर्ग को विशेष तरजीह दी गई है जो मुख्यमंत्री की दूरदर्शी सोच को दशार्ता है। हिमाचल प्रदेश के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि दूध का समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया है। इससे पता चलता है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू किसानों की आय को बढ़ाने के लिए कितने प्रयत्नशील है। इसके अतिरिक्त कई अन्य सौगातें किसान वर्ग को बजट में दी गई है। अजय शर्मा ने कहा कि किसानों के हितों की रक्षा करने के साथ ही 70 वर्ष से अधिक बजुर्गों को मुफ्त चिकित्सा उपलब्ध करवाने का निर्णय भी उनकी बजुर्गों के प्रति लगाव को दशार्ता है।

# सीनियर वूमेन हॉकी चैंपियनशिप के लिए हिमाचल की तैयारी

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

**हॉकी इंडिया की** तरफ से महाराष्ट्र के पुणे में आयोजित की जा रही राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए हिमाचल प्रदेश द्वारा भी अपनी टीम का चयन करने की प्रक्रिया रविवार को शुरू की गई। ऊना जिला मुख्यालय के इंदिरा गांधी खेल परिसर के एस्ट्रोटर्फ हॉकी मैदान पर प्रदेश भर की करीब 51 हॉकी खिलाडि़ेयों ने टीम में जगह पाने को जमकर पसीना बहाया। इस दौरान हॉकी खिलाडि़ेयों की फिटनेस को जांचने के लिए यो-यो टेस्ट भी लिया गया। इस मौके पर हिमाचल हॉकी के



महासचिव रमेश पठानिया और मुख्य चयनकर्ता अजीत सिंह सहित हॉकी के कोच आशीष सेन भी मौजूद रहे।

टीम के मुख्य चयनकर्ता अजीत सिंह ने कहा कि 13 से 23 मार्च तक होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश की चुनौती पेश करने के लिए सशक्त टीम का चयन किया जाएगा। जिसके लिए करीब 51 हॉकी खिलाडि़ेयों के प्रतिभा को परखा गया है। उन्होंने कहा कि संभावितों का चयन करके जल्द ही एक कैंप का आयोजन किया जाएगा और कैंप के समापन पर अंतिम टीम का गठन कर महाराष्ट्र के पुणे में राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए रवाना किया जाएगा। उधर हॉकी हिमाचल के महासचिव रमेश पठानिया ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में हॉकी की खेल प्रतिभाएं शानदार प्रदर्शन कर रही हैं और उन्हीं का दोहन करते हुए हिमाचल प्रदेश की सशक्त टीमों का भी चयन किया जाता है। महिला खिलाडि़ेयों का चयन प्रक्रिया में अजीत सिंह के अलावा, आशीष सेन, पिंकी चौहान व अनिल चंदेल शामिल रहे।

# विधायक भुट्टो ने खोली में पुल व संपर्क मार्ग का किया भूमि पूजन

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

**ग्राम पंचायत** बुढवार के गांव खोली में लगभग 21 लाख रुपए की लागत से बनने वाले पुल व संपर्क मार्ग का रविवार को कुटलैहड़ विधायक देवेंद्र भुट्टो ने विधिवत भूमि पूजन किया। इस पुल के बनने से बुढवार, बल्ह, टीहरा तथा मंदली ग्राम पंचायतों की करीब दस हजार आबादी की आवाजाही आसान होगी। विधायक देवेंद्र भुट्टो ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खु के नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश सरकार अपने एक वर्ष के कार्यकाल के दौरान जन अपेक्षाओं पर खरा उतरी है तथा विकास को एक नई गति मिली है। उन्होंने कहा कि इस एक वर्ष के दौरान समूचे कुटलैहड़ विधानसभा



क्षेत्र में दलगत राजनीति से एक समान विकास करवाया जा रहा है। भुट्टो ने कहा कि 14 माह के कार्यकाल में हम ने कुटलैहड़ की तीन दर्जन लिंक सडकों का भूमि पूजन करके कार्य युद्ध स्तर पर शुरू करवाए है और कुछ सडको का लोकार्पण करके हम ने जनता को भी समर्पित किए है। भुट्टो ने कहा कि बीस वर्षों तक कुटलैहड़ में सत्ता की कुर्सी पर बैठने वाले हर मंच पर कुटलैहड़ के विकास का चालीसा रटते रहे, लेकिन कभी कुटलैहड़ विस क्षेत्र के किसी गांव में जाकर नहीं देख कि उन्हें क्या समस्या है। हमने विधायक बनने के बाद कुटलैहड़ विस क्षेत्र के हर गांव हर घर तक जाकर उनकी समस्याओं को सुना है और पुख्ता से उनके समाधान के लिए काम भी किया है। उन्होंने गांव खोली में निर्माणधीन सामुदायिक भवन के लिए 3 लाख रुपए की अतिरिक्त राशि के अलावा पुल निर्माण के लिए भी अतिरिक्त 3 लाख रुपए देने की घोषणा की।

इस अवसर पर उन्होंने आर्थिक रूप से कमजोर 11 व्यक्तियों को नकद आर्थिक मदद भी प्रदान की जिसमें प्रत्येक व्यक्ति को 3 हजार रुपए नकद दिए गए। इस अवसर पर कुटलैहड़ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य योगराज भारद्वाज तथा स्थानीय पंचायत प्रधान रणजीत सिंह, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुदर्शन शर्मा, नीरज ठाकुर सहित अन्य उपस्थित रहे।

**522 परिवारों को बांटी 69,600 के राहत राशि के चैक**

विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने कुटलैहड़ के 522 परिवारों को 69,600 रुपए के आर्थिक चैक बांटे। बंगाणा रेस्ट हाउस में 166, थानाकलां रेस्ट हाउस में 256 और बसाल रेस्ट हाउस में करीब 100 परिवारों को राहत राशि के चैक वितरण किए। इस में कुछ राज्य सरकार से आई आर्थिक सहायता एवं कुटलैहड़ वेलफेयर सोसाइटी से बांटे गए।

# बच्चों को कौशल विकास पर दी महत्वपूर्ण जानकारी

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी।** **राजकीय** उत्कृष्ट महाविद्यालय ऊना की रोवर रेंजर इकाई की ओर चलाए जा रहा प्रवेश टेस्टिंग शिविर तीसरे दिन रविवार को भी जारी रहा। तीसरे दिन बच्चों को कौशल विकास पर डॉ शाम सिंह बैंस ने महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध कराई। उन्होंने बताया कि कैसे हम घर बैठ कर अपने कौशल का प्रयोग कर अपनी आजीविका चला सकते हैं। इसमें उन्होंने विभिन्न प्रकार आचार बनाने की विधियां बताई। मुख्य रूप से गोभी, गाजर, आलू एवं मिर्च व चने का आचार बनाकर बताया।

# न्यूज फ्लैश

## पटवार कार्यालयों में 19 से 21 फरवरी तक लगेंगे विशेष पीएम सम्मान निधि शिविर

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद। जिला राजस्व** अधिकारी जगदीश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिलाचम्बा में 19,20 व 21 फ रवरी को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से सम्बन्धित कैंप का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें ईकेवाईसीए लैंड मैपिंग का कार्य पटवार कार्यालयों में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिन लाभार्थियों के बैंक खातों के साथ ईकेवाईसी नहीं हो पाया है तथा जिन किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि प्राप्त नहीं हो रही है, वे सभी इन कैंपों में आकर अपना ईकेवाईसी लैंड मैपिंग, आधार सीडिंग भी करवाएं।

## ढ़ाई वर्षीय बालक की टैंक में डूबने से मौत, मामला दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ। औद्योगिक क्षेत्र** कालाअंब के खैरी में ढाई वर्षीय बालक के पानी के टैंक में डूबने से मौत का मामला जानकारी में आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिवम कोटस्पिन फैक्ट्री परिसर में राम सिंह अपने परिवार के साथ रह रहा था। सुबह उसका ढाई वर्षीय बेटा नैतिक उर्फ नक्श परिसर में ही खेल रहा था। फैक्ट्री परिसर के नजदीक पानी के टैंक का ढक्कन खुला होने के चलते बच्चा खेलते खेलते टैंक में जा गिरा। बच्चे को परिसर में खेलता ना देख पिता ने चारों तरफ देखा। अचानक पिता की नजर पानी के टैंक की तरफ गई। बच्चे को टैंक से निकाल लिया था मगर तब तक बहुत देर हो चुकी थी। बच्चे की मौत से परिजन रो-रो कर बेहाल हैं। तो वहीं मामला कालाअंब थाना में अंतर्गत धारा 176 सीआरपीसी दर्ज कर जांच की जा रही है।

## संतोषगढ़ में निकाली प्रभात फेरी

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी। ऐतिहासिक** श्री गुरु रविदास मंदिर संतोषगढ़ में श्री गुरु रविदास जयंती के उपलक्ष्य में अनुयायियों द्वारा प्रभात फेरीयों निकाली जा रही है। प्रभात फेरी सुबह लगभग 4 बजे शुरू हो कर संतोषगढ़ की परिक्रमा करते हुए श्री गुरु रविदास जी महाराज की महिमा का गुणगान करते हैं। प्रभात फेरी का फूलों की वर्षा से स्वागत किया गया। युवाओं, महिलाओं व छोटे छोटे बच्चों ने भी परिक्रमा के दौरान गुरु की वाणी का कीर्तन किया। प्रभात फेरी में बाबा ज्ञाना नंद जी, राम सिंह, राम पाल, साहिल, मयंक, अंकु, रोहित, हरमन, भुरू, प्रिंस, हनी, नीरज, अमन, हरमन, रवि, विनय, रूपा व अन्य संख्या में संगत मौजूद रही।

## शास्त्री व भाषा अध्यापक के पदों के लिए साक्षात्कार 28 को

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी। प्रारंभिक शिक्षा** उपनिदेशक ऊना देवेन्द्र चन्देल ने जानकारी देते हुए बताया कि शास्त्री के 6 और भाषा अध्यापक के एक पद बैच के आधार पर भरा जा रहा है। जिला रोजगार कार्यालय ऊना, अंब, बंगाणा व हरोली द्वारा जिन अभ्यर्थियों के नाम बैच आधार पर भरने हेतु प्रायोजित किये गये हैं इनके लिए साक्षात्कार 28 फरवरी को प्रातः 10 बजे उपनिदेशक प्रारम्भिक शिक्षा कार्यालय में होगा। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों की सूची, बॉयोडाटा, शैक्षणिक योग्यता, आयुसीमा, वेतनमान में भर्ती के लिए विचाराधीन बैच इत्यादि से संबंधित जानकारी कार्यालय की वैबसाइट पर उपलब्ध है। भाषा अध्यापक के लिए एक पद अनारक्षित स्वतंत्रता सेनानी के आश्रित के लिए है जबकि शास्त्री के लिए 4 पद भूतपूर्व सैनिक के आश्रित सामान्य, एक पद ओबीसी भूतपूर्व सैनिक के आश्रित तथा एक पद एससी भूतपूर्व सैनिक के आश्रित के लिए आरक्षित है। उन्होंने बताया कि काउंसलिंग प्रक्रिया में वही अभ्यर्थी हिस्सा ले सकते हैं, जो शास्त्री व भाषा अध्यापकों की भर्ती एवं पदोन्नति के लिए निर्धारित योग्यता पूर्ण करते हैं। उन्होंने बताया कि अन्य जिलों से संबंधित प्रार्थी तथा ऊना जिला से सम्बन्धित प्रार्थी जिनका नाम सम्बन्धित रोजगार कार्यालय में दर्ज है, काउंसलिंग में हिस्सा ले सकते हैं।

## बाथू में आज बंद रहेगी बिजली

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी। 132/33/11 केवी** सब स्टेशन बाथू में बिजली के उचित रखरखाव के कारण 19 19 फरवरी को बिजली बंद रहेगी। यह जानकारी विद्युत उपमंडल टाहलीवाल के सहायक अभियंता ई. दिनेश चौधरी ने दी। उन्होंने बताया कि सोमवार को सब स्टेशन बाथू के अंतर्गत आने वाली पंचायतें मानुवाल, कुंगडत, हीरां, धुगे, नंगल खुर्द, चांदपुर, करमपुर, गुरपलाह, बाथू में सुबह 10 से शाम 5 बजे बिजली बंद रहेगी। उन्होंने जनता से सहयोग की अपील की है।

# बाथू में महिला ने लगाया फंदा

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

**संतान सुख** न मिलने से हरोली विधानसभा क्षेत्र के बाथू गांव के वार्ड नंबर 11 की 34 वर्षीय महिला ने पंखे के साथ फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक महिला की पहचान सुनीता देवी पत्नी संदीप कुमार निवासी बशुही होशियारपुर पंजाब हाल रिहायश बाथू के रूप में हुई है। कमरे से मिले सुसाइड नोट के आधार पर आत्महत्या के कारणों का पता चला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं जांच शुरू कर दी है। बता दें कि सुनीता देवी पिछले 4 वर्ष से गांव बाथू में रह रहती थी, जबकि पति संदीप



कुमार विदेश में नौकरी करता है। सुनीता देवी की शादी को लगभग 7 वर्ष हो गए है, जबकि कोई संतान नही है। जिसके चलते सुनीता देवी काफी परेशान रहती थी और मानसिक तोर पर भी ठीक नहीं थी। सुसाइड नोट में सुनीता देवी ने लिखा था कि मेरे मरने के बाद बाथू वाली जमीन मेरे पति को दी जाए। मैं अपनी मौत की खुद जिम्मेदार हूं। बच्चा ना होने की वजह से आत्महत्या की है।

# करुणामूलक संघ ने लगाया हिमाचल के बजट में अनदेखी का आरोप

**शिमला। मुख्यमंत्री सुखविंदर** सिंह सुक्खु द्वारा शनिवार को विधानसभा में पेश किए वितीय वर्ष 2024-25 के बजट को लेकर करुणामूलक संघ ने निराशा व्यक्त की है। संघ ने बजट में अनदेखी का आरोप लगाया है। इनका कहना है कि बजट में करुणामूलक परिवारों को लेकर मुख्यमंत्री ने कोई घोषणा नहीं की गई और ना ही उनके लिए कोई नीति लाई गई। करुणामूलक परिवारों ने सरकार पर अनदेखी का आरोप लगाया है। करुणामूलक संघ के प्रदेशाध्यक्ष अजय कुमार ने रविवार को कहा है कि पिछले बजट में मुख्यमंत्री द्वारा करुणामूलक परिवारों के लिए बजट का प्रावधान तो किया गया था।

# टाहलीवाल बाजार में भुक्की सहित युवक काबू

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/ राजन पुरी**

**टाहलीवाल बाजार** में पुलिस ने एक व्यक्ति को भुक्की सहित काबू किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक टाहलीवाल पुलिस शनि- रवि की रात्रि को टाहलीवाल बाजार में गश्त पर मौजूद थी। इस दौरान पुलिस ने शक के आधार पर सरवजोत सिंह निवासी संतोषगढ़ की तालाशी ली। जिससे पुलिस ने 6 किलो 240 ग्राम भुक्की बरामद की। डीएसपी हरोली मोहन रावत ने बताया कि



पुलिस ने सरवजोत सिंह के खिलाफ मादक द्रव्य अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# डरोह के डा. राजेंद्र कुमार बने नैना देवीजी कॉलेज के प्राचार्य

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी। उपमंडल बंगाणा** क्षेत्र के गांव डरोह निवासी डॉ. राजेंद्र कुमार अब राजकीय महाविद्यालय श्री नैना देवीजी में बतौर प्राचार्य सेवाएं देंगे। जिन्होंने कॉलेज में प्राचार्य के रूप में कार्यभार संभाला लिया है। डॉ. राजेंद्र कुमार पुत्र बंसी लाल की प्रारंभिक शिक्षा ग्रामीण परिवेश से हुई है। स्नातक शिक्षा सनातन धर्म केंद्रीय आदर्श संस्कृत महाविद्यालय डोहगी बंगाणा, पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ से एमए व पीएचडी की है। वह एमए में गोल्ड मैडलिस्ट भी रहे हैं। वर्ष 2006 में कॉलेज कैडर में प्राध्यापक के रूप में चयनित होकर विभिन्न महाविद्यालयों नाहन, अंब, बीटन व ऊना में अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

# हिमाचल की उच्च पर्वतीय श्रृंखलाओं पर बर्फबारी

**शिमला।**

**हिमाचल प्रदेश में** मौसम ने करवट बदली है। राज्य की उच्च पर्वतीय श्रृंखलाओं पर रुक-रुक कर बर्फबारी का दौर शुरू हो गया है। लाहौल स्पीति, किन्नौर, कुल्लू, चंबा, शिमला और सिरमौर जिलों की ऊंची चोटियों पर बर्फ गिर रही है। वहीं राज्य के मध्यम ऊंचाई और मैदानी इलाकों में घनघोर बादल छाए हुए हैं। पर्यटन स्थलों शिमला और मनाली में भी बादलों का डेरा है और यहां मौसम बर्फबारी के अनुकूल बना हुआ है। मौसम विभाग ने आज व कल राज्य में ओरेंज अलर्ट जारी करते हुए अंधड़, ओलावृष्टि, बारिश और भारी बर्फबारी की आशंका जताई है। मैदानी और मध्य पर्वतीय इलाकों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति रफ्तार की



गति से हवाएं चलने का अंदेशा है। कहीं-कहीं आकाशीय बिजली और तेज ओलावृष्टि लोगों की मुश्किलें बढ़ा सकती है। ऐसे में प्रदेश की यात्रा करने वालों को सावधान रहने की हिदायत दी गई है। मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्वानुमान के मुताबिक दो दिन प्रदेश में भारी बारिश, ओलावृष्टि व बर्फबारी का आरेंज अलर्ट रहेगा। इस दौरान कुछ स्थानों पर बिजली चमकने के साथ 40 व 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की आशंका है। मौसम विभाग ने राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में 19 फरवरी से भारी बर्फबारी की संभावना जताई है। 20 व 21 फरवरी को प्रदेश में बारिश व बर्फबारी का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

18 से 20 फरवरी तक राज्य के उंचे व मध्यवर्ती इलाकों में भारी बर्फबारी होने का अनुमान है। पर्वतीय जिलों शिमला, कुल्लू, चंबा, लाहौल-स्पीति और किन्नौर में बर्फबारी से पानी, बिजली, संचार व अन्य आवश्यक सेवाओं में व्यवधान आ सकता है। मौसम विभाग ने खराब मौसम के मद्देनजर लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। मौसम विभाग की मानें तो अगले 4 दिन राज्य में अच्छी बारिश और बर्फबारी होने का पूरी संभावना है। मौसम में आए इस बदलाव से राज्य में ठंड का प्रकोप फिर बढ़ गया है। रविवार को लाहौल स्पीति जिला के कुमकुमसेरी में न्यूनतम तापमान -0.3 डिग्री और केलांग में - 0.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शिमला में न्यूनतम तापमान 7.5 डिग्री, सुंदरनगर में 6.3 डिग्री, भुंतर में 6 डिग्री, कल्पा में 1.6 डिग्री, धर्मशाला में 6.2 डिग्री, ऊना में 6.6 डिग्री, नाहन में 9.3 डिग्री, पालमपुर में 7.5 डिग्री, सोलन में 5.2 डिग्री, मनाली में 5.8 डिग्री, बिलासपुर में 6.6 डिग्री, मंडी में 5.9 डिग्री, कुफरी में 5.9 डिग्री, डलहौजी में 7.2 डिग्री, नारकंडा में 3.5 डिग्री, भरमौर में 7.9 डिग्री, रिकांगपिओ में 4.9 डिग्री, धौलाकुआं में 9.6 डिग्री, सराहन में 3 और देहरा गोपीपुर में 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# जिला स्तरीय युवा संसद उत्सव में देविका कैंथला व नैंसी प्रथम २

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

**युवा मामले एवं** खेल मंत्रालय भारत सरकार के दिशा-निर्देशानुसार शनिवार को नेहरू युवा केन्द्र किन्नौर की ओर से जिला स्तरीय युवा संसद उत्सव का आयोजन किया गया। नेहरू युवा केंद्र किन्नौर के जिला युवा अधिकारी अतुल शर्मा के बताया की किन्नौर में नोडल केंद्र होने के नाते जिला किन्नौर और जिला शिमला के प्रतिभागियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने बताया की इस कार्यक्रम में प्रमुख विषय भारत को वैश्विक नेता बनना, आत्मनिर्भर से विकसित भारत तक तथा भविष्य को सशक्त बनाना प्रमुख मुद्दों के ऊपर युवाओं ने अपनी बात रखी। इस कार्यक्रम में दोनों जिलों के लगभग 32 प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। जिला युवा अधिकारी शिमला मनद्वीपा शर्मा ने बताया की इस कार्यक्रम में जिला शिमला के देविका कैंथला ने प्रथम व सूरज शर्मा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जबकि जिला किन्नौर से प्रथम स्थान नैंसी व पोमी ने द्वितीय स्थान पर रहे। अतुल शर्मा ने बताया कि समस्त विजेता प्रतिभागी राज्य स्तरीय युवा संसद उत्सव कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके बाद वे प्रतिभागी राज्य स्तर से पूरे हिमाचल प्रदेश के तीनों विजेताओं को राष्ट्रीय युवा संसद कार्यक्रम में भाग लेने का मौका मिलेगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम के निर्णायक मंडल में प्रो. शांता कुमार, प्रो. अजीत कुमार, प्रो. सोनिका शर्मा, सहित आदि उपस्थित रहे।

# विकास एवं स्वास्थ्य अनुरक्षण हेतू चलाई जा रही हैं विविध कार्यक्रम एवं योजनाएं

टीम एक्शन इंडिया/रामपुर बुशहर/लिहांटू

**रामपुर एचपीएस द्वारा** एसजेवीएन के सीएसआर नीति के तहत परियोजना प्रभावित पंचायतों की महिलाओं के विकास एवं स्वास्थ्य अनुरक्षण हेतू विविध कार्यक्रम एवं योजनाएं चलाई जा रही हैं। निगम की एसजेवीएन रजत जयंती महिला एवं बाल विकास योजना के तहत गरीबी रेखा के नीचे के परिवारों बीपीएल की महिलाओं एवं उनके शिशुओं के लिए प्रसव पूर्व और प्रसव उपरांत स्वास्थ्य अनुरक्षण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। इसी कड़ी में विकास मारवाह, परियोजना प्रमुख, रामपुर एचपीएस द्वारा सम्मेलन कक्ष, बायल में आयोजित कार्यक्रम में बाड़ी, गड़ेज, पोशना,



बहावा और तुनन पंचायतों के गाँव की बीपीएल परिवारों की महिलाओं को पूरक पोषक आहार सामग्री ड्राई फ्रूट का गिफ्ट पैक प्रदान किये। इसके अतिरिक्त रु. 10,000/-की राशि प्रत्येक महिला इन महिलाओं के खाते में ऑनलाइन जमा की गई। परियोजना प्रमुख ने कहा कि एसजेवीएन की अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक गीता कपूर तथा निदेशक मंडल के दिशा-निर्देशों के अनुसार

**बैठक**

**8 स्वास्थ्य अनुरक्षण प्रदान कर उन्हें तथा उनके शिशुओं का भविष्य सुरक्षित करने में सहयोग दिया जा रहा**

महिलाओं को उनके जीवन के अहम पड़ाव में स्वास्थ्य अनुरक्षण प्रदान कर उन्हें तथा उनके शिशुओं का भविष्य सुरक्षित करने में सहयोग दिया जा रहा है। इस योजना से अब तक बीपीएल परिवारों की 116 महिलाएं लाभ उठा चुकी हैं। इस अवसर पर रामपुर एचपीएस के सभी विभागाध्यक्ष तथा सीएसआर विभाग के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# राज्यपाल के एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर राजभवन के कर्मचारियों ने बधाई दी



टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा

**शिव प्रताप शुक्ल** का हिमाचल प्रदेश में राज्यपाल के रूप में एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर आज राजभवन में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजभवन के अधिकारियों व कर्मचारियों ने राज्यपाल को बधाई दी। लेडी गवर्नर एवं राज्य रेडक्रॉस अस्पताल कल्याण शाखा की अध्यक्ष जानकी शुक्ल भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थीं। राजभवन के स्टाफ से संवाद करते हुए राज्यपाल ने विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग और सहभागिता के लिए प्रदेशवासियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उनका एक वर्ष का कार्यकाल संतोषजनक रहा। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव राजेश शर्मा ने राज्यपाल को बधाई देते हुए उनके द्वारा प्रदेश में संचालित विभिन्न सामाजिक गतिविधियों की जानकारी और अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने इस अवधि के दौरान प्रदेश के विकास के लिए राज्यपाल द्वारा दिए गए मार्गदर्शन के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

# सुक्खू सरकार के द्वारा कर मुक्त बजट पेश कर विपक्ष की बोलती की बंद : राकेश चौहान

टीम एक्शन इंडिया/ जोगिंदगनर/ संगराय

**हिमाचल प्रदेश** में वर्ष 2024-25 इसके वार्षिक बजट को सुक्खु सरकार ने प्रदेश को कर मुक्त एवं आम लोगों का बजट पेस कर भाजपा एवं विपक्ष को चौंका दिया। विपक्ष ने कभी ऐसा नहीं सोचा होगा कि इस तरह का बजट कांग्रेस की सुक्खु सरकार पेश करेगी। यह मध्य प्रदेश कांग्रेस सचिव राकेश चौहान ने कही। उन्होने प्रदेश के ऊर्जावान व तेजस्वी मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खु ने प्रदेश में यह साबित कर दिया है कि उनकी सोच हिमाचल प्रदेश के उत्थान एवं प्रगति और हिमाचल प्रदेश की आम जनता के



लिए है इस बजट में जहां नई योजनाओं के साथ कर्मचारी पेंसनर को डीए, रिवर्स, कामगारों का मानदेय बढ़ाने, 680 करोड रुपए की प्राकृतिक खेती स्टार्टअप योजना, उद्योग जगत के लिए नई निवेश और स्टार्टअप नीति तथा विधायक ऐच्छिक निधि और विधायक विकास निधि में बढ़ोतरी, बहुत सी योजनाएं जिसमें 36000 किसान प्रकृति खेती से जुड़ेंगे, अधूरे कार्य पूर्ण करने के लिए 1000 करोड़ का प्रावधान जैसे महत्वपूर्ण विकाशशील योजनाओं को बजट में प्राथमिकता दी गई है उससे साफ.-साफ झलक रहा है कि एक नई ऊर्जा नई सोच के साथ यह बजट प्रदेश को और प्रदेश की जनता को समर्पित किया है । उन्होंने कहा आज इस बजट के ऊपर विपक्ष को बोलने के लिए कुछ नहीं छोड़ा है अब विपक्ष एवं भाजपा के पास झूठ बोलने के अलावा कुछ भी नहीं रहा है।

# सभी वर्गों के कल्याण पर केंद्रित है प्रदेश सरकार का बजट: शांडिल

टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा

**स्वास्थ्य, सामाजिक** न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. कर्नल धनी राम शांडिल ने मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए प्रस्तुत बजट को भविष्योन्मुखी बताते हुए कहा कि यह विकास केंद्रित निर्णयों से परिपूर्ण बजट है जिसमें समाज के सभी वर्गों के आर्थिक सशक्तिकरण का विशेष ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा कि यह बजट प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन को तीव्र गति प्रदान करते हुए राज्य सरकार द्वारा हिमाचल को 31 मार्च, 2026 तक हरित ऊर्जा राज्य का लक्ष्य हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। बजट अनुमान पर अपनी प्रतिक्रिया में स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि यह बजट समग्र व नवोन्मेषी है। मुख्यमंत्री की दूरदर्शिता की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि यह बजट प्रदेश के भविष्य की नींव मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह बजट प्रदेश को वर्ष 2032 तक आत्मनिर्भर बनाने के लक्ष्यों की प्राप्ति में निर्णायक भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि बजट में पैरा-कर्मियों द्वारा प्रदेश भर में विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के सफ ल कार्यान्वयन में निभाई जा रही भूमिका को अधिमान देते हुए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा वर्करों, मिड-डे मील वर्करों, बहुउद्देशीय कार्यकर्ता, पंचायत कार्यकर्ता, जल रक्षक, सिलाई शिक्षक, एसएमसी शिक्षक और



आईटी शिक्षकों सहित विभिन्न पैरा-कर्मचारियों के मानदेय में वृद्धि का निर्णय लिया गया है।उन्होंने कहा कि दिहाड़ीदारों की दिहाड़ी में वृद्धि एक महत्त्वपूर्ण निर्णय है जिससे कामगारों का एक बड़ा वर्ग लाभान्वित होगा। स्वास्थ्य मंत्री ने स्वास्थ्य क्षेत्र को सुदृढ़ करने के दृष्टिगत लिए गए निर्णयों की सराहना करते हुए कहा कि इस बजट में प्रदेशवासियों को घरद्वार पर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री द्वारा भविष्योन्मुखी और विकास पर केंद्रित साहसिक निर्णय लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में कैंसर रोगियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए डॉ. राधाकृष्णन चिकित्सा महाविद्यालय, हमीरपुर में प्राज्य कैंसर संस्थान, जिला अस्पतालों और आदर्श स्वास्थ्य केंद्रों में कैंसर डे केयर सेंटर और आईजीएमसी, शिमला में उन्नत रेडियोथेरेपी उपचार प्रदान करने के लिए लीनियर एक्सेलेरेटर मशीन की स्थापना का सराहनीय निर्णय लिया गया है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रथम चरण में प्रदेश के 53 स्वास्थ्य संस्थानों में अस्पताल प्रबंधन सूचना प्रणाली स्थापित करने का प्रावधान किया गया है। यह प्रणाली रोगियों को उनकी बीमारी से सम्बंधित पूर्व विवरण के आधार पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने में सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि एक ही स्थान पर अत्याधुनिक परीक्षण सुविधाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से प्रत्येक जिले में एकीकृत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशाला स्थापित करने का निर्णय लिया गया है जिससे समय एवं धन की बचत के साथ ही दूरस्थ क्षेत्रों के रोगियों को निकटतम उपचार सुविधा का लाभ मिलेगा।

# हिमाचल प्रदेश सरकार का बजट मात्र लॉलीपॉप: मनोज

## कामगार मजदूरों की दिहाड़ी न बढ़ाकर किया भद्दा मजाक

टीम एक्शन इंडिया/चम्बा/हामिद

**हिमाचल प्रदेश** सरकार के वर्ष 2024-25 के बजट से हिमाचल की जनता को काफ ी उम्मीदें थी परंतु जिस तरह से बजट माननीय मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुखु द्वारा पेश किया गया है उससे हिमाचल की जनता अपने आपको ठगा महसूस कर रही है। यह बात करियां वार्ड के जिला परिषद सदस्य व भाजपा जिला प्रवक्ता मनोज कुमार मनु ने जारी अपने बयान में कहीं। उन्होंने बताया कि वर्तमान सरकार ने पूर्व सरकार द्वारा खोले संस्थान बंद किये थे इससे सभी को उम्मीदें थी कि इस बजट में कुछ बड़ा तोहफा मिलेगा परंतु ऐसा कुछ नहीं मिला। ऐसा पहली बार हुआ है कि कामगार श्रमिकों की दिहाड़ी नहीं बढ़ाई गई इसलिये गरीब मजदूर अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं । हालांकि मनरेगा कि मजदूरी बढ़ाने की घोषणा की गई है परंतु पिछले साल के बजट में भी 16 रु बढ़ाकर दिहाड़ी 240 रुपए की थी परंतु वो एक साल बीत जाने के बाद भी खाते में नहीं पड़े । एक साल से ऑनलाइन 240 शो हो रहे हैं परंतु जब खाते में पड़ते हैं तो वो



224 रुपए ही पड़ते हैं जिससे मनरेगा मजदूर को भी साल भर ठगने का काम किया गया है। जिला परिषद कर्मचारियों की विभाग में विलय की मांग का आश्वासन मिला था परन्तु जिला परिषद कर्मचारियों का नाम तक इस बजट में नहीं लिया गया ।जिला परिषद सदस्यों का मानदेय बीडीसी अध्यक्ष व उपाध्यक्ष से कम देकर इस शीट का अपमान किया है स जिला परिषद के सदस्य 16 से 28 पंचायतों से जीत कर आतें हैं परन्तु न केवल उनका बजट खत्म किया बल्कि मानदेय भी बीडीसी अध्यक्षों और उपाध्यक्षों से भी कम कर दिया स जो कि जिला परिषद सदस्यों के साथ भद्दा मजाक है स जबकि इन्होंने अपना विधायकों का विधायक निधि 2 करोड़ दस लाख से बढ़ाकर 2 करोड़ 20 लाख किया तथा ऐच्छिक निधि को 13 लाख से बढ़ाकर 14 लाख किया। सच यह है कि ये सरकारें चाहती ही नहीं कि जिला परिषद बीडीसी क्षेत्र के लिए कुछ कार्य करें। हालांकि मुख्यमंत्री ने पूर्व सरकार द्वारा चलाई हिमकेयर योजना और सहारा योजना की प्रशंसा की परंतु उनके बजट के लिये कोई विशेष प्रावधान नहीं किया गया है। कुल मिलाकर हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा जारी बजट मात्र लोलीपॉप है।

# मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू ने जनहित व जन हितैषी बजट पेश किया: कर्मचंद

टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री

**मुख्यमंत्री सुखविंदर** सुक्खू ने जनहित बजट पेश कर आम आदमी को राहत प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने सभी वर्गों का विशेष ध्यान रखा है तथा ऐसा कोई भी वर्ग नहीं है जिसे बजट का लाभ न मिला हो। मंडी में कांग्रेस पार्टी के हिमाचल प्रदेश अनुसूचित विभाग के जिला संयोजक करमचंद भाटिया ने यह शब्द कहें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर ठाकुर ने किसान, बागवान, मजदूर, कर्मचारी, आम जनप्रतिनिधि और तमाम वर्गों को अपने बजट में जगह



दी है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश का यह ऐसा पहला बजट है जिसमें सरकार ने सभी वर्गों का ध्यान रखा है। उन्होंने कहा कि इस बजट सत्र के दौरान मुख्यमंत्री ने जो घोषणा की उसके मुताबिक जिला परिषद अध्यक्ष 24000, जिला परिषद उपाध्यक्ष 18000, सदस्य 7800, पंचायत समिति अध्यक्ष 11500, उपाध्यक्ष 8400, सदस्य 7200 प्रधान पंचायत 7200, उपप्रधान 4800, सदस्य 750, नगर निगम महापौर 24000, उपमहापौर 18000, पार्षद 8300, नगर परिषद अध्यक्ष 10000, उपाध्यक्ष 8400, पार्षद 4200, प्रधान नगर पंचायत अध्यक्ष 8400, उपप्रधान 6600, सदस्य 4200 की गई है की गई है।

# सुखमय नहीं दुखमय है सुक्खू का बजट: रजत ठाकुर

टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री

**कांग्रेस सरकार का** दूसरा बजट एक तरफ जहां जन आकांक्षाओं के अनुरूप खरा नहीं उतरा तो वहीं सरकार में पीडब्ल्यूडी मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने ही इसे लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। हिमाचल के इतिहास में पहली बार ऐसा देखा गया है जब सरकार का ही एक मंत्री अपने मुख्यमंत्री द्वारा पेश बजट से नाखुश दिखा और अपनी भड़ास सोशल मीडिया पर निकालकर इसमें संशोधन की मांग कर डाली है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी एवं धर्मपुर से



भाजपा प्रत्याशी रहे रजत ठाकुर ने ये टिप्पणी करते हुए कहा कि ये सुखमय नहीं दुखमय बजट है। पिछले वर्ष के बजट में की गई घोषणाओं को भी ये सरकार पूरा नहीं कर पाई। इस बार के बजट में भी पिछले बजट में की गई ज्यादातर घोषणाओं को ही दोहराया गया है। सबसे अचरज की बात यह है कि जिन गारंटियों पर कांग्रेस सत्ता में आई इस बजट में उन गारंटियों का जिक्र तक नहीं है। दूसरे बजट में भी सरकार ने प्रदेश के युवाओं से लेकर महिलाओं, किसानों से लेकर बागवानों तक को निराश किया है। हिमाचल प्रदेश की जनता कांग्रेस के इस झूठ और गुमराह करने की राजनीति का आने वाले दिनों में कड़ा जवाब देगी। उन्होंने कहा कि अपने नाम पर योजनाओं का नाम रखकर ही मुख्यमंत्री इतने का पात्र बन रहे हैं। मुख्यमंत्री से जनता का भरोसा टूट चुका है और अब यह भरोसा सरकार फिर से हासिल नहीं कर पाएगी। सरकार पूरी दुनिया तरह से नाकाम हो गई है।सरकार से हर वर्ग नाराज और निराश है। बेरोजगारों को उम्मीद थी कि वायदे के अनुरूप मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू हर वर्ष एक लाख रोजगार निकालेंगे और सरकारी नौकरियां थोक में निकलेंगी लेकिन बजट में मात्र बीस हजार रोजगार की झूठी गारंटी दी गई है जबकि असलियत ये है कि ये सरकार पूर्व भाजपा सरकार के समय अधिसूचित नौकरियों को लेकर भी प्रोसेस आगे नहीं बढ़ा पाई है।

# पंजाब नेशनल बैंक में स्टाफ न होने के चलते ग्राहकों को हो रही समस्या

टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर

**जिले के ग्राम पंचायत** प्रधान रानी कोटला में स्थित पंजाब नेशनल बैंक में पद रिक्त होने के चलते ग्राहकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बैंक में दो कर्मचारियों के सहारे ही बैंक चल रहा है। ट्रांसपोर्ट नगरी होने के बावजूद भी यहां पर इस बैंक के अलावा कोई बैंक नहीं है। ग्राम पंचायत रानी कोटला प्रधान परस राम कौंडल व स्थानीय लोगों ने पंजाब नेशनल बैंक के उच्च अधिकारियों से यहां पर स्थाई कर्मचारियों की नियुक्ति को लेकर



मांग की है। रानी कोटला शाखा में पिछले कुछ महीनों से कर्मचारियों की भारी कमी होने के कारण ग्राहकों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। यह शाखा केवल दो कर्मचारियों के सहारे ही शाखा चलरही है। शाखा में राशि निकालने व जमा करवाने व अन्य बैंक संबंधी छोटे-छोटे कार्य के लिए ग्राहकों को घंटों इंतजार करना पड़ता है। इस शाखा में अल्ट्राटेक सीमेंट बागा कंपनी से जुड़ी तीन यूनियन के ट्रक ऑपरेटरों के अलावा स्थानीय लोग भी बैंक सुविधा के लिए इसी शाखा पर निर्भर है। लोगों ने अतिशीघ्र बैंक शाखा में खाली पदों को भरने की मांग उठाई है। ताकि लोगों को बहुत दिनों से चली आ रही समस्या का समाधान हो और उनके बहुमूल्य समय की बचत भी हो सके।

# रिवालसर के तीन दिवसीय राज्य स्तरीय छेश्चू मेले का राजस्व मंत्री ने किया शुभारंभ

टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री

**राजस्व, बागवानी,** जनजातीय विकास एवं जन शिकायत मंत्री जगत सिंह नेगी ने रिवालसर में गुरु पद्मसंभव की याद में उनके जन्मदिन पर मनाया जाने वाला तीन दिवसीय राज्य स्तरीय छेश्चू मेले का रविवार को शुभारंभ किया।उन्होंने कहा कि रिवालसर को तीर्थ स्थल और पर्यटक स्थल के तौर पर विकसित करने के लिए मास्टर प्लान बनाया जाएगा। यह मास्टर प्लान अगले तीन महीने के अन्दर तैयार कर दिया जाएगा। मास्टर प्लान के तहत यहां की मूलभूत सुविधाओं को विस्तार दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि रिवालसर में मल निकासी के लिए



बनाए जा रहे सीवरेज को शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा ताकि गंदे पानी को पवित्र झील में जाने से रोका जा सके।उन्होंने रिवालसर की उप तहसील को तहसील में बदलने और इलाके में नए पटवार सर्कलों को खोलने की मांग पर उन्होंने कहा कि इसी वर्ष इन्हें खोलने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने सांस्कृतिक गतिविधियों के आयोजन के लिए रिवालसर में मंच बनाने की भी घोषणा की।उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार हिमाचल को फल राज्य बनाने के लिए प्रदेश सरकार दृढ़ संकल्प है। 1300 करोड़ रुपये का शिवा प्रोजैक्ट शुरू हो गया है। जिसमें छह हजार हेक्टेयर भूमि पर फल के पौधे लगाए जाएंगे। इससे 15000 बागवान लाभान्वित होंगे। मंडी जिला भी इसमें शामिल है। बागवानी विकास के लिए रिवालसर में उप बागवानी कार्यालय खोला जाएगा।उन्होंने बताया कि कुछ ही महीनों के अंदर राजस्व अदालतों के माध्यम से 96000 इंतकाल के मामले निपटाए गए हैं। छह हजार तकसीम के मामलों को निपटाया गया है। यह मामले पिछले लम्बे समय से लंबित थे। उन्होंने कहा कि नए राजस्व एक्ट के अंतर्गत निशानदेही और तकसीम के मामलों का समयबद्ध निपटारा करना सुनिश्चित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में राजस्व अदालतों के माध्यम से तकसीम और निशानदेही के मामलों का भी निपटारा होगा।

नेगी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश कमजोर हुआ है। चीन सीमा भारत को आंखें दिखा रहा है। मणीपुर के हालत जगजाहिर हैं। उन्होंने कहा कि इलैक्ट्रोल बाण्ड के नाम पर भाजपा ने करोड़ो रुपये इक्टठा किए हैं। यह सारा पैसा भ्रष्टाचार का है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का धन्यवाद किया जिन्होंने इलैक्ट्रोल बाण्ड को असंवैधानिक घोषित किया है।

# निराशाजनक है सुक्खू सरकार का बजट, युवाओं के हाथ लगी फिर निराशा: रोहित

टीम एक्शन इंडिया/ सोलन/ मनीष

**प्रदेश सरकार के** दूसरे बजट को लेकर भाजयुमो प्रदेश प्रवक्ता रोहित भारद्वाज ने निराशाजनक करार दिया है। उन्होंने अपने बयान में कहा कि प्रदेश सरकार ने बीते 14 माह में 14 हजार करोड़ का कर्ज ले लिया है, बावजूद इसके सरकार कुछ नहीं कर रही। बजट से उम्मीद थी कि इस बार कुछ नया मिलेगा, मगर पूरा बजट केवल झूठे सपने दिखाने जैसा है। स्वास्थ्य, शिक्षा, किसान, बागवान सभी को निराश



किया है। खासकर बेरोजगार युवाओं को रोजगार का वायदा देकर सत्ता में आई कांग्रेस ने उन्हें निराश किया है। दूसरा बजट हो गया। मगर रोजगार के लिए कुछ नहीं किया। महिलाओं को अभी भी 1500 मिलने की उम्मीद ही है। बजट ने हर वर्ग को निराश किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का बजट पूरी तरह से निराशाजनक है। खासकर स्वास्थ्य क्षेत्र में प्रदेश में कोई नया प्रावधान नहीं किया गया है। कुल मिलाकर बजट में केवल निराशा ही हाथ लगी है। पुरानी योजनाओं को ही नए तरीके से पेश किया गया है

## संपादकीय

# इसरो की अंतरिक्ष में बड़ी छलांग

**वैश्विक** स्तर पर भारत हर क्षेत्र में प्रौद्योगिकी का अपना जलवा बिखेर रहा है जिसमें भारतीय विजन आत्मनिर्भर भारत को पंख लग गए हैं। जिस तेजी से भारत के मिशन 2047 और मिशनआत्मनिर्भर भारत को पूर्ण करने के जज्बे को देख पूरी दुनियां हैरान है खास करके अंतरिक्ष क्षेत्र में दक्षिणी ध्रुव पर पहुंच कर भारत में जो दम दिखाया उसे उसे पूरी दुनिया ने रेखांकित किया है और आज दिनांक 17 फरवरी 2024 को फिर इसरो ने अंतरिक्ष में एक लंबी चलांग लगाई है, जिस पर पूरी दुनियां स्तब्ध है इसरो ने सबसे एडवांस मौसम सैटेलाइट की सफल लॉन्चिंग करके इतिहास रच दिया है, क्योंकि वर्तमान जलवायु परिवर्तन के युग में मौसम व आपदा का कोई भरोसा नहीं है की किस तरह तबाही का आलम पैदा कर दे इसलिए यह जरूरी है कि इसके प्रकोप से बचने के लिए विशेष प्रौद्योगिकी के जरिए इसका पूर्व अनुमान लगाना अनिवार्य हो गया है ताकि संभावित प्राकृतिक प्रकोप से मानवीय जीवन सहित पूरी पृथ्वी को बचाने के लिए इसकापूर्वानुमान ज्ञात किया जाए ताकि आपदाओं से निपटने के लिए पर्याप्त समय लिया जा सके, मानवीय जीव को उठाकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा जा सके और उनकी जान बचाई जा सके इसके लिए एडवांस मौसम सैटेलाइट जबरदस्त रोल अदा करेगी। चुंकि इसरो ने इस एडवांस सैटेलाइट का सफल प्रदेश प्रक्षेपण कर दिया है, इसलिए आज हम पीआईबी और मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारतीय मौसम अपडेट व आपदा से जुड़ी जानकारी में महारत करने सहित अंतरिक्ष बादशाह बनने के संकल्प से हर भारतीय गौरवविंत है। साथियों बात अगर हम लॉन्च हुए उपग्रह इनसेट 3 डीएस की करें तो, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (एमओईएस) द्वारा पूरी तरह से वित्त पोषित प्रक्षेपण यान जीएसएलवी-एफ14 पर उपग्रह इन्सैट-3डीएस को आज शाम 17:30 बजे आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा सफलता पूर्वक प्रक्षेपित (लॉन्च) किया गया इन्सैट (आईएनएसएटी) - 3डीएस वर्तमान में संचालित आईएनएसएटी (इन्सैट) -3डी तथा आईएनएसएटी (इन्सैट)-3डीआर इन-ऑर्बिट उपग्रहों के साथ देश की मौसम संबंधी (मौसम, जलवायु और महासागर संबंधी) सेवाओं को बढ़ाएगा। नए लॉन्च किए गए आईएनएसएटी (इन्सैट)-3डीएस उपग्रह का उद्देश्य पृथ्वी की सतह, वायुमंडल, महासागरों और पर्यावरण की निगरानी को बढ़ाना, डेटा संग्रह और प्रसार और उपग्रह-सहायता प्राप्त खोज और बचाव सेवाओं में क्षमताओं को बढ़ाना है। यह पहल भारत के मौसम,जलवायु और महासागर से संबंधित टिप्पणियों और सेवाओं को बढ़ावा देगी, ज्ञान का विस्तार करेगी और भविष्य में बेहतर आपदा शमन और तैयारियों को और अधिक बढ़ावा देगी। साथियों बात अगर हम उपग्रह से जुड़ी कुछ खास बातों की करें तो, इंसेट-3डीएस सैटेलाइट से जुड़ी खास बातें- इनसेट-3 डीएस भारत का तीसरी पीढ़ी का एडवांस मौसम सैटेलाइट- ये मौसम की भविष्यवाणी और आपदा चेतावनी के लिए मॉडर्न सैटेलाइट है-मौसम संबंधी अपडेट, जमीन और महासागर के सतहों की निगरानी के लिए किया गया डिजाइन- पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के विभिन्न विभाग जैसे भारत मौसम विज्ञान विभाग, राष्ट्रीय मध्यम-सीमा मौसम पूर्वानुमान केंद्र, भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान, राष्ट्रीय महासागर प्रौद्योगिकी संस्थान, संस्थान इसका डेटा इस्तेमाल करेंगे- इनसेट-3 डीएस बेहतर मौसम पूर्वानुमान और इससे संबंधी सर्विस प्रदान करने में हेल्प करेगा।

# दुनियाभर में बढ़ रही है गरीबों की संख्या

**योगेश कुमार गोयल**

> ऑक्सफैम का कहना है कि यदि दुनिया के सभी अरबपतियों की नेटवर्थ जोड़ लें तो इसमें 4 वर्ष में कई बड़े देशों की जीडीपी से भी ज्यादा वृद्धि हुई है। दुनियाभर के अरबपतियों की सम्मिलित दौलत पिछले चार वर्षों में 3.3 ट्रिलियन डॉलर बढ़ी है जबकि दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भारत की जीडीपी करीब 3.5 ट्रिलियन डॉलर है। रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया के 148 शीर्ष घरानों ने 1800 अरब अमेरिकी डॉलर का मुनाफा कमाया, जो तीन वर्षों के औसत से 52 फीसद अधिक है। जहां अमीर शेयर धारकों को भारी भुगतान किया गया, वहीं करोड़ों लोगों को वास्तविक अवधि के वेतन में कटौती का सामना करना पड़ा। ऑक्सफैम के मुताबिक यदि यही मौजूदा रुझान जारी रहा तो दुनिया से गरीबी आगामी 229 वर्षों तक भी नहीं मिटाई जा सकेगी



**सामाजिक** असमानता की खाई निरंतर बढ़ रही है। जिससे आम आदमी की आय में बेहद कम बढ़ोतरी हो रही है जबकि अमीर वर्ग की सम्पत्ति कई गुना बढ़ी है। न केवल भारत बल्कि दुनिया के कई देशों में आर्थिक असमानता की खाई लगातार चौड़ी हो रही है। गरीबी उन्मूलन के लिए कार्यरत गैर सरकारी संगठन ह्यऑक्सफैम इंटरनेशनलह्न ने पिछले महीने विश्व आर्थिक मंच की बैठक में आर्थिक असमानता पर अपनी वार्षिक रिपोर्ट जारी करते हुए बताया था कि पिछले कुछ वर्षों के दौरान अमीरी और गरीबी की खाई पूरी दुनिया में तेजी से बढ़ी है। ऑक्सफैम की रिपोर्ट में कई चिंताजनक बातें उभर कर सामने आई थी। रिपोर्ट में कहा गया था कि आर्थिक असमानता के दृष्टिगत पिछले कुछ वर्ष बहुत खराब साबित हुए हैं और विगत चार वर्षों के दौरान कोरोना महामारी, युद्ध और महंगाई जैसे पैमानों ने विश्वभर में अरबों लोगों को गरीब बनाया है। 2020 के बाद से अब तक दुनिया में करीब 5 अरब लोग गरीब हुए हैं। रिपोर्ट में चिंता जताते हुए कहा गया था कि एक ओर जहां गिने-चुने लोगों की बेतहाशा कमाई हो रही है, वहीं दूसरी ओर अरबों लोग गरीब होते जा रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया के शीर्ष 5 अमीरों की दौलत बीते चार वर्षों के दौरान 405 अरब अमेरिकी डॉलर से दोगुनी से अधिक बढ़ कर 869 अरब अमेरिकी डॉलर हो गई, जिसका स्पष्ट अर्थ है कि इन चार वर्षों के दौरान इन पांच सबसे अमीर लोगों की हर घंटे 14 मिलियन डॉलर (करीब 116 करोड़ रुपये) की कमाई हुई। ऑक्सफैम के मुताबिक सबसे अमीर लोगों ने सांठ-गांठ वाले पूंजीवाद और विरासत के जरिये बनाई गई सम्पत्ति का एक बड़ा हिस्सा हड़प लिया है जबकि गरीब अभी भी न्यूनतम वेतन अर्जित करने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंचने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, जो लगातार कम निवेश से पीड़ित हैं। ये बढ़ती दूरियां और बढ़ती असमानताएं महिलाओं और बच्चों को सबसे ज्यादा प्रभावित करती हैं। रिपोर्ट में चिंता जताते हुए कहा गया कि एक ओर जहां दुनिया के कुछ गिने-चुने लोगों की दौलत रॉकेट की रफ्तार से बढ़ रही है, अमीर लगातार और ज्यादा रईस होते जा रहे हैं, वहीं गरीबों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है, लोगों की आमदनी घट रही है। ऑक्सफैम का कहना है कि यदि दुनिया के सभी अरबपतियों की नेटवर्थ जोड़ लें तो इसमें 4 वर्ष में कई बड़े देशों की जीडीपी से भी ज्यादा वृद्धि हुई है। दुनियाभर के अरबपतियों की सम्मिलित दौलत पिछले चार वर्षों में 3.3 ट्रिलियन डॉलर बढ़ी है जबकि दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भारत की जीडीपी करीब 3.5 ट्रिलियन डॉलर है। रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया के 148 शीर्ष घरानों ने 1800 अरब अमेरिकी डॉलर का मुनाफा कमाया, जो तीन वर्षों के औसत से 52 फीसद अधिक है। जहां अमीर शेयर धारकों को भारी भुगतान किया गया, वहीं करोड़ों लोगों को वास्तविक अवधि के वेतन में कटौती का सामना करना पड़ा। ऑक्सफैम के मुताबिक यदि यही मौजूदा रुझान जारी रहा तो दुनिया से गरीबी आगामी 229 वर्षों तक भी नहीं मिटाई जा सकेगी। ऑक्सफैम ने सरकारों पर सवाल उठाते हुए अपनी रिपोर्ट में कहा है कि दुनियाभर में निजी क्षेत्र कम कर दरों, व्यवस्था की खामियों और अपारदर्शिता को बढ़ावा दे रहे हैं। करों को लेकर नीति निर्धारण में होने वाली लॉबिंग से कर दरों को कम रखा जा रहा है, जिससे सरकारी खजाने को नुकसान हो रहा है जबकि यही पैसा गरीबों के कल्याण पर खर्च हो सकता था। 1948 में कॉरपोरेट टैक्स ह्यओईसीडीह्न (आर्थिक सहयोग और विकास संगठन) देशों में 48 प्रतिशत थे, जो 2022 में घटकर केवल 23.1 प्रतिशत रह गए। ऑक्सफैम इंटरनेशनल के अंतरिम कार्यकारी निदेशक अमिताभ बेहार का दो टूक शब्दों में कहना है कि असमानता की यह स्थिति कोई दुर्घटनावश उत्पन्न नहीं हुई है बल्कि अरबपति वर्ग यह सुनिश्चित कर रहा है कि मौजूदा व्यवस्था बाकी सभी की कीमत पर उन्हें अधिक सम्पत्ति प्रदान करें। उनका सीधा सा आरोप है कि कॉरपोरेट का रवैया और एकाधिकारवादी शक्तियों के कारण ही दुनिया में असमानता बढ़ रही है। दरअसल कामगारों को दबाकर, टैक्स छूट का फायदा लेकर, सरकारी कम्पनियों का निजीकरण करके, जलवायु परिवर्तन को बढ़ावा देकर अमीर लोग अपनी सम्पत्ति को बढ़ा रहे हैं, साथ ही वे सत्ता का दुरुपयोग कर-के भी हमारे अधिकारों और लोकतंत्र को कमजोर कर रहे हैं। ऑक्सफैम का भारत के संदर्भ में कहना है कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है लेकिन यह सबसे असमान देशों में से भी एक है। भारतीय आबादी के शीर्ष 10 फीसद लोगों के पास कुल राष्ट्रीय सम्पत्ति का 77 फीसद हिस्सा है। 2017 में उत्पन्न 73 फीसद सम्पत्ति सबसे अमीर 1 फीसदी के पास चली गई थी जबकि 670 मिलियन भारतीय, जो आबादी का सबसे गरीब आधा हिस्सा हैं, उनकी सम्पत्ति में केवल 1 फीसदी की वृद्धि देखी गई थी। ऑक्सफैम के अनुसार देश में एक दशक में अरबपतियों की सम्पत्ति करीब 10 गुना बढ़ गई और उनकी कुल सम्पत्ति वित्त वर्ष 2018-19 के लिए भारत के पूरे केंन्द्रीय बजट से अधिक है, जो 24422 बिलियन रुपये थी। कई आम भारतीय अपनी जरूरत की स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच पाने में सक्षम नहीं हैं, जिनमें से 63 मिलियन (हर सैकेंड दो) लोग प्रतिवर्ष स्वास्थ्य देखभाल की लागत के कारण गरीबी में धकेल दिए जाते हैं। भारत सरकार अपने सबसे धनी नागरिकों पर बमुश्किल कर लगाती है, सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल पर इसका खर्च दुनिया में सबसे कम है जबकि अच्छी वित्त पोषित स्वास्थ्य सेवा के स्थान पर इसने तेजी से शक्तिशाली वाणिज्यिक स्वास्थ्य क्षेत्र को बढ़ावा दिया है, जिसके परिणामस्वरूप अच्छी स्वास्थ्य देखभाल केवल उन लोगों के लिए उपलब्ध विलासिता है, जिनके पास इसके लिए भुगतान करने के लिए पैसे हैं।

बहरहाल, विश्व के कई अन्य देशों के साथ भारत में भी बढ़ती आर्थिक असमानता काफी चिंताजनक है क्योंकि बढ़ती विषमता का दुष्प्रभाव देश के विकास और समाज पर दिखाई देता है और इससे कई प्रकार की सामाजिक और राजनीतिक विसंगतियां भी पैदा होती हैं। आर्थिक विषमता आर्थिक विकास दर की राह में भी बहुत बड़ी बाधा बनती है। हालांकि संयुक्त राष्ट्र जैसी कुछ वैश्विक संस्थाओं के अलावा कुछ देशों की सरकारें भी गरीबी उन्मूलन, बेरोजगारी और आर्थिक असमानता को दूर करने के लिए वर्षों से प्रयासरत हैं लेकिन बेहतर परिणाम सामने आते नहीं दिख रहे। यही कारण है कि ऑक्सफैम द्वारा प्रतिवर्ष दुनियाभर में सरकारों से यह आव्हान किया जाता रहा है कि वे धनी लोगों पर उच्च सम्पत्ति कर लगाते हुए श्रमिकों के लिए मजबूत संरक्षण का प्रबंध करें। दरअसल बड़े औद्योगिक घरानों पर कर लगाकर सार्वजनिक सेवाओं के लिए आवश्यक संसाधन जुटाए जा सकते हैं।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

## कविता

अजनबी साँसों की छाँव।
जब तक थे साथ,
अकेलेपन से घबराए,
शमार्ये सकुचाये ,
साथ साथ हम कदम,
चलना मुस्कुराना हंसना,
खिलखिलाना, रोना,
सब कुछ एक साथ,
सांसों की महक, बदन की खुशबू,
खुश गवार हवा के झोंके,
पत्तों की चरमराहत,
खामोश कदमों की आहट,
बदन की खुशबूओं का स्पर्श,
हमकदम से सब कुछ,
संबंधों के अजनबी होने का
एहसास हवा में था,
अब दूर है
एहसास सभी से,
सब कुछ दूर बहुत दूर,
अजनबी सांसों की छांव,
कितने अलग-थलग,
हवा की सनसनाहट भी पराई,
अजनबी खुशबू,
पराई पगढंडिया,
फिजाएं भी अजनबी,
सब कुछ तन्हा, आदत भी,
अलग होने का एहसास,
बंधन टूटने का,
दूर बहुत दूर होने का

संजीव

## सियासत और स्वच्छ मिशन

**डॉ. सुरेश कुमार**

जिंदगी की कुछ सच्चाइयाँ केवल दीवार पर लिखने लायक होती हैं। ऐसा करने से राह आते-जाते जानवर कम और लोग ज्यादा उसे अपने अल्पशंका विसर्जन से मिटाने के दीर्घावधि प्रयासों में जोर-शोर से भाग लेते हैं। यही कारण है कि बड़ी-बड़ी सड़कों के किनारे जितनी भी दीवारों पर नेकी वाली बातें लिखी जाती हैं उन्हें अल्पशंका के दरिया में तिलांजली दे दी जाती है। एक पौधा लगाना तो दूर लगे-लगाए पौधे को पानी देना भी जिनके लिए ओलंपिक मेडल प्राप्त करने जितनी मेहनत का काम लगे वही लोग इन दीवारों के पास अपनी समृद्ध यूरिया वाली जलराशि से घने पेड़-पौधे उगा देते हैं। ये पेड़-पौधे भी अपने समृद्ध यूरिया प्रदाता के प्रति इतने विश्वासपात्र होते हैं कि लाख इन्हें काटने का प्रयास किया जाए बेहयाओं की तरह फिर से उग आते हैं। ऊपर से मौनी बाबा बनकर बोल बच्चन करते हैं कि चोर-उचक्के, लुटेरे, बलात्कारियों को लाख संसद में आने से रोकते हो, फिर भी वे बेहयाओं की तरह संसद की चौखट प्रवेश करने से बाज नहीं आते। क्या हम इन नेताओं से इतने गए गुजरे हैं जो हमें स्वच्छ भारत के नाम पर काटने पर आमदा हो गए हो? सच कहें तो यही पेड़-पौधे बेहयाओं की तरह उगकर दीवारों पर बने गांधीजी और उनकी ऐनक के चित्र की इज्जत बचाते हैं। वे न होते तो कब के महात्मा गांधी अल्पशंकाधारियों के हाथों नप गए होते। विश्वास न हो तो इनकी अनुपस्थिति वाली दीवारों से ही पूछ लें। लाख चाहे स्वच्छता को बाहर ढूँढ़े लेकिन भीतर का कचरा बाहर की स्वच्छता पर हमेशा भारी पड़ता है। कुछ मौनी अपनी हरकतों से बोल बच्चनों को चप्पल शॉल में लपेटकर मारते हैं। अब देखिए न पानी अपना पूरा जीवन देकर मौनी पेड़ को बड़ा करता है इसीलिए पानी लकड़ी को डूबने नहीं देता और एक हम हैं जो सारा जीवन पानी पीकर औरों के लिए पानी का नामोंनिशान नहीं छोड़ते। गांधी जी ने अपनी ऐनक से जो देखा सो देखा आज उनकी ऐनक राजनीति के धोबी घाट पर नेताओं की धोबी पछाड़ का शिकार हो रही है। उनकी ऐनक से सत्य, अहिंसा, धर्म, न्याय दिखायी दे या न दे चुनाव, वोट, मतदाता, सत्ता, कुर्सी यही सब दिखाई देते हैं। जीवन में जो बात खाली पेट और खाली जेब सिखाती है वही बात सत्ता के पहले चार वर्ष सिखाती हैं और बचा-खुचा अंतिम वर्ष में मुंगेरीलाल के हसीन सपने पूरा कर देते हैं। गांधी जी जीवनभर स्वच्छता की पिपुड़ी बजाते रह गए और आजकल के नेता हैं कि दुर्व्यवहारों का कचरा लिये उन्हीं के नाम पर एमएलए-एमपी बन गए। जिस तरह कमल दलदल में खिलकर कलंकित नहीं होता ठीक उसी तरह कोई अच्छी बात मिंया खलीफा, रेहाना और ग्रेटा थुनबर्ग को यह कहने से कलंकित नहीं हो जाती। वे भारतीय सियासी कचरे से घिरी किसानी रूपी स्वच्छता को बचाने के लिए दो बोल क्या बोल दिए कि सत्ता उन पर अपने बोल बच्चन का कचरा फेंकने से बाज नहीं आ रहा। आज गांधी जी होते तो अपने स्वच्छता शब्द पर बड़ा पछताते। आज उनकी स्वच्छता गंदगी मिटाने के नाम पर सियासी चंगुल में बंधकर चुनावी मैदान में कचरे का ढेर बनता जा रहा है। दवा जेब में नहीं, शरीर में जाये तो उसका असर होता है।

## विचार

# अंकगणित के साथ विमर्श के मोर्चे पर भी पिछड़ी कांग्रेस

**विकास सक्सेना**

देश के आम चुनाव के लिए सौ दिनों से भी कम समय बचा है, सभी राजनैतिक दल इसके लिए अपने-अपने तरीके से सियासी बिसात बिछा रहे हैं। विपक्षी दलों के कई नेताओं के साथ आने से भाजपा का कुनबा बढ़ रहा है तो विपक्षी गठबंधन बनाकर भाजपा विरोधी विमर्श खड़ा करने की जुगत में लगी कांग्रेस को इस साल की शुरूआत से ही एक के बाद एक झटके लग रहे हैं। केरल, पश्चिम बंगाल, पंजाब और दिल्ली में गठबंधन की संभावना खत्म होने से चुनावी अंकगणित के मामले में कांग्रेस तेजी से पिछड़ ही रही थी। इसी बीच पार्टी ने पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को राजस्थान से राज्यसभा भेजने का हैरान करने वाला निर्णय लिया है। उत्तर प्रदेश की रायबरेली सीट को छोड़ कर सुरक्षित तरीके से राज्यसभा सांसद बनने के फैसले से विमर्श के मोर्चे पर भी कांग्रेस पिछड़ गई है। केंद्र की सत्ता से भाजपा को बेदखल करने के लिए कांग्रेस और कई क्षेत्रीय दलों ने गठबंधन तैयार किया है। इससे उत्साहित मोदी विरोधी दलों के नेता कह रहे थे सामूहिक विपक्ष का उम्मीदवार उतार कर वे आसानी से भाजपा को हरा सकते हैं। अपने दावों को पुष्ट करने के लिए वे पिछले चुनावों में भाजपा को मिले वोट और अन्य दलों को मिले मतों का अंकगणित लगा कर यह समझाने की कोशिश में जुटे हैं कि जो वोट भाजपा को नहीं मिले हैं वे विपक्ष के साझा उम्मीदवार को मिल जाएंगे। इस तरह विपक्षी गठबंधन अजेय दिख रही भाजपा को आसानी से हरा देगा। इसके साथ ही चुनावी रैलियों में प्रमुख क्षेत्रीय नेताओं के एक मंच पर एकजुटता दिखाने से भाजपा विरोधी विमर्श तैयार करना भी आसान होगा। भाजपा के खिलाफ वातावरण तैयार करने के लिए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मणिपुर से भारत जोड़ो न्याय यात्रा प्रारम्भ की है। इस यात्रा के पश्चिम बंगाल पहुंचने से पहले ही विपक्षी गठबंधन की प्रमुख नेता ममता बनर्जी ने ऐलान कर दिया कि उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस पश्चिम बंगाल की सभी सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेगी। इसी तरह पंजाब में आम आदमी पार्टी के मुख्यमंत्री भगवत सिंह मान भी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस से समझौता न करने की बात कर ही रहे थे कि अब दिल्ली में भी आम आदमी पार्टी, कांग्रेस को सात में से सिर्फ एक सीट छोड़ने की बात कर रही है। विपक्षी गठबंधन के नेताओं और शुभचिंतकों को सबसे ज्यादा उम्मीदें बिहार से थीं। यहां राजद, जदयू, कांग्रेस और वामदलों के महागठबंधन की सरकार भी चल रही थी। यहां मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ही पटना में पहली बैठक आयोजित करके विपक्षी गठबंधन की नींव रखी थी। लेकिन राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के बिहार पहुंचने से पहले ही नीतीश कुमार एक बार फिर पाला बदल कर राजग में शामिल हो गए हैं। केरल में मुख्य मुकाबला माकपा के नेतृत्व वाले एलडीएफ और कांग्रेस नीत यूडीएफ के बीच होता है यहां भाजपा का जनाधार सीमित है। लोकसभा चुनाव 2019 में राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश की अमेठी सीट के अलावा केरल के वायनाड से भी चुनाव लड़ा था। यहां की 20 में से 19 सीटों पर कांग्रेस गठबंधन ने जीत हासिल की थी। इसको लेकर वामदल काफी चौकन्ने हैं। केरल के कम्युनिस्ट नेता कांग्रेस पर तीखे हमले कर रहे हैं और उन्होंने लोकसभा चुनाव में कांग्रेस से किसी तरह का समझौता न करने का ऐलान किया है। उत्तर प्रदेश में बसपा सुप्रीमो मायावती के गठबंधन में शामिल न होने की घोषणा से ही विपक्षी एकता की बातें औचित्यहीन लग रही थीं लेकिन रालोद नेता जयंत चौधरी के राजग में शामिल होने के बाद तो विपक्षी कुनबा बुरी तरह बिखर चुका है। सपा और कांग्रेस के तमाम कार्यकर्ता पार्टी नेताओं के राममंदिर विरोधी बयानों से असहज महसूस कर रहे हैं। हिन्दू धर्म, भगवान राम और रामचरित मानस के खिलाफ लगातार अनर्गल बयानबाजी कर रहे सपा के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उनकी शिकायत है कि उनके बयानों को पार्टी की तरफ से समर्थन नहीं मिल रहा है जबकि सपा नेताओं का एक वर्ग उनके बयानों से नाराज है और उनके खिलाफ कार्रवाई चाहता है। राज्यसभा चुनाव में टिकट वितरण को लेकर अपना दल (कमेराबादी) की विधायक पल्लवी पटेल ने भी बगावत कर दी है।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# मानवीय शक्ति की क्रांति और प्राकृतिक ऊर्जा की जुगलबंदी

**संजीव**

जब हम अपने विकास का इतिहास देखते हैं तो ब्रिटिश सत्ता के दौरान हमारे संसाधनों का प्रकृति का अंधाधुंध दोहन होता रहा है। आजादी हमें मिली है यानी कि मानव को परंतु प्रकृति आजादी से अछूती रही है। अमूमन हमारी जरूरत रोटी, कपड़ा, मकान और जल की थी कि हमको उद्योग धंधे का विकास तीव्र गति से करना पड़ा। मशीनें जीती बड़ी से बड़ी होती गई आदमी उतना ही बौना होता गया। कृषि में नई नई तकनीक ट्रैक्टर, रसायनिक उर्वरक, कीटनाशकों के प्रयोग से भूमि बंजर होकर कराहाने लगी। विकास का सही मायने माननीय शक्तियों के साथ ऊर्जा और उसकी शक्ति तथा सामर्थ्य का सही उपयोग ही होगा। जब से हमने विकास के पथ पर उड़ान भरी है उद्योगों की चिमनी यों को ऊपर उठाया मोबाइल क्रांति का बटन दबाया ई-मेल पर सवार होकर विश्व संदेश को सुना तब से हमारे झरनों का कल कल स्वर और संगीत बंद हो गया, पक्षियों का कलरव बंद हो गया पक्षी अब चीत्कार कर रहे हैं। नदी नाले सूखकर मृतप्राय हो गए हैं। समुद्र की लहरों की झंकार विलुप्त हो गई है और पानी खारा और खारा हो गया है। अब हमें यह सोचना है कि विकास के नाम पर हमें ग्रीन इंडिया चाहिए या इंटरनेट की सवारी कर डिजिटल इंडिया चाहिए। बच्चों की झोली में इंटरनेट को डालकर डिजिटल जेनरेशन का सपना देखना चाहिए या प्रकृति की गोद में सुगंधित वायु की लहरों में खो जाना चाहिए। झरनों में बैठकर नौका विहार का आनंद लेना चाहिए या कंप्यूटर में बैठकर नेट खोल कर नन्हे मुन्ने की आंखों पर जोर डालकर उन्हें चश्मा वाला बनाना चाहिए। हरा भरा हिंदुस्तान यानी कि ग्रीन इंडिया और डिजिटल इंडिया का सपना नदी के दो कभी ना मिलने वाले किनारे हैं। विकास के नाम पर असीमित उद्योग धंधों की बाढ़ आ गई है। भूमि समाप्त हो रही है साथ ही हमारी वायु विषैली हो गई है। रात में शहरी मकानों मैं बिजली के झालरों के सामने आकाश में रात्रि के तारों की चमक फीकी पड़ गई है। जंगलों को हम ऐसे साफ करते गए जैसे सड़क पर रोड रोलर चला रहे हैं। नगर बने ,महानगर बने ,मकान बने किंतु अब घर गायब होते गए, हमें तब सुध आई जब चिड़िया चुग गई खेत, हमें विकास के नाम पर मानव सभ्यता से जुड़ी जमीन पानी, हरियाली, पक्षी जानवर सब चाहिए।

## हुक्का स्वास्थ्य के लिए घातक

**डॉ. अशोक कुमार वर्मा**

**नशा मुक्त** समाज के निर्माण में केवल सरकार की एक तरफा कार्रवाई पर्याप्त नहीं है अपितु यह सबकी जिम्मेदारी है। प्रत्येक माता पिता चाहता है कि उसके बच्चे नशे से दूर रहें। कुछ लोग स्वयं नशा करते हैं और अपने बच्चों को नशा करने से रोकते हैं दूसरी और कुछ व्यक्ति नशा नहीं करते लेकिन अपनी दुकानों और खोखों में धूम्रपान जैसे विषैले पदार्थ बेचते हैं। अनेक ऐसे लोग भी हैं जो शिक्षण संस्थान के बिल्कुल निकट में ऐसे पदार्थ बेच रहे होते हैं। प्रश्न उठता है कि इस पर पूर्ण रूप से लगाम कैसे कसी जाए। पहले गाँव की चौपाल में हुक्का होता था। केवल बुजुर्ग लोग हुक्के का सेवन करते थे। समय के अनुसार हुक्का प्राय: लुप्त हो गया था लेकिन आज पुनः हुक्के का प्रचलन चरम पर है। आज गाँव ही नहीं अपितु शहरों में लोग अपनी दुकानों के बाहर हुक्के का प्रयोग करते हुए मिलेंगे। आज तो विवाह समारोह में चले जाओ अथवा अन्य समारोह में वहां पर हुक्का परोसा जा रहा है और वो भी बदले हुए रूप में इ हुक्का के नाम पर। छोटे बड़े बच्चे जिनकी आयु अभी १२/13 वर्ष है वे भी इ हुक्के का स्वाद चख रहे होते हैं। यह प्रवृत्ति दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है जो चिंता का विषय है। आज युवाओं में हुक्के, इ हुक्के और इ सिगरेट के प्रति बढ़ रहे रुझान को कैसे कम किया जाए। हम सबको मिलकर इस बात को समझना होगा कि हुक्का मनुष्य के लिए बहुत घातक है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार हुक्का पीने से शरीर में धुआं जाता है जिससे फेफड़ों में संक्रमण बढ़ता है और दमा की समस्या हो सकती है। इतना ही नहीं यह ह्रदय रोग और ह्रदयघात का कारण भी बनता है। इ हुक्का में जो फ्लेवर्स प्रयोग होते हैं उनसे कैंसर जैसी घातक समस्या उत्पन्न हो रही है। आजकल विवाह समारोह आदि में भी यह प्रचलन में आ रहा है। एक हुक्के को कई लोग पीते हैं जिससे एक से दूसरे में कई तरह की बैक्टीरियल डिजीज होने का खतरा रहता है। मुंह की कोई बीमारी दूसरे में जा सकती है। हुक्का पीने से यूरिन में क्रेटिनिन की मात्रा बढ़ सकती है, जिससे किडनी की बीमारियां हो सकती हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2022 में भारत में कैंसर के 14.1 लाख से अधिक मामले सामने आये हैं इस रोग के कारण 9.1 लाख से अधिक मृत्यु हुई है।

# प्री प्रेग्नेंसी काउंसलिंग हेल्थ प्लस

प्रेग्नेंसी के दौरान सेहत व खानपान के लिए डॉक्टर की सलाह जितनी जरूरी है, उतनी ही महत्वपूर्ण है प्री प्रेग्नेंसी काउंसलिंग। इसलिए अगर आप अपना परिवार बढ़ाने के बारे में सोच रही हैं, तो डॉक्टर से इसके बारे में कंसल्ट जरूर करें...



**स्वस्थ** शिशु के जन्म के लिए यह बहुत जरूरी है कि प्रेग्नेंसी प्लान करने से पहले पति-पत्नी दोनों स्त्री रोग विशेषज्ञ से मिलकर इस संबंध में सारी बातें जान लें। जब आप अपना परिवार बढ़ाने की प्लानिंग करें, तब कम से कम तीन महीने पहले से आपको इसके लिए तैयारी शुरू कर देनी चाहिए।

**खानपान**

स्वस्थ शिशु के जन्म के लिए यह बहुत जरूरी है कि गर्भधारण से पहले अपने खानपान की ओर खास ध्यान दें। रोजाना के भोजन में कैल्शियम, आयरन और प्रोटीन की मात्रा बढ़ाएं। हरी पत्तेदार सब्जियों, फलों व मिल्क प्रॉडक्ट्स का सेवन बढ़ाएं। अगर डायबिटीज या हाई ब्लड प्रेशर की फैमिली हिस्ट्री हो, तो डाइट में मीठे व नमक का सेवन कम कर दें। फ्राइड, स्पाइसी और फास्ट फूड से कुछ समय के लिए दूरी बना लें।

**सप्लीमेंट्स**

कंसीव करने के कम से कम तीन महीने पहले से डॉक्टर की सलाह के अनुसार फॉलिक एसिड का सेवन शुरू कर देना चाहिए, क्योंकि सबसे पहले बच्चे के मस्तिष्क और उसकी रीढ़ की हड्डी का निर्माण शुरू होता है और इसे बनाने में फॉलिक एसिड की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसकी कमी से बच्चे को नर्वस सिस्टम से संबंधित समस्याएं हो सकती हैं।

ज्यादातर स्त्रियों को एनीमिया की समस्या होती है। हीमोग्लोबिन की कमी के कारण मां की जान को खतरा हो सकता है, अबॉर्शन हो सकता है, बच्चे में जन्मजात नुक्स हो सकते हैं और बच्चे का विकास भी प्रभावित हो सकता है। इसलिए यदि आप एनीमिक हैं, तो डॉक्टर की सलाह से आयरन सप्लीमेंट व विटामिन बी 12 अवश्य लें।

**वैक्सीनेशन**

अगर किसी स्त्री को रूबेला का वैक्सीन नहीं लगा हो, तो कंसीव करने से पहले उसे यह टीका लगवा लेना चाहिए। सर्विक्स और हैपेटाइटिस की वैक्सीन भी यदि न लगी हो, तो वो भी लगवा लें। लेकिन ये वैक्सीन लगवाने के बाद कम से कम तीन महीने तक प्रेग्नेंसी के लिए कोशिश नहीं करनी चाहिए।

**जनरल टैस्ट**

**एचआईवी:** पति-पत्नी दोनों के लिए एचआईवी टैस्ट करवाना जरूरी है, क्योंकि अगर मां एचआईवी पॉजीटिव हो, तो बच्चे को भी इसका खतरा रहता है।

**ब्लड ग्रुप:** पति-पत्नी दोनों के ब्लड ग्रुप्स की जांच होनी चाहिए। यदि स्त्री का ब्लड ग्रुप नैगेटिव हो, तो प्रेग्नेंसी के दौरान खास एहतियात बरतना पड़ता है।

**हैपेटाइटिस बी:** पति-पत्नी दोनों को हैपेटाइटिस बी की जांच करवानी चाहिए और इसके टीके भी जरूर लगवा लेने चाहिए।

**डायबिटीज:** स्त्री के लिए डायबिटीज की जांच बहुत जरूरी है, क्योंकि अगर मां को यह समस्या हो, तो प्रेग्नेंसी के दौरान मां व बच्चे दोनों को कई तरह की सेहत संबंधी दिक्कतें पेश आ सकती हैं।

**हाई ब्लड प्रेशर:** हाई ब्लड प्रेशर के कारण बच्चे की ग्रोथ पर असर पड़ता है व मिसकैरेज का खतरा बढ़ जाता है। यदि आपका वजन अधिक है या हाई ब्लड प्रेशर की फैमिली हिस्ट्री है, तो पहले वजन कम करें।

**हाइपोथाइरॉइड:** हाइपोथाइरॉइड के कारण कंसीव करने में परेशानी हो सकती है, बच्चे की ग्रोथ व ब्रेन की डिवैलपमेंट पर असर पड़ सकता है और मिसकैरेज की संभावना भी बनी रहती है।

**सिफलिस:** कंसीव करने से पहले स्त्री के लिए सिफलिस की जांच जरूरी है, क्योंकि इससे डिलिवरी के समय कई तरह की समस्याएं आ सकती हैं।

**आनुवांशिक बीमारियों की जांच**

अगर आपके या पति के परिवार में किसी खास बीमारी की फैमिली हिस्ट्री रही हो, तो उसके बारे में डॉक्टर को जरूर बताएं। गर्भधारण से पहले पति-पत्नी दोनों को थैलेसीमिया की जांच जरूर करवानी चाहिए। यह आनुवांशिक बीमारी है। अगर पति-पत्नी दोनों को माइनर थैलेसीमिया हो, तो बच्चे को मेजर थैलेसीमिया होने का खतरा होता है, जोकि एक गंभीर बीमारी है। इसमें रोगी को हर तीन महीने के अंतराल पर ब्लड ट्रांसफ्यूजन की जरूरत होती है।

**वजन करें नॉर्मल**

मां बनने की कोशिश करने से पहले हर स्त्री को अपने वजन पर ध्यान देना चाहिए। ओवरवेट या अत्यधिक दुबलेपन के कारण गर्भधारण में भी मुश्किलें आ सकती हैं। अगर स्त्री का वजन बहुत ज्यादा हो, तो प्रीमेच्योर डिलिवरी की आशंका बनी रहती है, जबकि कम वजन के कारण प्रेग्नेंसी के दौरान कई तरह की सेहत संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

**लाइफ स्टाइल**

पति-पत्नी दोनों ही एल्कोहल और सिगरेट से दूर रहें। इनके सेवन से पुरुषों में स्पर्म काउंट कम हो जाता है। इससे शारीरिक व मानसिक रूप से विकृत शिशु के जन्म या मिसकैरेज की आशंका रहती है।

**...अगर ले रही हों कंट्रासैप्टिव**

गर्भनिरोधक गोलियों के सेवन के दौरान रोजाना एक गोली फॉलिक एसिड की जरूर लेनी चाहिए। जब कंसीव करने की इच्छा हो, तो गर्भनिरोधक गोलियों का सेवन बंद कर देना चाहिए, पर फॉलिक एसिड की गोली लेते रहें।

**मत छिपाएं कोई बात**

बच्चे की प्लानिंग करते समय यदि किसी भी हैल्थ प्रॉब्लम के लिए आप कोई मैडिसिन ले रही हैं, तो डॉक्टर को इसके बारे में जरूर बताएं। ये बच्चे की डिवैलपमेंट पर बुरा असर डाल सकती हैं। मैडिसिन का कोर्स पूरा होने के बाद ही कंसीव करने की प्लानिंग करें। अगर आप दोनों के परिवारों में से किसी को डाउन सिंड्रोम, डिप्रैशन या मनोवैज्ञानिक समस्या हो, तो डॉक्टर को जरूर बताएं। इसके कारण जन्म से पहले व बाद में भी शिशु और मां दोनों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

# शादी बढ़ाती है कैंसर से लड़ने की क्षमता



**संभवतः** विवाह टूटने का तनाव कैंसर से लड़ने की क्षमता कम करता है। एक नए शोध के अनुसार विवाहित लोगों में कैंसर का सामना करने की संभावना अधिक होती है, जबकि ऐसे लोगों के लिए कैंसर से बचना मुश्किल हो सकता है, जिनकी शादी टूटने की स्थिति में है। अमेरिका की इंडियाना यूनिवर्सिटी ने 1973 से 2004 के बीच 38 लाख कैंसर रोगियों के आंकड़ों का अध्ययन करने के बाद ये निष्कर्ष निकाला है।

शोधकर्ताओं ने पाया कि शादीशुदा कैंसर रोगियों की रोग होने के बाद पांच साल तक जीवित रह पाने की संभावना 63 फीसदी होती है। लेकिन इसकी तुलना में ऐसे विवाहित लोगों के कैंसर से पांच साल तक लड़ पाने की संभावना 45 फीसदी होती है जिनकी शादी टूटने के कगार पर है।

विज्ञान जर्नल कैंसर में प्रकाशित होनेवाली शोध रिपोर्ट में कहा गया है कि संभवतः शादी टूटने के तनाव के कारण रोगियों की कैंसर से लड़ने की क्षमता कम हो जाती है।

इसके पहले भी शादी और सेहत को लेकर कई अध्ययन किए गए हैं। इनमें कई स्टडीज में पाया गया है कि जीवनसाथी का प्यार और साथ रोग से लड़ने के लिए बहुत जरूरी होता है।

शोधकर्ताओं ने अध्ययन के दौरान विवाहित, अविवाहित, विधवा-विधुर, तलाकशुदा और शादी टूटने की स्थिति वाले कैंसर रोगियों के बारे में स्टडी की और यह पता लगाने की कोशिश कि इनमें से कितने लोग कैंसर के बाद पांच से 10 साल तक जीवित रहे। उन्होंने पाया कि विवाहित व अविवाहित रोगियों के कैंसर से लड़ पाने की संभावना सबसे अधिक रही। उनके बाद तलाकशुदा व विधवा-विधुर रोगियों का स्थान आता है।

इस शोध की मुख्य वैज्ञानिक डॉक्टर ग्वेन स्प्रेन ने कहा कि इस अध्ययन से यह पता चलता है कि कैंसर रोगियों में ऐसे लोगों पर सबसे अधिक ध्यान दिया जाना चाहिए जिनकी शादी टूटने वाली है। लेकिन साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि इस दिशा में और अध्ययन किए जाने की जरूरत है। शादी टूटने की स्थिति वाले रोगियों के कैंसर से लड़ पाने की क्षमता कम होने के और भी कई कारण हो सकते हैं।

# जब बात हो डिनर की

**भागदौड़** भरी जिंदगी में सारा दिन घर और ऑफिस का काम करने के बाद कई बार महिलाएं इतना थक जाती हैं कि वे डिनर बनाने से मुक्ति पाना चाहती हैं। इसके लिए सबसे आसान उपाय रहता है या तो बाहर रेस्तरां में खाना खाया जाए या फिर फास्ट फूड से गुजारा चलाया जाए। लेकिन ये दोनों ही ऑप्शन सेहत के लिए खराब हैं। इनसे हमारी भूख तो मिट जाती है, पर शरीर कई बीमारियों का शिकार हो जाता है।

खाना केवल पेट भरने के लिए ही नहीं खाया जाता, बल्कि अच्छी सेहत के लिए खाया जाना चाहिए। कामकाजी दम्पति नाश्ता तो जल्दबाजी में कर लेते हैं, लंच भी ऑफिस में ही हो जाता है, पर डिनर में वे पोषक तत्वों का ध्यान रख सकते हैं। डिनर संतुलित और पौष्टिक होना चाहिए। याद रखें काम का चाहे कितना भी बोझ क्यों न हो, सड़क के किनारे बिकने वाला खाना खाने से बचें।



डिनर के मेन्यू में कुछ बातों का ध्यान रखकर आप हैल्दी जिंदगी इंजॉय कर सकते हैं:

- सोने से कम से कम दो घंटे पहले डिनर जरूर कर लें। डिनर में कम लेकिन न्यूट्रिशस फूड आइटम्स ही लें, क्योंकि इससे दिनभर की थकान से टैंस हुए मसल्स को रिलैक्स होने में मदद करती है।
- डिनर हमेशा लाइट लें, हैवी डिनर आपको ड्राउजी बना देता है और आपको कम्फर्टेबल व साउंड नींद नहीं आती।
- क्रीमी सूप, व्हाइट ब्रेड, सफेद चावल, पेस्ट्री, पिज्जा और बचेखुचे खाने आदि से परहेज करें। इनमें पोषक तत्व नाममात्र होते हैं और ये स्लीप पैटर्न को खराब करते हैं।
- तला-भुना खाना न खाएं, इससे गैस, हार्ट बर्न व इन्डाइजेशन होती है। इसके बजाय ग्रिल्ड, बेक्ड और उबला हुआ खाना खाएं।
- चीनी युक्त चीजों का सेवन कम करें, क्योंकि ये आपके शरीर के शुगर लैवल को बढ़ा सकती हैं।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ)
लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। व्यापारिक का अवसर आ सकता है।धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। शुभांक-4-6-8

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। यात्रा का योग है। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-5-7-9

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा)
प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-7-8-8

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। शुभांक-4-6-7

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़े अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-4-5-6

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। स्वास्थ्य लाभ में व्यय होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। शुभांक-7-8-9

**तुला** (रा री रू रे रो ता ती तू ते)
स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बने रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-3-5-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू)
लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। शुभांक-3-6-7


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-3-6-7

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी)
प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। स्नेहजनों की सहानुभूतियां होंगी। स्वविवेक से कार्य करें। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। पूजा-पाठ आदि धार्मिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-2-5-7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
किसी से कहा सुनी न हो यह ध्यान रखें। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म में रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। स्नेहजनों की सहानुभूतियां होंगी। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-4-7-8

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। शुभांक-5-7-8

## काकुरो पहेली - 1992




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आगे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए, किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः

1 2 3 5

1: 1+2+3+4+5+6=21
2: 1+2+3+4+5+7=22
3: 3+5+6+7+8+9=38
4: 4+5+6+7+8+9=39

काकुरो - 1991 का हल



## हंसी के फूव्वारें

फौजदारी का मुकदमा था.

अपराध स्वीकार कर लेने के पश्चात वकील ने अपराधी से पूछा- 'तुमने उसे कितने थप्पड़ मारे थे ?'

'जी एक !'

तभी वह आदमी चिल्ला पड़ा जिसे मार पड़ी थी- 'यह झूठ बोलता है मीलॉर्ड ! इसने मुझे पांच थप्पड़ मारे थे !'

इस पर अपराधी ने भोलेपन से कहा- 'मीलॉर्ड ! मैंने मारा तो एक ही थप्पड़ था, पर इसके स्वास्थ्य को देखते हुए मैंने उसे पांच किश्तों में बांट दिया था.'

□ □ □

एक बार परेड हो रही थी.

एक कमांडर को बहुत कम जवानों के नाम याद रहते थे. वह जिस किसी जवान का नाम जानता था, परेड के समय उसी को ज्यादा टोकता था.

उस दिन परेड में वह चिल्लाया- 'महेश ! परेड के साथ नहीं चलते. कदम बराबर मिलाओ ! तुम बहुत सुस्त चलते हो.'

'सर !'

सूबेदार ने सूचना दी- 'महेश तो आज छुट्टी पर है.'

'तो क्या हुआ ?'

कमांडर और जोर से चीखा- 'वह वहां भी सुस्त चल रहा होगा.'

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 1992



**बायें से दायें:-**

१. मनोज बाजपेयी, अरशद, तब्बू की 'बाब मेरी ये' गीत वाली फिल्म-२
२. 'जीवन से भरी' गीत वाली राजेश खन्ना, शर्मिला टैगोर की फिल्म-३
४. सुनील शेट्टी, शिल्पा शेट्टी की 'हैलो हैलो बोलके' गीत वाली फिल्म-३
६. 'ऐसा मिलन कल हो ना' गीत वाली सैफअली, काजोल की फिल्म-३
८. कुमार गौरव, विजयेता की 'याद आ रही है' गीत वाली फिल्म-२,२
१०. 'आँधी' की नायिका कौन थी-२
११. 'दिल में छुपाके प्यार' गीत वाली दिलीपकुमार, निम्मी की फिल्म-२
१३. दिलीपकुमार, मीना की 'तरह ना बोले ना' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'किसी से तुम' गीत वाली लारा दत्ता, प्रियंका, अक्षय की फिल्म-३
१६. राजकपूर, राजेंद्र, वैजयंती की 'मैं क्या करूंगा' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'छूकर मेरे मन को' गीत वाली अमिताभ, अमजद, नीतू की फिल्म-३
२०. फिल्म 'कहानी किस्मत की' में धर्मेंद्र के साथ नायिका कौन थी-२
२२. नसीर, आमिर, सोनाली, उपासना की 'जो हाल दिल' गीत वाली फिल्म-५
२४. 'दिल में जागी धड़कन' गीत वाली लकी अली, गौरी की फिल्म-२
२५. अशोककुमार के गाये बालगीत 'रेलगाड़ी रेलगाड़ी' वाली फिल्म-४
२६. 'घर आजा परदेसी' गीत वाली सनी देओल, अमीषा की फिल्म-३
२८. संजयदत्त, मनीषा की 'कसम से कसम से' गीत वाली फिल्म-३
२९. अजय, अभिषेक, रानी, एशा की 'कभी नीम नीम' गीत वाली फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. सनी देओल, मीनाक्षी की फिल्म-३
२. संजयदत्त, जूही चावला की 'आवारे पागल आला' गीत वाली फिल्म-३
३. आशुतोष गोवारीकर की बहुचर्चित फिल्म 'लगान' के संगीतकार कौन है-४
४. जीतेंद्र, रीना रॉय की फिल्म-२
५. संजय खान, मुमताज की 'ऐ हसीनों नाजनीनों' गीत वाली फिल्म-२
७. 'दिल मेरा अकेला' गीत वाली आमिर, फैजल, ट्विंकल की फिल्म-२
९. फिल्म 'मन की आँखें' की नायिका थी-३
११. शाहरुख, माधुरी की 'बड़ी मुश्किल है' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'गोरिया रे गोरिया रे' गीत वाली जैकी, जूही, अमृता की फिल्म-३
१३. राजकपूर, नर्गिस की 'काहे कोयल शोर मचाये' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'तन्हा तन्हा दिल धड़के' गीत वाली अक्षय कुमार, सोनाली की फिल्म-३
१५. 'अभिमान' में अमिताभ की नायिका-२
१६. राज बब्बर, रेखा की 'तनहाई ना जाये' गीत वाली फिल्म-३
१८. सलमान खान, करीना की फिल्म-३
१९. 'बेचारा दिल क्या करे' गीतवाली फिल्म-३
२१. धर्मेंद्र, राजेश खन्ना, वहीदा की फिल्म-३
२२. 'कोयल बोली दुनिया डोली' गीत वाली फिल्म-४
२३. अमिताभ, संजीव, शर्मिला की फिल्म-३
२५. 'मैं तो हूँ पागल मुंडा' गीत वाली फिल्म-२
२६. संजयदत्त, सलमान, रवीना की फिल्म-३

फिल्म वर्ग पहेली- 1991



## सूडोकु -1992

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -1991 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

## शब्द पहेली - 1992



**बाएँ से दाएँ**

1. बेजोड़-4
4. परिचय,निशान-4
7. कला-3
9. सज्जनता,चरित्र, आदर्श-3
10. प्रथा,रिवाज-3
11. उपस्थिति-3
12. सेन्धमार-5
15. शयनागार,बेडरूम, आरामगाह-3,2
18. तड़के,सुबह सवेरे-5
20. चुगली करना-2,3
22. मैला,गंदा-3
23. रसद,आहार पदार्थ-3
25. प्रणाम,नमस्कार-3
26. तौलने का यंत्र, तकड़ी-3
27. स्थायी,प्राचीन-4
28. हुकूमत,राजगद्दी-4

**ऊपर से नीचे**

2. मुलाकात,मिलाप-3
3. खून से लथपथ-5
4. लालन-पालन-5
5. सेवक,नौकर,दास-3
6. धोखेबाज-4
8. समान,एक जैसा-4
13. पंकज,जलज-3
14. आघात,चोट-3
16. भरोसा,विश्वास-3
17. कुली,पालकी वाहक-3
18. जुर्म,गुनाह-4
19. स्वदेश वासी-5
20. शतपदी, कनखजूरा-5
21. अहमक, मूर्ख-4
24. स्नान करना-3
25. सम्मान, पगड़ी-3

शब्द पहेली - 1991 का हल



## न्यूज फ्लैश

### दुकान पर अन्दर से सामान खरीदकर वापिस आया तो मोटरसाइकिल चोरी हुई मिली, मामला दर्ज

**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**
क्षेत्र में इन दिनों मोटरसाइकिल चोर सक्रिय है। मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं से वाहन चालक परेशान है। गत 16 फरवरी को शहर के रेलवे रोड पर दुकान के बाहर मोटरसाइकिल खड़ी करके दुकान के अन्दर गए खेड़ी गुज्जर गांव के युवक की मोटरसाइकिल चोरी हो गई। चोरी की शिकायत देते हुए मोटरसाइकिल मालिक ने पुलिस को दी। पुलिस को दी शिकायत में खेड़ी गुज्जर निवासी विनोद ने बताया कि 16 फरवरी को अपनी मोटर साइकिल रेलवे रोड पर दुकान के सामने खड़ी करके कुछ सामान लेने गया था। जब वापिस आया तो मोटरसाइकिल गायब मिली। उसके बाद आसपास तलाश की तो पता नही चला। उसके बाद मोटरसाइकिल चोरी का पुलिस में मामला दर्ज करवाया।

### दातौली में दर्जन लोगों पर मारपीट कर डेढ़ लाख रुपएं छीनने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मामला दर्ज

**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**
गांव दातौली में घर की दीवार से कूदकर भैस चोरी करने व दुध बिक्री के बाद रखे गए पैसे चोरी करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में गन्नौर थाना पुलिस ने मामला दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत दातौली गांव रामजीवन ने आरोप लगाते हुए बताया कि 17 फरवरी को सुबह 5 बजे करीब गांव के विजय, साहिल, दिलबाग, अन्नु, गौरव व अंकित के अलावा अज्ञात युवक मेरे घेर के अंदर दिवार से कूद कर 2 भैसं चोरी की। भैंसों को चोरी कर ले जाते समय नौकर सोंबीर ने मौके पर पकड़ लिया। आरोप है कि वे हाथों में कुलाहड़ी , डंडे और चाकू लिए हुए थे। इन्होनें मेरे नौकर को गोबर के अंदर डालकर पीटा व घसीटा और मेरे साथ मार पिटाई की मुझे चारपाई के नीचे दबा लिया, विजय और दिलबाग मुझे कुल्हाड़ी से काटने वाले थे कि उसी दौरान गांव का चितरंजन दुध लेने पहुंच गया उसने उन लोगों से मेरी जान बचाई। उसके बाद ये लोग भाग गए। आरोप है कि मुझे मां बहन की गाली देते हुए कपडे फाड़ दिए और करीब 1.5 लाख रुपएं छिन लिए। शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी।

### मेवात में पनपा पेन, पेंसिल पैकिंग के नाम पर ठगी का नया धंधा

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
मेवात में पेन, पैन्सिल बनाने की कंपनी के नाम पर ठगी का नया धंधा पनपा है। अब तक पुलिस एक ही कंपनी के नाम पर लोगों से ठगी करने के आरोप में कई लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। थाना बरसाना पुलिस ने अंतरराज्यीय साइबर अपराध करने वाले गैंग के एक अभियुक्त गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से एक मोबाइल जिसमें फर्जी आईडी पर एक्टिव सिम एवं तीन फर्जी आधार कार्ड, तीन फर्जी आईडी पर एक्टिवेट सिम कार्ड, एक नटराज कंपनी का फर्जी एम्पलाई आईडी कार्ड बरामद किया। प्रभारी निरीक्षक बरसाना अरविन्द कुमार निर्वाल ने बताया कि पुलिस टीम के साइबर अपराध कर लोगों से ऑनलाइन ठगी करने वाले अंतरराज्यीय साइबर अपराधी इमरान पुत्र अली शेर निवासी नगला ईमाम खां थाना बरसाना को कामा रोड से रिठौरा की तरफ जाने वाले रास्ते से रविवार को गिरफ्तार किया। साइबर अपराधी मोबाइल के माध्यम से इंस्टाग्राम, वाट्सऐप पर नटराज पेंसिल एवं पेन घर पर बैठकर पैक करने की नौकरी करने का झांसा देकर विज्ञापन करता हैं। जिससे भोले भाले लोग झांसे में आकर दिये मोबाइल नम्बर पर सम्पर्क करते हैं तो अभियुक्त उन लोगों से उनके आधार कार्ड व 620 रुपये रजिस्ट्रेशन फीस के नाम पर ले लेता हैं, फिर पिक्स आर्ट एप्प पर फर्जी नटराज कम्पनी की एम्पलाई आईडी कार्ड बनाकर उनको वाट्सऐप पर भेज देता है तथा उसके बाद माल की डिलीवरी के नाम पर 3000 रुपये से लेकर 30000 रुपये तक फर्जी खातों मे डलवा लेता है। इन लोगों से वाट्सऐप पर जो आधार कार्ड प्राप्त होते हैं उन पर राजस्थान के किसी भी साईबर कैफे पर जाकर अपना फोटो बदल कर नकली आधार कार्ड बना लेता है, जिसकी कलर कॉपी निकलवाकर लेमिनेट कर अपने पास रखता है। जिनसे फर्जी सिम कार्ड व झांसे में आये लोगों को अपनी असली पहचान छिपाते हुए ये फर्जी आधार कार्ड व बरामद नटराज आई डी कार्ड वाट्सऐप पर भेज देता है। जिससे लोगों को पूर्ण विश्वास हो जाता है। इमरान ने फोन में नटराज कम्पनी नाम से अकाउंट बनाया हुआ है।

# हरियाणा में कश्यप समाज ने मांगी राजनीतिक हिस्सेदारी

## एक लोकसभा और 10 विधानसभा सीटों की मांग



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल /राजकुमार** प्रिंस। प्रदेश की जनसंख्या में 20 प्रतिशत का हिस्सा रखने वाला कश्यप समाज लोकसभा और विधानसभा चुनावों की आहट से ही राजनीतिक हुंकार भरने वाला है। लोकसभा और विधानसभा में कश्यप समाज को ज्यादा से ज्यादा टिकटों को लेकर रविवार को मॉडल टाउन स्थित कश्यप धर्मशाला में समाज के लोगों की महापंचायत बुलाई। पंचायत में प्रदेशभर के गणमान्य लोग पहुंचे।
पंचायत में समाज के लोगों ने अपने अपने विचार साझा किए। वहीं निर्णय लिया जो भी पार्टी उनके समाज के लोगों को एक लोकसभा और 10 विधानसभा सीटों पर टिकट देगी, हम उसी पार्टी का साथ देंगे। अगर कोई पार्टी उनके समाज के लोगों को टिकट नहीं देगी तो उन्हें मजबूरन अपने समाज की पार्टी बनानी पड़ेगी। जिससे हम खुद अपने लोगों को लोकसभा और विधानसभा में जितवाकर भेजेंगे और हमारे समाज के लोगों की सुनवाई होगी।
महापंचायत में मौजूद भाजपा से पार्षद रह चुके सुभाष कश्यप ने बताया कि पहले हमारे समाज की कांग्रेस ने अनदेखी की थी, जिसके चलते हम भाजपा में गए। कश्यप समाज ने 90 प्रतिशत वोट भाजपा को दिए। दो टर्म बीत जाने के बाद भाजपा ने भी उनके समाज की अनदेखी की। लेकिन इस बार वह किसी भी पार्टी के झांसे में आने वाले नहीं हैं। जो पार्टी 1 लोकसभा और 10 विधानसभाओं पर उनके समाज के लोगों को टिकट देगी, हम उस पार्टी के साथ ही जी जान से रहेंगे। लेकिन इस बार समाज की अनदेखी नहीं होने देंगे।
कश्यप समाज के नेता मन्नू कश्यप ने कहा कि हरियाणा में भले ही कश्यप समाज 20 प्रतिशत में हो, लेकिन हरियाणा के 35 विधानसभा क्षेत्रों में कश्यप समाज तख्तापलट करने की ताकत रखता है।

## यमुना को लेकर फिर तैयार की जा रही आंदोलन की पृष्ठभूमि



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
यमुना में प्रदूषण के मुद्दे पर एक बार फिर आंदोलन की पृष्ठभूमि तैयार की जा रही है। तीर्थ पुरोहित इसके लिए लगातार संपर्क कर रहे हैं। सोमवार को जिलाधिकारी से मिल कर अपनी बात रखेंगे। यमुना प्रदूषण व समाधान मुद्दे पर अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासंघ की बैठक विश्राम घाट स्थित एक गेस्ट हाउस बुलाई गई। बैठक में महासंघ के पदाधिकारी, तीर्थ पुरोहित व यमुना भक्त पहुंचे। जिसमें महासंघ द्वारा आगामी वृहद आंदोलन को लेकर विचार विनियम कर रूपरेखा तैयार की। यमुना की दुर्दशा पर गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए यमुना भक्तों ने भावुक होते हुए प्राण त्यागने तक की बात कही। अतः बैठक में निर्णय हुआ कि सोमवार को जिलाधिकारी से मिलकर वर्तमान वस्तुस्थिति से अवगत कराया जाएगा साथ ही शीघ्र इस समस्या से निदान के लिए त्वरित कार्यवाही के लिए जिलाधिकारी से मांग की जायेगी।

## स्मार्ट हो रहीं मथुरा जिले की ग्राम पंचायतें, दिखेंगे कई बदलाव

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
ग्राम पंचायतें भी स्मार्ट हो रही हैं। ग्राम पंचायतों में जगह जगह सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे और गतिविधियों पर से निगरानी रखी जाएगी। वहीं डोर टू डोर कूडा कलेक्शन भी गाडियों से होगा। अब अधिकांश ग्राम पंचायतों के पास अपने सचिवालय हैं। जिन्हें मिनी सचिवालय का नाम दिया गया है। कई ग्राम पंचायतों के सचिवालय स्मार्ट भी हैं और बेहद व्यवस्थित हैं। इतना ही नहीं नगर निगम और नगर पंचायतों की तरह अब ग्राम पंचायतों को भी टैक्स वसूलने का अधिकार मिला है। ग्राम पंचायतें जल और स्वच्छता टैक्स लगा सकती हैं। नौहझील ग्राम पंचायत ने स्वच्छता कर वसूलने की तैयारी की है। पंचायत द्वारा अब दुकानदारों से स्वच्छता कर वसूला जाएगा। आगे इस का दायरा बढ़ाया जा सकता है। इतना ही नहीं ग्राम पंचायत में जग जगह कूडा डालने और फैलाने पर भी जुमार्ना वसूला जाएगा। इसके लिए गांव में सीसीटीवी कैमरे लगाये जा रहे हैं और इस पर कैमरों से निगरानी की जाएगी।
फिलहाल पंचायत ने दुकानदारों पर स्वच्छता कर लगाने की तैयारी कर ली है। इससे गांव को साफ सुथरा रखने में मदद मिलेगी और ग्राम पंचायत की आमदनी भी बढेगी। ग्राम सचिव केशव देव के मुताबिक फिलहाल ग्राम पंचायत की प्रत्येक दुकान से प्रतिमाह 50 रुपये स्वच्छता कर के रूप में वसूले जाएंगे। यह प्रक्रिया 20 फरवरी से शुरू की जाएगी।
इसके लिए दुकानदारों को निर्देशित भी किया गया है। गीला और सूखा कचरा के लिए अलग अलग डस्टबिन लगाये गये हैं। जिनमें दुकानदार कूड़ा डाल सकेंगे। गांव में डोर टू डोर कूडा कलेक्शन किया जाएगा। इसके लिए ग्राम पंचायत के पास गाडियों की व्यवस्था है। पंचायत राज अधिनियम में मिले प्रावधान को आगे बढ़ाते हुए शासन ने ग्राम पंचायतों को टैक्स के जरिए राजस्व में वृद्धि करने के निर्देश मिले हुए हैं।

## किसान मेला को कृषि फार्म पर लगेगा किसान मेला

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
उप कृषि निदेशक (शोध) आगरा मण्डल मथुरा राजीव कुमार ने अवगत कराया है कि राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत सम्भागीय कृषि परीक्षण एवं प्रदर्शन केन्द्र राया पर सम्भागीय किसान मेला एवं कृषक गोष्ठी का आयोजन 24 फरवरी को किया जा रहा है। कार्यक्रम में कृषकों के साथ चर्चा की जायेगी, जिसमें कृषि विभाग की प्रमुख योजनाओं एवं कृषकों को दिए जाने वाली राजकीय सुविधायें, वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिकों के माध्यम से फसल उत्पादन वृद्धि हेतु उन्नत एवं नवीन तकनीकी जानकारी, जैविक खेती की उपयोगिता, मृदा स्वास्थ्य एवं संस्तुति के आधार पर संतुलित उर्वरकों के प्रयोग का महत्तव, एकीकृत जीवनाशी प्रबन्धन का महत्व एवं इसकी उपयोगिता तथा कृषकों की आय में वृद्धि करने हेतु विभिन्न शासकीय प्रयास पर चर्चा की जाएंगे।

## गढ़ मिरकपुर में धार्मिक कार्यक्रम में पहुंचे कांग्रेस नेता ने संतो का अशीर्वाद लिया

**राई/टीम एक्शन इंडिया**
गढ़ मिरकपुर गांव में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में हवन यज्ञ के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस नेता एवं एडवोकेट संजय आंतिल ने पहुंचकर हवन में आहुति डालकर श्रीश्री108 सरस्वती दास महाराज व गांव बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया। श्री श्री 108 सरस्वती दास महाराज ने प्रवचनों की रसधारा प्रवाहित करते हुए कहा कि कि दया ही धर्म की आत्मा है। हमें अपने जीवन में दया का भाव लाना चाहिए। उन्होंने कहा हमें गरीब व मासूम व्यक्तियों की मदद करना चाहिए, यही सच्चा धर्म है। परमात्मा को खुद में शामिल करे तो हर पल आपका सुनहरा होगा।



परमात्मा तो हर समय हमारे साथ है। बस मन विचलित कर देता है। अपने जीवन में परमात्मा को प्राथमिकता देने से जीवन सरल हो जाता है। कांग्रेस नेतए एवं एडवोकेट संजय आंतिल ने कहा कि गांव में इस तरह के धार्मिक आयोजन से धार्मिक भावना बढ़ती है। परमात्मा की भक्ति करने से भक्तों के दुख दुर हो जाते है।

## प्रयास इंटरनैशनल स्कूल प्रतिभा खोज द टैलेंट हंट कार्यक्रम का हुआ भव्य आयोजन

**स्वागत**

**8 - मुख्यातिथि एसीपी गौरखपाल राणा का स्कूल निदेशक डा. संजय जैन व अमित बत्रा ने किया स्वागत**

**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**
प्रयास इंटरनैशनल स्कूल गन्नौर के परिसर में प्रतिभा खोज, टेलेंट हंट 2024 कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि एसीपी गौरखपाल राणा ने शिरकत की। विशिष्ठ अतिथि कप्तान, नरेश, अंकित , डा. संदीप, कुलदीप पूर्व सरपंच पांची गुजरान,मीनाक्षी ढींगरा, रेनू दीवान,




अंकित त्यागी सचिव भारत विकास परिषद , विपिन, मोहन शर्मा, जगदीश व्यास, रोटरी क्लब प्रधान राजेश ने शिरकत की। स्कूल पहुंचने पर अतिथियों का स्कूल के प्रबंधन निदेशक डॉ.संजय जैन ,अमित बत्रा ,प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार मलिक, रजिस्ट्रार डॉ.मनोज, उप-प्रधानाचार्य दीपमाला ने पुष्प देकर स्वागत करते हुए संयुक्त रूप से दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम में अभिभावकों व विद्यार्थियों के मनोरंजन व प्रतिभा प्रदर्शन के लिए बेबी शो, म्यूजिकल चेयर, सलाद डेकोरेशन, निशानेबाजी, सिंगिंग कंपटीशन, पिरामिड मेकिंग, साइंस एग्जीबिशन, दौड़, पंजा लड़ाई, टग आफ वार, पतंगबाजी , रंगोली, डांस, शब्दों की शुद्ध वर्तनी, अंग्रेजी तथा हिंदी भाषा, कुकिंग विदाउट फायर, जंप रोप, आदि प्रतियोगिताओं व स्टालों को शामिल किया गया। बेबी शो, बच्चों की दौड़ व कुकिंग विदाउट फायर, शैफ प्लेनेट पर अधिक भीड़ देखी गई। सैकड़ों अभिभावकों व विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर आकर्षक इनाम भी जीते। मुख्य अतिथि ने विजयी प्रतिभागियों को पारितोषिक प्रदान किए गए। विद्यालय प्रबंधन समिति की निदेशक डॉ.सुनीरा जैन,रुचिका बत्रा ने अतिथियों का आभार जताया। हरियाणा पुलिस के जांबाज सब इंस्पेक्टर संदीप कुमार को भी खुबडू गांव के पास नहर से दो युवकों की जान बचाने पर साहसिक कार्य करने पर सम्मानित किया गया। मुख्यातिथि एसीपी गौरखपाल राणा ने छात्रों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि स्कूल के छात्रों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों को देख अनुमान लगाया जा सकता है कि स्कूल में बेहतर शिक्षा, खेलो के साथ सांस्कृतिक गतिविधियों पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है।

## बसंतोत्सव पर दिलाया कर्मचारियों को स्वच्छता का संकल्प



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
कोसीकलां नगर पालिका परिषद में वसंत पंचमी के मौके पर स्वच्छ वसंत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कर्मचारियों को स्वच्छता का संकल्प दिलाया गया। पूरा परिसर खिल उठेगा बाग बगिया नाचे मन मृदंग आया स्वच्छ वसंत के गीतों से गुंजायमान हो उठा।नगर पालिका में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पार्क में आयोजित कार्यक्रम का आरम्भ चेयरमैन धर्मवीर अग्रवाल ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया। इस मौके पर चेयरमैन ने कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाते हुए कहा कि स्वच्छता जीवन के लिए संजीवनी के समान है। इसके माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और उन्हें जिम्मेदारी का एहसास कराना है। उन्होंने लोगों को अपने घरों के आसपास साफ सफाई रखने की प्रेरणा दी। ईओ निहाल सिंह ने कहा कि हमें अपने आस-पास हमेशा स्वच्छता बनाए रखनी चाहिए। जिससे हमारा देश व प्रदेश सुंदर व स्वच्छ दिखाई दे। कर अधीक्षक अनिरूद्ध भारती, स्वास्थ्य निरीक्षक राजीव यादव, लेखाकार योगेन्द्र रावत, जेई जल विकास चैहान, मोहन श्याम, सुरेंद्र पटवारी, राकेश शर्मा आदि थे।

## तीन मंजिला भवन में पार्किंग भी बना सकेंगे भवन स्वामी

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
तीन मंजिला भवन में अब भवन स्वामी पार्किंग भी बना सकेंगे। इसके लिए एमवीडीए से अनुमति लेनी होगी। विकास प्राधिकरण से यह अनुमति कुछ शर्तों के साथ भवन स्वामी ले सकेंगे। अभी तक मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण की नियमावली के तहत न्यूनतम 100 वर्ग मीटर क्षेत्रफल के लिए तीन मंजिल भवन निर्माण की ही अनुमति है। इसमें भी स्वामी पार्किंग का प्रावधान करता है तो उसके ऊपर दो मंजिल भवन निर्माण की अनुमति थी। इसकी अधिकतम ऊंचाई 10.5 मीटर तय थी। राज्य सरकार ने अब इस व्यवस्था में परिवर्तन करते हुए नवीन बिल्डिंग बायलॉज के तहत 10.5 मीटर के बजाय 12.5 मीटर ऊंचाई तक निर्माण करने का प्रावधान किया है। विकास प्राधिकरण से जुड़े शहरी क्षेत्र में अब पार्किंग के साथ तीन मंजिल भवन का निर्माण किया जा सकेगा।

## बिना रोक टोक खेती की जमीन पर विकसित हो रहीं अवैध कॉलोनियां

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
अवैध कॉलोनियों के अनियंत्रित फैलाव को नियंत्रित करना एमवीडीए और जिला प्रशासन के लिए मुमकिन नहीं हो रहा है। लगातार कार्यवाही के बावजूद इनका फैसला हो रहा है। वहीं कॉलोनाइजर अपनी चाल चल रहे हैं। गोवर्धन तहसील क्षेत्र में कालोनाईजर मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण और राजस्व विभाग की मिली भगत से लाखों रुपए के सरकारी राजस्व को चूना लगा रहे हैं। राधाकुंड में नगला सांखी के पीछे निमार्णाधीन सर्विस रोड के समीप एवं मुखराई मार्ग पर खेती की जमीन में कई



कॉलोनियां विकसित की जा चुकी हैं। यह जमीन अनुसूचित जाति के लोगों के नाम हैं। कॉलोनाइजर अनुसूचित जाति के लोगों से प्लाट के बैनामा टुकड़ों में करवा कर मोटी कमाई करने में जुटे हैं। जमीनों की नोवियत तक चेंज नहीं कराई गई है। दरअसल राधाकुंड में बाईपास बनने के बाद जमीनों की कीमत आसमान छू रही है। खेती की जमीनों की कीमत तीन करोड़ रुपये बीघा बिक रही है। ऐसे में कोलोनाइजर मोटा मुनाफा कमा रहे हैं। कोलोनाइजर खेती की जमीनों में कॉलोनी विकसित कर सरकार को सरकारी राजस्व का चूना लगा रहे हैं। कॉलोनाइजर जमीनों की नोवियत यानी आबादी घोषित कराए बिना ही, अनुसूचित जाति के लोगों की खेती की जमीनों को प्लाट बेचकर टुकड़ों में डीएम की बिना अनुमति लिए बैनामा कर रहे हैं। इस और न तो मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण के अधिकारी ध्यान दे रहे हैं, और न ही राजस्व अधिकारियों का कोई ध्यान है।

## ब्रज की गली गली में पहुंच रहा विकासः महापौर विनोद अग्रवाल

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
महापौर विनोद अग्रवाल ने दावा किया है कि ब्रज की गली गली में विकास हो रहा है। उन्होंने यह बात रविवार को चैबिया पाडा में करीब एक करोड की लागत से कराये जा रहे विकास कार्यो के शुभारंभ के अवसर पर कहीं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा शासित नगर निगम मथुरा वृन्दावन में शहर की सकरी गलियों में विकास कार्य हो रहे हैं। सबका साथ सबका विकास की भावना के साथ सभी जाति वर्ग व समाज के लोगों के बीच अंतिम व्यक्ति तक विकास को पहुचाने का प्रयास हो रहा है। रविवार को चैबिया पाडा क्षेत्र के वार्ड 64 व 61 में सयुक्त रूप से



60 लाख के सड़क नाली निर्माण के कार्य व 30 लाख रुपये के पानी व्यवस्था के प्रस्तावों को स्वीकृति उपरांत लोकार्पण व शिलान्यास किया गया। इसमें वार्ड 64 नगला पाइसा में सात लाख व गजा पाइसा में छह लाख व गली दुर्गा चंद में 13 लाख की सड़कें पास हुई है व वार्ड 61 में छोंका पाड़े में सात लाख व कुचा सुनारान में छह लाख की सड़क व नाली बनी है तथा कुत्ता पाइसा व कोरिया गली में सात लाख व गली पीरपंच पर 9.5 लाख व कोयला गली में 8.5 लाख की सड़क नाली तथा नक्कारची टीला धोबी बस्ती में दो लाख से सार्वजनिक शौचालय के कार्य स्वीकृत हुए है इसके अलावा नीम गली,नगला पाइसा चोबच्चा व हाथी गली में 30 लाख की लागत से पम्प रिबोर के कार्य स्वीकृत हुए है आज मेयर विनोद अग्रवाल जी ने हिंदूवादी नेता गोपेश्वर नाथ चतुर्वेदी जी की अध्यक्षता में चैबिया पाडा वार्ड 61 व 64 में आयोजित लोकार्पण, शिलान्यास कार्यक्रम में सभी कार्य जनता को समर्पित किये गये। इस अवसर पर पार्षद बालकृष्ण चतुवेदी, पार्षदा रचना रामकिशन पाठक भाजपा नेता चिंताहरण चतुर्वेदी पूर्व पार्षद रामदास चतुर्वेद पूर्व सभासद बालकृष्ण पाठक कतिव वरिष्ठ कार्यकर्ता बैजनाथ चतुर्वेदी,गोवर्धन पंडा,मदनमोहन जी पल्लन ,धीरज धारी चतुर्वेदी,दयानाथ चतुर्वेदी नवनीत लाल,गोपाला नेता अशोक गुप्ता,नितिन चतुर्वेदी,मृदुल चतुर्वेदी,सुरेंद्र चतुर्वेदी मयंक पाठक उपस्थित थे। धन्यवाद पार्षद रचना रामकिशन पाठक व बालकृष्ण चतुर्वेदी ने किया।

## वेटरनरी के दो प्रोफेसर को मिली एसोसिएशन ऑफ एनिमल साइंटिस्ट की फेलोशिप

**सम्मानित**

**8 -अधिष्ठाता, पशु चिकित्सा संकाय, स्नातकोत्तर, प्रोफेसर अर्चना पाठक सम्मानित**

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तर प्रदेश पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान संस्थान, मथुरा के पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय के अधिष्ठाता, प्रोफेसर विकास पाठक तथा अधिष्ठाता, स्नातकोत्तर प्रोफेसर



अर्चना पाठक को एसोसिएशन ऑफ एनिमल साइंटिस्ट द्वारा फेलों की उपाधि देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अपोलो पशु चिकित्सा महाविद्यालय, जयपुर में किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाराष्ट्र पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय नागपुर के कुलपति नवीन वी पाटील रहे। इसके अलावा राजस्थान पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सतीश कुमार गर्ग तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय, मथुरा के पूर्व कुलपति प्रोफेसर ए.सी. वाष्नेय, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अधिष्ठाताओं को उनके उत्कृष्ट शिक्षा तथा शोध कार्य हेतु यह सम्मान प्रदान किया गया। विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर अनिल कुमार श्रीवास्तव सहित समस्त विश्वविद्यालय परिवार ने सम्मानित अधिष्ठाताओं को शुभकामना तथा बधाई ज्ञापित की।

## कंपनी चाहे भारत की हो या विदेश की, देश के कानूनों का पालन करना है जरूरी, Paytm मामले से लें Fintech कंपनियां सीख राजीव चंद्रशेखर

**नई दिल्ली.** इन दिनों पेटीएम पेमेंट बैंक का मुद्दा हर किसी के लिए चर्चा का विषय बना हुआ है। इसी कड़ी में पीटीआई को दिए एक इंटरव्यू में इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी राज्य मंत्री चंद्रशेखर ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक से जुड़े मुद्दे पर अपनी बात रखी।मंत्री ने कहा कि यह एक एक मामला है, जो दिखाता है कि उद्यमी नियमों का पालन करने की जरूरत को नजरअंदाज करते हैं। कोई भी कंपनी कानूनों का बिना पालन किए काम नहीं कर सकती है।

**फिनटेक कंपनियां भी लेंगी सीख**

केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा है कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर रिजर्व बैंक की नियामक कार्रवाई ने फिनटेक कंपनियों का ध्यान कानूनों के पालन के महत्व की ओर आकर्षित किया है।

मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि नियमों का पालन कंपनियों के लिए वैकल्पिक नहीं हो सकता है, बल्कि यह एक ऐसा पहलू है जिस पर प्रत्येक उद्यमी को पूरा ध्यान देना चाहिए।

पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड मामले को लेकर मंत्री ने कहा कि कोई भी कंपनी, चाहे वह भारत की हो या विदेश की, बड़ी हो या छोटी, उसे देश के कानूनों का पालन करना होगा।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने पीपीबीएल को 15 मार्च से नई जमा स्वीकार करने से रोक दिया है। कंपनी के खिलाफ अपनी कार्रवाई की किसी भी समीक्षा से इनकार भी कर दिया है।

## होम लोन ले रहे हैं तो टैक्स बेनेफिट का लें फायदा, इनकम टैक्स एक्ट के इन सेक्शन के साथ मिलेगी छूट

**नई दिल्ली.** खुद का घर खरीदने के बारे में सोच रहे हैं तो होम लोन लेने की भी तैयारी होगी। क्या आप जानते हैं होम लोन लेने के साथ टैक्स बेनेफिट का भी फायदा मिलता है।इनकम टैक्स एक्ट के अलग-अलग सेक्शन के साथ आप टैक्स कटौती का फायदा ले सकते हैं। इस आर्टिकल में होम लोन पर टैक्ट छूट की ही जानकारी दे रहे हैं-

**टैक्स बेनेफिट पाने के मानदंड**

यहां आपको समझने की जरूरत है कि सभी टैक्स बेनेफिट का फायदा पुराने टैक्स सिस्टम के साथ ही मिलते हैं। नए टैक्स सिस्टम में इनका फायदा नहीं मिलता है।

सेक्शन 24(b) के तहत 2 लाख रुपये तक के सालाना होम लोन के ब्याज पर टैक्स कटौती का फायदा मिलता है।



हालांकि, यह कटौती स्व-कब्जे वाली संपत्तियों (self-occupied properties) पर ही उपलब्ध है। गैर-स्व-कब्जे वाली संपत्ति (non-self-occupied property) के लिए कोई सीमा नहीं है।80के तहत घर खरीदार को मूल राशि पर कटौती का लाभ मिलता है। लोन की मूल राशि के रिपेमेंट पर सालाना 1.5 लाख रुपये की कर कटौती का लाभ उठाया जा सकता है।

इस सेक्श के तहत अतिरिक्त ब्याज पर छूट मिलती है। किफायती होम लोन के ब्याज पर आप सालाना 1.5 लाख रुपये तक की छूट पा सकते हैं।इस सेक्शन के साथ पहली बार घर खरीदने वालों को कर कटौती का फायदा मिलता है। सालाना 50,000 रुपये तक की ब्याज कटौती का लाभ उठा सकते हैं।

## 1 रुपए वाले शेयर ने बदली निवेशकों की किस्मत, 5 साल में एक लाख को बना दिया 3 करोड़!



**बिजनेस डेस्क.** शेयर बाजार भले ही जोखिम भरा और उतार-चढ़ाव वाला कारोबार हो लेकिन इसमें निवेश करने वालों के लिए कोई ना कोई शेयर ऐसा साबित होता है, जो उनकी किस्मत खोल देता है। हालांकि, कुछ लॉन्ग टर्म में मल्टीबैगर रिटर्न देते हैं, तो कई शेयर ऐसे भी हैं, जो बेहद ही कम समय में अपने निवेशकों को मालामाल बनाने वाले साबित होते हैं। 1 रुपए का शेयर (29 मार्च 2019 को) अब 380 रुपए के लेवल को क्रॉस कर गया है। कुछ ऐसा ही शेयर है इंफ्रास्ट्रक्चर और रियल एस्टेट कंपनी हजूर मल्टी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड का, जिसमें पैसे लगाने वाले निवेशक महज 5 साल में ही करोड़पति (Crorepati Share) बन गए।

**5 साल में दिया 33,670 का रिटर्न**

देश में बीते कुछ सालों में इंफ्रास्ट्रक्चर पर सरकार का फोकस रहा है और इस सेक्टर में जमकर ग्रोथ देखने को मिली है। इस बीच इस क्षेत्र में काम करने वाली कंपनियों का ग्रोथ रेट भी हाई रहा है। बात करें हजूर मल्टी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड (Hazoor Multi Projects Ltd) के शेयर की, तो इसमें 5 साल में मल्टीबैगर रिटर्न देते हुए निवेशकों को ताबड़तोड़ कमाई कराई है। इस स्टॉक में इस अवधि में 1 लाख रुपए लगाने वाले 3 करोड़ से ज्यादा का मालिक बन गए हैं। कंपनी के शेयरों ने इन पांच सालों में 33,670 फीसदी का रिटर्न दिया है।

**1 रुपए से 381 पर पहुंचा स्टॉक**

Hazoor Multi Projects Ltd के शेयर की परफॉर्मेंस पर नजर डालें तो बीते पांच सालों में इसकी कीमत करीब 1 रुपए से बढ़कर 381 रुपए के स्तर पर पहुंच चुकी है। 22 फरवरी 2019 में हजूर मल्टी प्रोजेक्ट शेयर की कीमत महज 1.13 रुपए थी। इसके बाद साल 2021 के मध्य तक ये धीमी रफ्तार से चलता रहा, लेकिन फिर इसमें तेजी शुरू हुई जो रॉकेट की रफ्तार में बदल गई। बीते शुक्रवार को कंपनी के शेयर में अपर सर्किट लगा और ये 4.99 फीसदी की उछाल के साथ 381.60 रुपए के लेवल पर पहुंचकर बंद हुआ।पांच साल में निवेशकों को मिले रिटर्न के हिसाब से देखें तो एक शेयर की कीमत में 2019 से 2024 में अब तक 380.47 रुपए की बढ़ोतरी हुई है यानी अगर किसी इन्वेस्टर ने कंपनी के शेयरों में फरवरी 2019 में महज 1 लाख रुपए का निवेश किया होगा और उसे अब तक होल्ड रखा होगा, तो फिर उसकी रकम बढ़कर अब तक लगभग 3.3 करोड़ रुपए हो गई है यानी पांच साल में इस स्टॉक में पैसे लगाने वाले लखपति से करोड़पति बन गए होंगे।

## डॉटकॉम की तरह फूटने वाला है अमेरिका की टॉप टेक कंपनियों का बुलबुला... जानिए किसने दी है यह चेतावनी

**नई दिल्ली.** अमेरिका की सात टॉप टेक कंपनियों को मैग्नीफिशिएंट 7 (Magnificent 7) कहा जाता है। इनमें माइक्रोसॉफ्ट, ऐप्पल, अल्फाबेट, ऐमजॉन, मेटा, एनवीडिया और टेस्ला शामिल हैं। दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क की कंपनी टेस्ला को छोड़ दें तो बाकी कंपनियों के शेयरों में हाल में काफी तेजी आई है। लेकिन जानकारों का कहना है कि इन कंपनियों का बुलबुला भी जल्दी ही फूटने वाला है। उनका कहना है कि 1989 में जापान की कंपनियों और 2000 के दशक में नैसडैक की कंपनियों की शेयर भी इसी तरह उछल रहे थे। लेकिन उनका बुलबुला फूट गया था और निवेशक रातोंरात कंगाल हो गए थे। अमेरिका में टेक शेयर भी उसी रास्ते पर आगे बढ़ रहे हैं।

बैंक ऑफ अमेरिका के चीफ मार्केट स्ट्रैटजिस्ट माइकल हारनेट का कहना है कि अमेरिका में आज टेक शेयरों की जो स्थिति है, वही स्थिति पहले उन शेयरों की भी थी जो बुलबुले की तरह फूट गए थे। ये शेयर अपने पीक के करीब पहुंच चुके हैं और कभी भी इनका बुलबुला फूट सकता है। हारनेट के मुताबिक बॉन्ड यील्ड्स टाइट फाइनेंशियल कंडीशंस का संकेत दे रहा है। इससे साफ है कि शेयर मार्केट कभी भी बैठ सकता है। अपनी इस थ्योरी को पुख्ता करने के लिए उन्होंने ग्लोबल फाइनेंशियल सिस्टम में कर्ज से जुड़े सारे संकेतों को साझा किया है। उनका कहना है कि 10 साल की अवधि वाले बॉन्ड पर यील्ड 2.5 या 3 परसेंट तक पहुंचते ही निवेशकों का टेक शेयरों के प्रति मोह भंग हो जाएगा।

## देश के इस दिग्गज बैंक ने FD दरों में किया बदलाव, चेक करें नई दरें




**बिजनेस डेस्क.**

आईसीआईसीआई बैंक (ICICI Bank) ने अपनी फिक्स्ड डिपॉजिट दरों में बदलाव किया है। बैंक द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, 17 फरवरी 2024 से एफडी की नई दरें प्रभावी होंगी।यह बदलाव आम लोगों और वरिष्ठ नागरिकों दोनों पर लागू होंगी। ये संशोधित दरें 2 करोड़ रुपए से कम की एफडी पर प्रभावी रहेंगी। एफडी पर ब्याज दरें बढ़ने से लोगों को इसका फायदा मिलेगा। बैंक की ओर से एफडी की नई दरों की जानकारी अपनी वेबसाइट पर दी गई है।

**अब मिलेगा इतना ब्याज**

वरिष्ठ नागरिकों को दी जाने वाली उच्चतम दर 7.75त्न है। आईसीआईसीआई बैंक की वेबसाइट के अनुसार, घरेलू एफडी खोलने के लिए न्यूनतम 10,000 रुपए की जरूरत होती है। बैंक विभिन्न मैच्योरिटी पीरियड्स के लिए ब्याज दरों की एक सीरीज प्रदान करता है, जो 3 फीसदी से 7.75 फीसदी तक होती है। वरिष्ठ नागरिकों को सभी एफडी कार्यकालों पर अतिरिक्त 0.5त्न ब्याज दर का लाभ मिलता है। इसके अलावा, बैंक वरिष्ठ नागरिकों को दिए जाने वाले 0.5त्न अतिरिक्त ब्याज दर के अलावा, चुनिंदा एफडी कार्यकालों पर 5 बीपीएस या 10 बीपीएस की अतिरिक्त ब्याज दर प्रदान करता है।

**बैंक ने दी जानकारी**

बैंक के द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, 17 फरवरी से 7 दिन से 14 दिन की एफडी के लिए निवेशकों को 3 फीसदी का ब्याज मिलेगा। वहीं 15 दिन से 29 दिन की एफडी के लिए निवेशकों को 3 फीसदी का ब्याज मिलेगा। 30 दिन से 45 दिन की अवधि के लिए एफडी पर 3.5 फीसदी, 46 दिन से 60 दिन की अवधि के लिए एफडी पर 4.25 फीसदी, 61 दिन से 90 दिन की अवधि के लिए 4.5 फीसदी का ब्याज मिलेगा।

वहीं 91 दिन से 184 दिन की एफडी पर निवेशकों को 4.75 फीसदी, 185 दिन से 270 दिन की एफडी पर 5.75 फीसदी, 271 दिन से एक साल से कम अवधि की एफडी पर 6 फीसदी, एक साल से 15 महीने की अवधि पर 6.7 फीसदी का ब्याज मिलेगा।

15 महीने से 2 साल की अवधि के लिए 7.2 फीसदी का ब्याज मिलेगा।

## टॉप 10 में से 6 कंपनियों का Mcap घटा, SBI और HDFC ने कराई ताबड़तोड़ कमाई




**बिजनेस डेस्क.** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 71,414.03 करोड़ रुपए की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान में भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) रही। शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में एलआईसी के अलावा टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), आईटीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारती एयरटेल और रिलायंस इंडस्ट्रीज के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई। वहीं दूसरी ओर भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), इन्फोसिस, एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक का बाजार मूल्यांकन बढ़ गया। इन कंपनियों के मूल्यांकन में सामूहिक रूप से 62,038.86 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 831.15 अंक या 1.16 प्रतिशत चढ़ गया। समीक्षाधीन सप्ताह में एलआईसी का बाजार पूंजीकरण 26,217.12 करोड़ रुपए गिरकर 6,57,420.26 करोड़ रुपए रह गया। टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 18,762.61 करोड़ रुपए घटकर 14,93,980.70 करोड़ रुपए पर आ गया। आईटीसी की बाजार हैसियत 13,539.84 करोड़ रुपए घटकर 5,05,092.18 करोड़ रुपए रह गई। वहीं हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार मूल्यांकन 11,548.24 करोड़ रुपए घटकर 5,58,039.67 करोड़ रुपए पर आ गया। भारती एयरटेल के बाजार मूल्यांकन में 703.60 करोड़ रुपए की गिरावट आई और यह 6,30,340.9 करोड़ रुपए रह गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज की बाजार हैसियत 642.62 करोड़ रुपए घटकर 19,76,493.92 करोड़ रुपए रह गई। अरबपति उद्योगपति मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज बुधवार को 20 लाख करोड़ रुपए का बाजार पूंजीकरण हासिल करने वाली पहली भारतीय कंपनी बन गई। मंगलवार को भी रिलायंस का मूल्यांकन थोड़े समय के लिए 20 लाख करोड़ रुपए के स्तर पर पहुंचा था। हालांकि, दिन के अंत में यह 19.93 लाख करोड़ रुपए पर बंद हुआ।

## 4100 पर जाएगा टाटा का यह शेयर, लगातार कर रहा मालामाल, 138 बढ़ गया कंपनी का प्रॉफिट




**नई दिल्ली.**

अगर आप टाटा ग्रुप की किसी कंपनी पर दांव लगाने की सोच रहे है तो आपके लिए यह काम की खबर हो सकती है। टाटा ग्रुप की कंपनी ट्रेंट लिमिटेड के शेयरों (Trent Limited Share) पर फोकस रख सकते हैं। ब्रोकरेज इस शेयर को लेकर बुलिश नजर आ रहे हैं और इसे खरीदने की सिफारिश कर रहे हैं। घरेलू ब्रोकरेज फर्म मोतीलाल ओसवाल ने लार्ज कैप स्टॉक ट्रेंट को 3,830 रुपये के स्टॉप लॉस के साथ 4100 रुपये के टारगेट प्राइस के साथ खरीदने का सुझाव दिया है। बता दें कि वर्तमान में ट्रेंट के शेयर की कीमत 4035 रुपये है और यह इसका 52 वीक का हाई प्राइस भी है।

**क्या है ब्रोकरेज की राय**

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के डेरिवेटिव और एनालिस्ट चंदन तापड़िया ने लार्ज कैप स्टॉक ट्रेंट को 4100 रुपये के टारगेट प्राइस के साथ खरीदने का सुझाव दिया है। 3,830 रुपये के स्टॉप लॉस रखा है।

बीएसई पर ट्रेंट शेयरों की 52-सप्ताह की उच्च कीमत क्रमशः 4035.00 रुपये और 52-सप्ताह की निम्न कीमत 1272.40 रुपये है। ट्रेंट के शेयरों ने पिछले 6 महीनों में 105त्न का रिटर्न दिया और केवल पिछले 1 साल में 195त्न चढ़ा है।

टाटा ग्रुप की रीटेल कंपनी ट्रेंट ने हाल ही में दिसंबर तिमाही के नतीजे जारी किए हैं। दिसंबर तिमाही में कंपनी का उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन रहा है। ट्रेंड का नेट प्रॉफिट 138 फीसदी उछाल के साथ 370.6 करोड़ रुपये रहा।

## देश के सात प्रमुख शहरों में बीते साल घरों के निर्माण 8 बढ़कर 4.35 लाख इकाई पर



**देश के सात प्रमुख शहरों में पिछले साल घरों का निर्माण आठ प्रतिशत बढ़कर 4.35 लाख इकाई पर पहुंच गया है। रियल एस्टेट परामर्शक कंपनी एनारॉक ने कहा कि बेहतर बिक्री से रियल एस्टेट कंपनियों के नकदी प्रवाह में सुधार हुआ है। एनारॉक के आंकड़ों के अनुसार, 2023...**

**नई दिल्ली.** देश के सात प्रमुख शहरों में पिछले साल घरों का निर्माण आठ प्रतिशत बढ़कर 4.35 लाख इकाई पर पहुंच गया है। रियल एस्टेट परामर्शक कंपनी एनारॉक ने कहा कि बेहतर बिक्री से रियल एस्टेट कंपनियों के नकदी प्रवाह में सुधार हुआ है। एनारॉक के आंकड़ों के अनुसार, 2023 में 4,35,045 घरों का निर्माण पूरा हुआ, जबकि 2022 में 4.02 लाख घर बनाए गए थे। आंकड़ों के अनुसार, मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) में पिछले साल 13 प्रतिशत वृद्धि के साथ 1,43,500 घरों का निर्माण पूरा हुआ, जबकि 2022 में यह आंकड़ा 1,26,720 इकाई का रहा था। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र-दिल्ली (एनसीआर) में पिछले साल 32 प्रतिशत वृद्धि के साथ 1,14,280 घरों का निर्माण पूरा हुआ, जबकि 2022 में 86,300 घरों का निर्माण हुआ था। एनारॉक के चेयरमैन अनुज पुरी ने कहा, ''साल 2023 में आवास बिक्री 2022 के पिछले उच्चस्तर को पार कर गई है। यह 2024 में भी मजबूत बनी रहेगी।

पुणे में पिछले साल 23 प्रतिशत गिरावट के साथ 65,000 घरों का निर्माण पूरा हुआ, जबकि 2022 में 84,200 घर बनाए गए थे।

बेंगलुरु, हैदराबाद और चेन्नई में संयुक्त रूप से पिछले साल 87,190 घरों का निर्माण पूरा हुआ, जबकि 2022 में यह आंकड़ा 81,580 इकाई का था। कोलकाता में पिछले साल 25,075 घरों का निर्माण पूरा हुआ, जबकि 2022 में 23,190 घरों का निर्माण हुआ था। एनारॉक ने कहा कि घरों के निर्माण का यह आंकड़ा 2017 के बाद सबसे ऊंचा है। साल 2017 में 2,04,200 घरों, 2018 में 2,46,140 घरों, 2019 में 2,98,450 घरों, 2020 में 2,14,370 घरों, 2021 में 2,78,650 घरों का निर्माण पूरा हुआ था।

## अगले वित्त वर्ष में दोपहिया उद्योग राजस्व में दो अंकीय वृद्धि दर्ज करेगा: हीरो मोटोकॉर्प




**नई दिल्ली.** हीरो मोटोकॉर्प को अगले वित्त वर्ष (2024-25) में दोपहिया उद्योग के राजस्व में दो अंकीय या 10 प्रतिशत से अधिक वृद्धि का भरोसा है। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) निरंजन गुप्ता का मानना है कि प्रीमियम मॉडल की मांग और तेजी पकड़ेगी, जिससे उद्योग अपने राजस्व में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज करेगा। देश की दूसरी सबसे बड़ी दोपहिया वाहन विनिर्माता कंपनी ने चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कुल 10,031 करोड़ रुपए की आमदनी दर्ज की है। कंपनी का मानना है कि आगे चलकर प्रवेश स्तर के वाहन खंड का प्रदर्शन भी और बेहतर होगा।गुप्ता ने एक विश्लेषक कॉल में कहा, ''जहां तक मांग का सवाल है, जैसा कि हम कहते रहे हैं, हमें उम्मीद है कि आने वाले वर्ष में उद्योग राजस्व में कम-से-कम दो अंकीय यानी 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज करेगा। उन्होंने कहा कि घरेलू वाहन बाजार में ग्राहक अब प्रीमियम मॉडल की ओर स्थानांतरित हो रहे हैं। इसके अलावा प्रवेश स्तर के बाइक खंड की मांग में भी सुधार दिख रहा है। पिछले कुछ साल के दौरान इस खंड में बिक्री कमजोर रही थी। उन्होंने आगे कहा, ''हम स्पष्ट रूप से ग्रामीण क्षेत्र से भी सकारात्मक संकेत देख रहे हैं। हम देखेंगे कि आने वाली तिमाहियों में वहां मांग में उल्लेखनीय उछाल आएगा।

प्रीमियम मॉडल की बिक्री के लिए कंपनी के आउटलेट या शोरूम को अद्यतन करने की योजना के बारे में गुप्ता ने कहा कि हमने देश में पहले से 300 डीलरशिप का अद्यतन कर दिया है। उन्होंने कहा, ''मार्च के अंत तक हमारे पास 400 ऐसे शोरूम होंगे। अगले साल हम 100 'प्रीमिया स्टोर के साथ 500 2.0 स्टोर को पार कर जाएंगे। हीरो मोटोकॉर्प ने पिछले साल अक्टूबर में प्रीमिया ब्रांड नाम के तहत अपना पहला प्रीमियम शोरूम खोला था। गुप्ता ने कहा, ''हम प्रीमियम खंड में कई कदम उठा रहे हैं। हमारी शुरुआती सफलता जो हमने हार्ले एक्स440 और करिज्मा में देखी है, वह आगे जारी है।

कंपनी ने एक नया मॉडल मावरिक 440 भी पेश किया है जिसकी आपूर्ति अप्रैल में शुरू होने की उम्मीद है। गुप्ता ने कहा, ''इससे हमारे प्रीमियम पोर्टफोलियो को और मजबूती मिलेगी जो पहले से काफी अच्छी स्थिति में है। अक्टूबर, 2020 में, हीरो मोटोकॉर्प और हार्ले-डेविडसन ने भारतीय बाजार के लिए साझेदारी की घोषणा की थी। इस करार के तहत हीरो मोटोकॉर्प देश में हार्ले-डेविडसन ब्रांड के तहत प्रीमियम मोटरसाइकिल की एक श्रृंखला विकसित करेगी और उनकी बिक्री करेगी।

# नरेला: खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को किया गया सम्मानित









**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बाहरी दिल्ली की** प्रमुख सामाजिक संस्था नरेला विकास संगठन ने कार्यक्रम का आयोजन कर विभिन्न खेलों में राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली सरकारी स्कूल की छात्राओं को मोमेंटो, नोटों की माला पहनाकर, प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसीपी सुरेश कौशिक मौजूद रहे। बाहरी दिल्ली के नरेला में प्रमुख सामाजिक, सांस्कृतिक संस्था नरेला विकास संगठन ने सिंघु बॉर्डर रोड़ स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के प्रांगण में भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर सर्वोदय कन्या विद्यालय नंबर 1 व 2 की छात्राओं को विभिन्न खेलों में राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर प्रतीक चिन्ह, नोटों की माला पहनाकर व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान नरेला विकास संगठन द्वारा संचालित सिलाई कढ़ाई व ब्यूटी पार्लर में अपना प्रशिक्षण पूरा करने वाली करीब 20 छात्राओं को भी प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं काजल, अक्षय, वंदना, क्रश, वंशिका, भूमि, वैष्णवी, अंजलि, दिशांत को सम्मानित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और आश्वस्त किया कि संस्था द्वारा भविष्य में खेल को जारी रखने के लिए हर संभव मदद करेंगे। इस दौरान गौरवान्वित माता-पिता अपने बच्चों को देखकर खुशी से भरे हुए थे। मुख्य अतिथि एसीपी सुरेश कौशिक ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि यदि खिलाड़ी अपने मन से मेहनत करता है तो खेल से उसमें उत्साह, लगन और ऊर्जा का संचार होता है। जिससे वह हर चुनौती का सामना कर सकता है। नरेला विकास संगठन के प्रधान हेमराज बंसल ने सभी छात्राओं को शुभकामनाएं दी और कहा कि आप सभी ने विभिन्न खेलों में अपना लोहा मनवाते हुए स्थान हासिल किया। आपको बहुत बधाई शुभकामनाएं। भविष्य में खेल और शिक्षा को जारी रखने के लिए संस्था हर संभव मदद करेगी। कार्यक्रम में मंच संचालन संस्था महासचिव नौतन दास अरोड़ा ने किया और संस्था के उद्देश्यों व उपलब्धियां पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्रधान हेमराज बंसल, चेयरमैन हाजी अब्बास अली ,महासचिव एनडी अरोड़ा, कोषाध्यक्ष श्रीनिवास वर्मा, सचिव डॉ राजेंद्र राठधनिया, संगीता दिवाकर, सतवंती गोड, सतवीर राणा व छात्राओं के अभिभावक सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# भारत बंद के समर्थन में सीटू और एक्टू द्वारा विशाल रैली का आयोजन





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नरेला क्षेत्र के** इंडस्ट्रियल एरिया में केंद्र सरकार की मजदूर-किसान तथा जन विरोधी नीतियों एवं काले कानूनों के विरोध में ट्रेड यूनियनों द्वारा आहूत भारत बंद के समर्थन में एक विशाल रैली एवं जनसभा सीटू तथा इक्टू के बैनर तले आयोजित की गई। इस सभा को सीटू की नरेला इकाई के प्रभारी कॉमरेड डी एन सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि मौजूदा केंद्र सरकार ने पुराने चले आ रहे 44 श्रमिक कानूनों को खत्म कर चार नये लेबर कोड़ श्रमिक वर्ग पर मजदूर हित के नाम जबरन थोप दिए हैं। इन सभी में कुल मिलाकर कहा जाए तो मालिकों की गुलामी के अलावा कुछ नहीं है। काम के घंटे 8 से बढाकर10 कर दिए गए, वेतन में कोई खास तब्दीली नहीं की गई, मालिकों द्वारा अपने श्रमिकों को दिए जाने वाली सुविधाओं को खत्म कर दिया गया, छंटनी का अधिकार मलिक को सौंप कर मजदूर के हाथ काट दिए गए है। उनके भत्ते खत्म कर दिए गए। एक तरह से कहा जाए तो उन्हें दोयम दर्जे का बंधुवा नागरिक बनाकर रख दिया है। हमें इनकी दोगली चालों को समझ कर एकजुट होकर सभी भेदभावो को भुलाकर संघर्ष करना होगा। तभी इन लेबर कोड रूपी हथकंडों से निजात मिल सकेगी। इक्टू के मजदूर नेता कामरेड अनिल कुमार सिंह ने बोलते हुए कहा कि यह सरकार दिन-रात मेहनत कर अपना पसीना बहाने वाले मजदूर एवं किसानों को झूठे वादों में बुलाकर चंद कार्पोरेट घरानों को देश बेचने पर आमादा है। सरकार का काम केवल देशभक्ति की आड में अंधविश्वास तथा सांप्रदायिकता फैलाना रह गया है। हमें इनके खिलाफ लंबी लड़ाई लड़नी होगी। इसके अलावा मजदूर नेता कॉमरेड हरे राम शर्मा, कॉमरेड रंजीत कुमार, आनंद प्रसाद सिंह आदि अनेक नेताओं ने भी अपनी बात रखी और सभा का समापन किया।

# भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रतीक शर्मा का धूमधाम से मनाया गया जन्मदिन

## राजेन्द्र नगर विधानसभा भारतीय जनता पार्टी के प्रभारी सुरेन्द्र खर्ब ने भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रतीक शर्मा को दी जन्मदिन की बधाई









**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भाजपा** राजेन्द्र नगर मंडल के अध्यक्ष प्रतीक शर्मा का जन्मदिन बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही प्रतीक शर्मा को बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। इस अवसर पर जहां एक और लोगों ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी, वहीं उनकी दीघार्यु की कामना भी की। इस मौके पर राजेन्द्र नगर विधानसभा के भाजपा प्रभारी सुरेन्द्र खर्ब ने प्रतीक शर्मा को जन्मदिन की बधाई दी। इस मौके अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील कक्कड, लोकसभा चांदनी चौक के प्रभारी राजेश भाटिया, पवन गोयल, प्रवेश मिश्रा, मुकेश गुप्ता, हिमांशु भारद्वाज, आशीष, मनोज कुमार, नीतू, कीर्ति, सोनिया, पारथ सिंह जिला मंत्री सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस असवर पर राजेन्द्र नगर विधानसभा के भाजपा प्रभारी सुरेन्द्र खर्ब ने कहा कि मंडल अध्यक्ष प्रतीक शर्मा बड़े ही अच्छे व्यक्ति है, यही कारण है कि आज बहुताय की संख्या में लोग उनको बधाई देने के लिए यहां पर मौजूद है। मैं मंडल अध्यक्ष प्रतीक शर्मा को जन्मदिन की बधाई देता हूं और उनकी दीघार्यु की कामना करता हूं। इस अवसर पर कई गणमान्य लोगों ने मंडल अध्यक्ष प्रतीक शर्मा को जन्मदिन की बधाई दी। इस अवसर पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष प्रतीक शर्मा ने कहा कि जिन लोगों ने मुझे जन्मदिन की बधाई दी है, मैं उन लोगों का दिल की गहराईयों से धन्यवाद करता हूं।

# जहांगीरपुरी: हम सभी को रक्तदान अवश्य ही करना चाहिए: खन्ना ढिकोलिया



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
रक्तदान महादान होता है, इसलिए हम सभी को रक्तदान करना चाहिए। क्योंकि रक्तदान करना एक प्रकार से पुण्य का कार्य होता है। इसलिए इस पुण्य के कार्य में सभी हिस्सा ले और सभी रक्तदान जरूर करें। उक्त बातें ऑल इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष खन्ना ढिकोलिया ने कही। उन्होंने कहा कि यह एक पुण्य का कार्य इसमें सभी को हिस्सा लेना चाहिए और अधिक से अधिक बार रक्तदान करें और दूसरे लोगों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें, जो बहुत ही ज्यादा जरूरी है। रक्तदान के महत्व का हमें तब पता चलता है कि जब हमारा कोई रक्त की कमी से जूझ रहा होता है और उसे समय पर रक्त नहीं मिल पाता है, इसलिए सभी रक्तदान करें और दूसरों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें। रक्तदान को लेकर आज भी लोगों के मन में कई सारी गलत धारणाएं मौजूद हैं। ज्यादातर लोग ऐसा सोचते हैं कि रक्तदान करने से शरीर में कमजोरी आ जाती है और फिर कई बीमारियां लग सकती हैं जों कि पूरी तरह से गलत धारणा है। रक्तदान हम सभी की जिम्मेदारी है। इसलिए सभी रक्तदान करें। एक स्वस्थ व्यक्ति हर तीन महीने में रक्तदान कर सकता है। ऐसे में अगर नियमित रूप से रक्तदान करते हैं, तो इससे शरीर बेहतर सेहत की ओर जाता है। इसका असर आपको साफ अपनी फिटनेस पर असर दिख सकता है।

# वजीरपुर: सभी को सत्य की राह पर चलना चाहिए: बद्रूदीन खान



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
सभी को पौधारोपण करना चाहिए, क्योंकि पौधारोपण बेहद ज्यादा जरूरी है। पौधारोपण केवल वन विभाग का ही कार्य नहीं है, यह हम सभी की जिम्मेवारी है कि हम अधिक से अधिक पौधारोपण करें। उक्त बातें समाजसेवी बद्रूदीन खान ने कही।
उन्होंने आगे बताया कि सभी को अपने जन्मदिन व सालगिरह पर पौधारोपण करना चाहिए और उस पौधे की रक्षा ठीक उसी प्रकार से करनी चाहिए, जिस प्रकार से हम अपने परिवार की रक्षा करते है। उन्होंने आगे बताया कि पेड़-पौधें से जहां एक और हमें ऑक्सीजन मिलती है, वहीं इनसे हमें फल, फूल और कई प्रकार की औषधियां भी मिलती है, इसलिए सभी उचित स्थान देखकर पौधारोपण अवश्य ही करें। गरीब व असहाय की सेवा करना बड़ा ही पुण्य का कार्य होता है, इसलिए सभी को इस पुण्य के कार्य में हिस्सा लेना चाहिए और दिल खोलकर गरीबों की सहायता करनी चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि हम सभी का कर्त्तव्य बनता है कि हम गरीबों की सहायता करें। जिससे की गरीब व्यक्ति को भी परेशान न होना पड़े। सभी को सत्य की राह पर चलना चाहिए, जो व्यक्ति सत्य की राह पर चलता है, उसे एकदिन सफलता अवश्य ही प्राप्त होती है, इसलिए सभी सत्य की राह पर चले।

## सभी को समाजसेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए: गुप्ता

# समाजसेवा को समर्पित है मेरा जीवन: पुनीत गुप्ता



### समाजसेवी पुनीत गुप्ता बोले...

**= गो ग्रीन फाउंडेशन नामक एक एनजीओ चला रहे है जिसके माध्यम से वह लोगों को प्राकृति के महत्व समझा रहे है कि कैसे हमें पेड़-पोधों की रक्षा करनी चाहिए और हमारे व हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए पेड़-पौधे कितने जरूरी है: पुनीत गुप्ता**



**लोगों को अपने सपने मत बताओ, बस उन्हें पूरा करके दिखाओं, क्योंकि लोगों को सुनना कम, देखना ज्यादा पसंद हैं।**

अपने लिए तो सभी जीते हैं, लेकिन सार्थक जीवन वो है जो किसी भी परिस्थितियों में दूसरों के लिए जिये व अपना जीवन ओरों की सेवा में समर्पित हो। कुछ ऐसी ही चुनौतियों से सामना करने वाले एक ऐसे व्यक्ति से हम आज आपको मिलवाने जा रहें हैं, जिनके बारे में जितना बोला जाए वो भी कम है। जो कि अपने सेवाभाव से क्षेत्रीय लोगों के दिलों में बसे हुए हैं तथा अपने कार्यों के बदौलत पूरे चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र में किसी भी परिचय के मोहताज नहीं हैं। जी हां यहां पर हम बात कर रहें है मॉडल टाउन पार्ट तीन में रहने वाले समाजसेवी व गो ग्रीन फांउडेशन के संस्थापक पुनीत गुप्ता की।

**फांउडेशन के माध्यम दे रहे हैं ग्रीनरी का संदेश:** आपकी जानकारी के लिए बतादें कि पुनीत गुप्ता गो ग्रीन फाउंडेशन नामक एक एनजीओ चला रहे है जिसके माध्यम से वह लोगों को प्रकृति के महत्व समझा रहे हैं कि कैसे हमें पेड़-पौधों की रक्षा करनी चाहिए और हमारे व हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए पेड़ पौधे कितना जरूरी।
वहीं पुनीत ने बताया कि वह फाउंडेशन लगभग पांच-छः साल से चला रहे हैं, जिसके माध्यम व समय-समय पर पौधारोपण कार्यक्रम का भी आयोजन करते रहते है, व अभी तक अपनी फाउंडेशन के माध्यम से हजारों पौधे वितरित भी कर चुके हैं। वही उन्होंनें कहा कि प्रकृति के साथ जियें, ग्लोबल वार्मिंग के साथ नहीं।
भविष्य के लिए प्रकृति की देखभाल और प्यार करें।
हमें प्रकृति को सुंदर बनाए रखने के लिए कर्तव्यनिष्ठ होना चाहिए। प्रकृति को हरा-भरा बनाने का सपना देखें। पर्यावरण की रक्षा करें, प्रकृति की रक्षा करें। स्वस्थ भविष्य के लिए, प्रकृति की रक्षा करें।

**समस्याओं को लेकर रहते हैं जागरूक**
पुनीत क्षेत्र की समस्याओं को लेकर हमेशा जागरूक रहते है। वहीं उन्होनें बताया कि लाल बाग, मॉरिश नगर, शालीमार बाग क्षेत्र में रोड़ पर ही कूड़े के ढ़ेर पडे रहते थे, ऐसा लगता था जैसे ढलाव घर बना हो, उन सभी को विभाग द्वारा हटवाया गया, जिसके लिए काफी लंबा समय भी लगा था।



**आवारा पशुओं की है मुख्य समस्या:** पुनीत गुप्ता ने कहा कि जहां एक ओर तो क्षेत्र में सड़को पर घूम रही आवारा गायों से लोगों को खासा परेशानी होती है, जिससे कि कई बाद सडक हादस भी हो जाता है, वहीं उन गायों के लिए भी सड़क हादसे का खतरा बना रहता है और कई बार बडे-बडे वाहन गायों के पैर पर गाडियां चलाकर निकल जाते है, जिससे की कई बार उनकी मौत भी हो जाती है। पुनीत गुप्ता ने आगे बताया कि वह इस समस्या को लेकर सांसद डा. हर्षवर्धन व दिल्ली की मेयर शैली ओबेरॉय से भी मिल चुके है।



## गौतम गंभीर का बड़ा खुलासा, क्रिस गेल या एबी डी विलियर्स नहीं इस भारतीय ने IPL में उड़ाई थी उनकी रातों नींद

नई दिल्ली.एजेंसी

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के पूर्व कप्तान गौतम गंभीर ने खुलासा किया है कि रोहित शर्मा एकमात्र खिलाड़ी हैं जिन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में उनकी रातों की नींद हराम कर दी थी। मुंबई इंडियंस (एमआई) के पूर्व कप्तान की सराहना करते हुए, गंभीर ने रोहित को एकमात्र बल्लेबाज बताया, जिनसे वह आईपीएल में खेलते समय डरते थे।

रोहित ने मुंबई इंडियंस को पांच आईपीएल खिताब जिताए हैं, एक रिकॉर्ड जिसकी बराबरी एमएस धोनी ने की थी जब उन्होंने 2023 सीजन में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की कप्तानी करते हुए जीत हासिल की थी।केकेआर को साल 2012 और 2014 आईपीएल चैंपियन बनाने वाले गौतम गंभीर ने स्टार स्पोर्ट्स से बात करते हुए कहा, एकमात्र खिलाड़ी जिसने मेरी रातों की नींद उड़ाई थी, वो क्रिस गेल एबी डी विलियर्स नहीं बल्कि रोहित शर्मा थे। रोहित के साथ, मुझे पता था कि मेरे पास प्लान ए, प्लान बी और शायद प्लान सी भी होना चाहिए क्योंकि अगर रोहित अंदर है, तो मुझे नहीं लगता कि कोई भी उसे नियंत्रित कर सकता है।गौतम गंभीर ने इस दौरान बताया कि वह वीडियो देख देख कर रोहित शर्मा के लिए प्लान बनाते थे। उन्होंने यह भी माना कि किसी और बल्लेबाज के लिए उन्होंने इतनी मेहनत नहीं की थी। रात को सोते हुए भी गंभीर रोहित को आउट करने के बारे में सोचा करते थे।

उन्होंने आगे कहा, -आईपीएल में एकमात्र बल्लेबाज जिससे मैं डरता था वह रोहित शर्मा है। मैंने रोहित शर्मा को छोड़कर किसी अन्य बल्लेबाज के लिए कभी योजना नहीं बनाई है। ऐसे कई बार हुआ है जब मैंने वीडियो देखे हैं, जहां मैंने कहा कि काफी हद तक, प्लान ए ठीक है। लेकिन रोहित शर्मा के साथ, शायद एक रात पहले, मैं सोचता था कि अगर यह काम नहीं करता है, तो मुझे यह लेना होगा।

## यशस्वी जायसवाल को देख रवि शास्त्री को आई युवा सचिन तेंदुलकर की याद

## बोले- वह हर समय खुद को...

नई दिल्ली.एजेंसी

टीम इंडिया के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की जमकर तारीफ की है। शास्त्री का कहना है कि यशस्वी उन्हें युवा सचिन तेंदुलकर की याद दिलाते हैं। यशस्वी जायसवाल इंग्लैंड के खिलाफ जारी टेस्ट सीरीज में बैजबॉल का मुंहतोड़ जवाब दे रहे हैं। राजकोट में खेले जा रहे तीसरे टेस्ट में भी उन्होंने शानदार शतक जड़ भारतीय टीम को ड्राइविंग सीट पर बैठा दिया है। तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक भारत के पास 322 रनों की बढ़त है। यशस्वी जायसवाल ने दूसरी पारी में रिटायर हर्ट होने से पहले 104 रन बनाए।



राजकोट टेस्ट में यशस्वी जायसवाल की परफॉर्मेंस के कायल हुए रवि शास्त्री ने कमेंट्री करते हुए कहा, आज जिस तरह से जयसवाल ने कदम बढ़ाया है उससे प्रभावित हूं। सिर्फ बल्ले से ही नहीं, बल्कि मैदान पर भी उनका प्रदर्शन शानदार रहा। मुझे लगता है कि आगे चलकर वह रोहित के लिए अंशकालिक विकल्पों में से एक हो सकता है। गेंद उसके हाथ में होगी - चाहे वह लेग-स्पिन हो, ऑफ-स्पिन हो या मीडियम पेस। जयसवाल मुझे युवा तेंदुलकर की याद दिलाते हैं। हर समय व्यस्त रहते हैं, यह इस कहावत का एक उत्कृष्ट उदाहरण है कि यदि आप खुद पर विश्वास करते हैं, तो उम्मीद है। कुछ भी असंभव नहीं है। वह सिर्फ एक शब्द है। वह लगातार शामिल रहेंगे।

रवि शास्त्री यशस्वी जायसवाल की फील्डिंग से भी काफी प्रभावित दिखे। विराट कोहली और केएल राहुल जैसे सीनियर खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी में यशस्वी ने स्लिप में फील्डिंग करने का भार संभाला। टेस्ट क्रिकेट में स्लिप में फील्डिंग करना काफी कठिन होता है क्योंकि आपको इस जगह हर वक्त चौकन्ना रहना होता है। जायसवाल ने इंग्लैंड की पहली पारी में जो रूट का शानदार कैच पकड़ हर किसी का दिल जीता था। रूट ने स्विच हिट की मदद से स्लिप के ऊपर से शॉट लगाना चाहते थे, मगर यशस्वी ने उनके इस मनसूबे को कामयाब नहीं होने दिया।रवि शास्त्री ने कहा, यह एक बेहतरीन कैच था, गेंद उड़ रही थी। उन्हें स्लिप में ध्यान केंद्रित करना था। यह एक अलग कोण है, यह बाहरी किनारा नहीं है। आपको शामिल होना होगा। इसे देखो। इसे आसान दिखता है। वह इस सीरीज में पहले ही कुछ शानदार कैच पकड़ चुके हैं। मैंने दक्षिण अफ्रीका में उनकी प्रतिभा देखी जहां उन्होंने स्लिप कॉर्डन में कुछ शानदार कैच लपके थे।

### शुभमन गिल रन आउट होकर हुए आग बबूला, कुलदीप यादव की गलती की वजह से शतक से चूके

नई दिल्ली. इंडिया वर्सेस इंग्लैंड 5 मैच की टेस्ट सीरीज का तीसरा मुकाबला राजकोट में खेला जा रहा है। इस मैच की दूसरी पारी में भारतीय बल्लेबाज शुभमन गिल रन आउट हुए।

गिल के रन आउट की वजह कुलदीप यादव बने। नाइट वॉचमैन के रूप में तीसरे दिन बल्लेबाजी करने आए कुलदीप ने चौथी दिन की शुरुआत में गिल का भरपूर साथ दिया मगर उनकी एक गलती की वजह से गिल 91 के निजी स्कोर पर रन आउट हो गए। यह गिल के टेस्ट करियर का पहला रन आउट है। शानदार लय में बल्लेबाजी कर रहे गिल इस रन आउट के बाद काफी गुस्से में दिखाई दिए।

शुभमन गिल के रन आउट की बात करें तो यह घटना भारतीय पारी के 64वें ओवर में घटी। टॉम हार्टली की आखिरी गेंद पर कुलदीप कदमों का इस्तेमाल कर बड़ा शॉट लगाना चाहते थे, मगर वह गेंद को अच्छे से टाइम नहीं कर पाए। गेंद सीधा मिड विकेट पर खड़े इंग्लिश कप्तान बेन स्टोक्स के हाथों में गई।

## मुस्तफिजुर रहमान के सिर पर लगी गेंद, निकला खून; अस्पताल में कराया गया भर्ती

नई दिल्ली.एजेंसी बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान के सिर पर एक तेज रफ्तार वाली गेंद लगी, जिसके कारण उनको आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया। वे बीपीएल की अपनी टीम के साथ प्रैक्टिस कर रहे थे और एक बल्लेबाज ने सामने की तरफ शॉट खेला, जो सीधे उनके सिर के पिछले हिस्से पर जा लगा। इसके बाद उनके सिर से खून निकलने लगा तो जल्द स्टेडियम में मौजूद स्ट्रेचर को मंगाया गया और उनको वहां से अस्पताल ले



जाया गया।

दरअसल, मुस्तफिजुर रहमान बांग्लादेश प्रीमियर लीग यानी बीपीएल की अपनी टीम कोमिल्ला विक्टोरियन्स के साथ प्रैक्टिस कर रहे थे। वे गेंदबाजी के लिए तैयार हो रहे थे। उस दौरान दूसरे नेट्स में मैथ्यू फोर्ड प्रैक्टिस कर रहे थे। उन्होंने सामने की तरफ एक शॉट खेला, जो सीधे मुस्तफिजुर के सिर के पिछले हिस्से में लगा। उनको ब्लीडिंग शुरू हो गई तो जल्द ही उनको अस्पताल ले जाया गया। इस पर अभी ज्यादा अपडेट सामने नहीं आई है कि उनकी चोट कैसी है।बांग्लादेशी मीडिया की मानें तो बांग्लादेश के प्रमुख तेज गेंदबाज के सिर से खून बह रहा था। मैदान से बाहर एम्बुलेंस तक ले जाने से पहले उनके सिर पर बर्फ लगाई गई थी। मुस्तफिजुर को इंपीरियल अस्पताल की इमरजेंसी यूनिट में ले जाया गया था। क्रिकबज के मुताबिक, सीटी स्कैन से पुष्टि हुई कि मुस्तफिजुर को कोई इंटरनल ब्लीडिंग नहीं हुई थी। वे अभी किसी भी तरह की गंभीर समस्या में नहीं है।

### ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए न्यूजीलैंड के स्क्वॉड का ऐलान, ये स्टार खिलाड़ी हुआ बाहर

नई दिल्ली.न्यूजीलैंड क्रिकेट ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी दो मैच की टेस्ट सीरीज के लिए 14 खिलाड़ियों के स्क्वॉड का ऐलान कर दिया है। इस टीम में डेरिल मिचेल की वापसी हुई है जिन्होंने हाल ही में पैर की चोट के चलते साउथ अफ्रीका के खिलाफ दूसरा टेस्ट मिस किया था, वह इस इंजरी के चलते ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 20 सीरीज भी नहीं खेल पाए थे। न्यूजीलैंड के स्क्वॉड में स्कॉट कुगलेइजन की भी एंट्री हुई है, वह चोटिल काइल जैमिसन की जगह टीम में आए हैं। जैमिसन पीठ की चोट के चलते लंबे समय के लिए बाहर हो गए हैं।



न्यूजीलैंड के दो सीनियर खिलाड़ी केन विलियमसन और टिम साउदी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इस टेस्ट सीरीज में खास उपलब्धि हासिल करेंगे। वह इन दो टेस्ट मैचों के जरिए रेड बॉल क्रिकेट में अपने 100-100 मैच पूरे करेंगे। दोनों खिलाड़ियों ने अभी तक अपने देश के लिए 98 मुकाबले खेले हैं। अगर इन दोनों खिलाड़ियों को कोई इंजरी नहीं होती है तो यह मुकाम वह 8 मार्च को हेडिंगले ओवल में खेले जाने वाले दूसरे टेस्ट में हासिल करेंगे।

केन विलियमसन और टिम साउदी न्यूजीलैंड के लिए 100 टेस्ट खेलने वाले पांचवे और छठे खिलाड़ी बनेंगे। वे स्टीफन फ्लेमिंग, डैनियल विटोरी, ब्रेंडन मैकुलम और रॉस टेलर के क्लब में शामिल होंगे जिन्होंने न्यूजीलैंड के लिए 100 या उससे अधिक मैच खेले हैं। वहीं टीम साउदी रॉस टेलर, विराट कोहली और डेविड वॉर्नर के बाद हर फॉर्मेट में 100 मैच खेलने वाले चौथे खिलाड़ी बन जाएंगे।चयनकर्ताओं ने हाल ही में कम रेड बॉल क्रिकेट खेलने वाले ट्रेंट बोल्ड को इस सीरीज के लिए नहीं चुना है। वहीं माइकल ब्रेसवेल का भी चयन इस स्क्वॉड में नहीं हुआ है क्योंकि वह उंगली की चोट से उबर रहे हैं। टिम साउदी (कप्तान), टॉम ब्लंडेल (विकेटकीपर), डेवोन कॉनवे, मैट हेनरी, स्कॉट कुगलेइजन, टॉम लैथम, डेरिल मिशेल, विल ओरूर्के, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, मिशेल सेंटनर, नील वैगनर, केन विलियमसन, विल यंग।

## बेन डकेट ने यशस्वी जायसवाल को बताया उभरता सुपरस्टार, मांगा उनके शतक का श्रेय



नई दिल्ली.एजेंसी

इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट ने भारत के युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को उभरता हुआ सितारा करार देते हुए शनिवार को कहा कि टेस्ट क्रिकेट में विपक्षी खेमे के खिलाड़ियों को आक्रामक बल्लेबाजी करने के लिए प्रेरित का श्रेय उनकी टीम को दिया जाना चाहिए। जायसवाल ने टेस्ट क्रिकेट में इंग्लैंड की बहुचर्चित बैजबॉल तरीके से बल्लेबाजी करते हुए तीसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन शनिवार को भारत की दूसरी पारी में शतक ठोका। पीठ में ऐंठन के कारण रिटायर्ड हर्ट होने से पहले उन्होंने 133 गेंदों में 104 रन की पारी में नौ चौके और पांच छक्के लगाए।

जायसवाल एक समय 73 गेंद में 35 रन बनाकर खेल रहे थे लेकिन दिन के आखिरी सत्र में उन्होंने अपना रवैया बदला और आक्रामक शॉट से शतक पूरा किया।डकेट ने दिन के खेल के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, जब आप विपक्षी टीम के खिलाड़ियों को इस तरह खेलते हुए देखते हैं, तो ऐसा लगता है कि हमें कुछ श्रेय लेना चाहिए। वे अपनी नैसर्गिक शैली से अलग तरीके से अलग खेल रहे हैं।उन्होंने कहा, हमने मौजूदा क्रिकेट सत्र में कई बार ऐसा देखा है। यह देखना काफी रोमांचक है कि अन्य खिलाड़ी और अन्य टीमें भी उस आक्रामक शैली की क्रिकेट खेल रही हैं।उन्होंने जायसवाल की तारीफ की लेकिन चुटिले अंदाज में कहा, वह उभरते हुए सुपरस्टार की तरह दिखता है, दुर्भाग्य से वह इस समय बहुत अच्छी लय में है। उसका खराब समय (लय) आने वाला है।इंग्लैंड की पहली पारी में 151 गेंद में 23 चौके और दो छक्के की मदद से 153 रन बनाने वाले डकेट ने कहा कि भारतीय टीम शनिवार को बेहतर योजना के साथ मैदान पर उतरी थी।

## साउथ अफ्रीका के महान क्रिकेटर माइक प्रॉक्टर का निधन, सर्जरी के बाद हो गए थे बेहोश

नई दिल्ली.एजेंसी

साउथ अफ्रीका के दिग्गज क्रिकेटर और टीम के पूर्व कोच माइक प्रॉक्टर का निधन हो गया है। शनिवार 17 फरवरी को उन्होंने 77 साल की उम्र में अंतिम सांस ली। एक सर्जरी उनकी हुई थी, जिसके बाद वे बेहोश हो गए थे। उनकी पत्नी ने ये जानकारी न्यूज एजेंसी एएफपी को दी। माइक प्रॉक्टर की पत्नी मैरीना प्रॉक्टर ने कहा, सर्जरी के दौरान उन्हें एक जटिलता का सामना करना पड़ा, वे बेहोश हो गए और फिर कभी नहीं उठे।प्रॉक्टर एक दमदार ऑलराउंडर थे, जो रंगभेद के बाद के युग में दक्षिण अफ्रीका के पहले कोच बने और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के मैच रेफरी के रूप में उनका कार्यकाल विवादास्पद रहा। सोमवार को उनके परिवार ने खुलासा किया कि नियमित सर्जरी के बाद अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई में ठीक होने के दौरान उन्हें कार्डियक अरेस्ट से जुड़ी एक समस्या का सामना करना पड़ा था।प्रॉक्टर का इलाज उनके गृहनगर डरबन के पास एक अस्पताल में किया जा रहा था। प्रॉक्टर का दक्षिण अफ्रीका के साथ अंतरराष्ट्रीय खेल करियर 1967 से 1970 तक चला था, लेकिन इसके बाद उनके देश को रंगभेदी सरकार के कारण विश्व क्रिकेट से बाहर कर दिया गया।



## ILT20 2024 Final की विजेता बनी MI Emirates, दुबई कैपिटल्स को मिली हार

**ILT20 2024 Final की विजेता MI Emirates बनी है। दुबई कैपिटल्स को फाइनल में एमआई की टीम ने बुरी तरह से हरा दिया। पिछले सीजन की विजेता गल्फ जाएंट्स थी। इस बार एमआई ने बाजी मारी।**



नई दिल्ली.एजेंसी इंटरनेशनल लीग टी20 2024 का फाइनल मुकाबला 17 फरवरी को खेला गया। खिताबी मैच में एमआई एमिरेट्स ने बाजी मारी। फाइनल में एमआई एमिरेट्स के सामने दुबई कैपिटल्स थी। दुबई की टीम को करारी हार का सामना करना पड़ा। एमआई एमिरेट्स ने 45 रनों से दुबई कैपिटल्स को हराया और पहला खिताब अपने नाम किया। अभी तक इस टूर्नामेंट के दो ही सीजन हुए हैं। पहले सीजन की विजेता गल्फ जाएंट्स थी।

दुबई कैपिटल्स ने इस मैच में टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी थी। एमआई एमिरेट्स ने 20 ओवर में 3 विकेट खोकर 208 रन बनाए थे। एमआई की टीम की ओर से 27 गेंदों में 57 रन कप्तान निकोलस पूरन ने जड़े, जबकि 37 गेंदों में 53 रन आंद्रे फ्लेचर ने जड़े। वहीं, 24 गेंदों में 43 रनों की पारी मुहम्मद वसीम ने खेली, जबकि कुसल परेरा 26 गेंदों में 38 रन बनाए। किरोन पोलार्ड ने 7 गेंदों में 9 रन बनाए। 1-1 विकेट तीन गेंदबाजों ने दुबई कैपिटल्स की ओर से लिए। वहीं, जब 209 रनों के लक्ष्य का पीछा करने दुबई कैपिटल्स की टीम उतरी तो दूसरी गेंद पर ही पहला विकेट गिर गया था। इसके बाद टीम को टॉम बैंटन और टॉम एबेल ने संभाला, लेकिन लगातार अंतराल पर विकेट गिरे और कोई भी तेज गति से बल्लेबाजी नहीं कर सका। यही कारण रहा कि दुबई कैपिटल्स की पूरी टीम 20 ओवर खेलकर 7 विकेट के नुकसान पर 163 रन ही बना सकी और मुकाबला 45 रनों के अंतर से हार गई।दुबई कैपिटल्स की ओर से कप्तान सैम बिलिंग्स ने सबसे ज्यादा 40 रन बनाए। 35 रन टॉम बैंटन के बल्ले से निकले, लेकिन अन्य कोई बल्लेबाज उस तरह की पारी नहीं खेल पाया, जिससे की टीम जीत के करीब भी पहुंच पाती। दुबई कैपिटल्स ने एलिमिनेटर और क्वालिफायर 2 जीतने के बाद फाइनल में प्रवेश किया था, लेकिन खिताबी मैच में उनको जीत नसीब नहीं हुई।

## राजकोट टेस्ट में हुई रविचंद्रन अश्विन की वापसी, BCCI ने दी जानकारी

**आर अश्विन चौथे दिन लंच तक राजकोट पहुंच सकते हैं। बल्लेबाजी और गेंदबाजी के लिए वे तीसरे मैच में उपलब्ध रहेंगे। दूसरे दिन के खेल के बाद वे राजकोट से चेन्नई फैमिली इमरजेंसी की वजह से चले गए थे।**



नई दिल्ली.एजेंसी

राजकोट के निरंजन शाह क्रिकेट स्टेडियम में खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच में आज यानी रविवार 18 फरवरी को चौथे दिन का खेल शुरू हो गया है। इस बीच भारत के लिए एक अच्छी खबर आई है कि ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन फिर से भारतीय टीम के साथ जुड़ने वाले हैं। राजकोट में जारी तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन के खेल के बाद फैमिली इमरजेंसी की वजह से रविचंद्रन अश्विन को टीम का साथ छोड़ना पड़ा था, लेकिन अब खबर है कि वे चौथे दिन के खेल के दौरान लंच तक अश्विन राजकोट पहुंचने वाले हैं और वे इस मैच में आगे गेंदबाजी और बल्लेबाजी कर सकते हैं।

आर अश्विन इंग्लैंड के खिलाफ चल रहे तीसरे टेस्ट के चौथे दिन भारतीय टीम में शामिल होने के लिए राजकोट पहुंचने वाले हैं।

बीसीसीआई ने भी स्पष्ट कर दिया है कि आर अश्विन फिर से टीम से जुड़ने वाले हैं। वह दूसरे दिन के खेल के बाद निजी कारणों से राजकोट से चेन्नई चले गए थे। बीसीसीआई उपाध्यक्ष ने बताया था कि उनकी मां की तबीयत खराब है। वहीं, चौथे दिन के खेल से पहले होस्ट ब्रॉडकास्टर जियोसिनेमा से बात करते हुए कुलदीप यादव ने कहा, निश्चित नहीं हूं, लेकिन मुझे लगता है कि अश्विन भाई वापस आ सकते हैं। वह लंच तक राजकोट में हो सकते हैं।बीसीसीआई ने मीडिया रिलीज जारी करते हुए कहा है, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को पारिवारिक आपातकाल के कारण संक्षिप्त अनुपस्थिति के बाद टीम में आर अश्विन की वापसी की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। अश्विन को राजकोट में तीसरे टेस्ट के दूसरे दिन के बाद फैमिली इमरजेंसी की वजह से अस्थायी रूप से टीम से हटना पड़ा था। आर अश्विन और टीम प्रबंधन दोनों को यह पुष्टि करते हुए खुशी हो रही है कि वह चौथे दिन एक्शन में वापस आएंगे और मौजूदा टेस्ट मैच में टीम के लिए योगदान देना जारी रखेंगे।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सचिव जय शाह की तरफ से आए मेल में आगे लिखा गया है, टीम प्रबंधन, खिलाड़ियों, मीडिया और प्रशंसकों ने परिवार के महत्व को प्राथमिकता के रूप में स्वीकार करते हुए काफी समझ और सहानुभूति दिखाई है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ ऊना ▸ 19 फरवरी 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# पीएम आज यूपी को 10 लाख करोड़ की देंगे सौगात

## 14 हजार परियोजनाओं का प्रधानमंत्री सोमवार को करेंगे शुभारंभ, प्रदेश में करीब 34 लाख रोजगार के अवसरों की संभावनाओं के द्वारा भी खुल जाएंगे

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**उत्तर प्रदेश** को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही योगी आदित्यनाथ सरकार के लिए सोमवार का दिन बहुत महत्वपूर्ण होने जा रहा है। सोमवार को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी 4.0) के जरिए प्रदेश भर में 10 लाख करोड़ से ज्यादा की 14 हजार से अधिक परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे। इसके साथ ही प्रदेश में करीब 34 लाख रोजगार के अवसरों की संभावनाओं के द्वारा भी खुल जाएंगे। प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री योगी के साथ यहां आयोजित होने वाली प्रदर्शनी का भी अवलोकन करेंगे। साथ ही मुख्य जीबीसी हैंगर में प्रदेश की जनता को संबोधित करते हुए इन परियोजनाओं की शुरूआत के लिए शुभकामनाएं देंगे। पिछले वर्ष 10 से 12 फरवरी के मध्य



ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन हुआ था। उसके करीब एक वर्ष बाद 19-21 फरवरी के बीच ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी समेत तमाम वीआईपी शामिल होंगे। अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद योगी सरकार के लिए यह एक और बड़ा अवसर है, जब पूरी दुनिया की नजरें उत्तर प्रदेश की ओर लगी होंगी। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में इन परियोजनाओं की शुरूआत से राज्य सरकार अपने लक्ष्य की ओर कदम बढ़ाएगी। आयोजन के शुभारंभ के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी सरकार की उपलब्धियों की जानकारी देंगे तो साथ ही निवेशकों को सफलता के मंत्र भी बताएंगे। इस अवसर पर योगी उत्तर प्रदेश में उद्योगों के अनुरूप माहौल के साथ ही भविष्य की योजनाओं को लेकर अपनी बात रखेंगे। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी प्रधानमंत्री का स्वागत करेंगे, जबकि हिंदुजा ग्रुप के चेयरमैन धीरज हिंदुजा, सैमसंग, साउथ वेस्ट एशिया के सीईओ जेपी पार्क, आईएनजीकेए के सीईओ सुसैन पल्वरर, टोरेंट ग्रुप के एमडी जीनल मेहता और एडवर्ब टेक्नोलॉजीज के चेयरमैन जलज मेहता भी प्रदेश में औद्योगिक विकास की उपलब्धियों के विषय में अपने विचार रखेंगे।रक्षामंत्री और लखनऊ से सांसद राजनाथ सिंह भी यहां अपने विचार रखेंगे, जिसके बाद प्रधानमंत्री परियोजनाओं को डिजिटल ग्राउंड ब्रेकिंग के माध्यम से शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री को राज्य सरकार की उपलब्धियों पर आधारित एक शॉर्ट फिल्म भी दिखाई जाएगी।

**आयोजन की सभी तैयारियां पूरी:** आयोजन की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। दो दिन पहले ही मुख्यमंत्री ने तैयारियों का जायजा लिया था और आवश्यक दिशा निर्देश दिए थे। कार्यक्रम में दुनिया भर के तकरीबन 4000 प्रतिभागियों के प्रतिभाग करने की संभावना है, जिसमें जाने माने उद्योगपति, फॉर्च्यून ग्लोबल/इण्डिया 500 कंपनियां, विदेशी निवेशक भागीदार, राजदूत/उच्चायुक्त एवं अन्य प्रतिष्ठित अतिथि शामिल हैं।

### पूरे प्रदेश में बहेगी निवेश की बयार

**जीबीसी** के जरिए प्रदेश में 10,23,537 करोड़ की 14,619 परियोजनाओं का शुभारंभ होने जा रहा है। सबसे खास बात ये है कि प्रदेश के सभी हिस्सों और जिलों में ये निवेश होगा। इसके अंतर्गत सर्वाधिक 52 प्रतिशत निवेश परियोजनाओं की शुरूआत प्रदेश के पश्चिमांचल हिस्से में होगी। पूर्वांचल में 29 प्रतिशत, मध्यांचल में 14 प्रतिशत और बुंदेलखंड में 5 प्रतिशत निवेश परियोजनाओं को धरातल पर उतारा जाएगा। प्रदेश के सभी 75 जिलों में निवेश परियोजनाओं की शुरूआत होगी। इसमें 19 जिले ऐसे हैं जिन्होंने निवेश लक्ष्य का शत प्रतिशत से भी ज्यादा हासिल किया। इसमें एटा ने 354 प्रतिशत, सीतापुर ने 145, शाहजहांपुर ने 127, सोनभद्र ने 121, चंदौली ने 117, मुजफ्फरनगर और मुरादाबाद ने 114, मीरजापुर ने 113 प्रतिशत, हरदोई ने 111, अमेठी ने 108, बाराबंकी ने 108, फतेहपुर, गोंडा ने 105 प्रतिशत, बरेली ने 104, रामपुर ने 103, बहराइच ने 101 और लखीमपुर खीरी, भदोही व बिजनौर ने 100 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया है। अधिकांश 19.24 प्रतिशत निवेश आवास में होना निर्धारित है। इसके अलावा 15 प्रतिशत निवेश रिन्यूएबल एनर्जी में, 13 प्रतिशत मैन्युफैक्चरिंग में, 10 प्रतिशत आईटी एवं आईटी आधारित सेवाओं में, 7.83 प्रतिशत लॉजिस्टिक्स।



भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री मंचासीन।

# 'उत्तराधिकार की राजनीति करना न्यायपूर्ण नहीं'

**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**

**मध्यप्रदेश में पूर्व** सीएम कमलनाथ और छिंदवाड़ा सांसद नकुलनाथ के बीजेपी में जाने की अटकलों पर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के भाई और पूर्व सांसद लक्ष्मण सिंह की प्रतिक्रिया सामने आई है। मध्य प्रदेश में चल रही सियासी हलचल पर उन्होंने अपने 'एक्स' अंकाउट पर लिखा कि उत्तराधिकार की राजनीति करना न्यायपूर्ण नहीं है। हम इसके परिणाम भी देख रहे हैं। ऐसा करने से कई राजनीतिक दल और उनके समर्पित कार्यकर्ता निराश हो जाएंगे। बता दें कि पूर्व सांसद लक्ष्मण सिंह मुद्दों पर बेबाकी से अपनी राय रखते हैं। कमलनाथ के बीजेपी में जाने की अटकलों पर लक्ष्मण सिंह की



प्रतिक्रिया सामने आई है। कमलनाथ के पार्टी छोड़ने की अटकलों पर पूर्व सांसद लक्ष्मण सिहं ने कहा कि इस पर मैं क्या कहूं। मुझे कुछ नहीं पता, मैं तो गांव पर हूं। जो भी हो रहा है, अगर कमलनाथ जी ऐसा कह रहे हैं, सोच रहे हैं, तो पार्टी के लिए अच्छा संकेत नहीं है। वह बहुत सीनियर नेता हैं। मुख्यमंत्री रहे हैं और मैं जब पार्टी के खिलाफ कुछ बोलता था या करता था, तो मुझे दोष दिया जाता था। आज जब वो कर रहे हैं, तो मैं कहीं पूरी तरह गलत भी नहीं था। पार्टी को समझना चाहिए इस बात को। भावनाओं को समझना चाहिए। रविवार सुबह उन्होंने सोशल मीडिया के जरिये भी इस मुदे पर अपनी राय रखी।

सोशल प्लेटफार्म एक्स पर उन्होंने लिखा 2024 में उत्तराधिकार की राजनीति करना न्यायपूर्ण नहीं है। हम इसके परिणाम भी देख रहे हैं। ऐसा करने से कई राजनीतिक दल और उनके समर्पित कार्यकर्ता निराश होकर घर बैठने पर मजबूर है जो प्रजातंत्र और उन दलों और कार्यकताओं के लिए घातक है।


# स्वामी प्रसाद के बाद एसपी को एक और झटका

## सलीम शेरवानी ने भी महासचिव पद छोड़ा

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**स्वामी** प्रसाद मौर्य के बाद एक और सपा नेता ने अखिलेश यादव को झटका दे दिया है। अब सलीम इकबाल शेरवानी ने सपा महासचिव के पद से इस्तीफा देते हुए अखिलेश पर मुसलमानों की उपेक्षा का आरोप लगाया है। सपा अध्यक्ष को लिखी चिट्ठी में उन्होंने कहा कि वह जल्द ही अपने भविष्य को लेकर बड़ा फैसला लेंगे। इससे पहले स्वामी प्रसाद मौर्य ने पत्र लिखकर सपा महासचिव पद से इस्तीफा दे दिया था। सलीम शेरवानी बदायूं सीट से पांच बार सांसद रह चुके हैं। स्वामी प्रसाद मौर्य और सलीम शेरवानी के इस्तीफे के बाद अखिलेश यादव के पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) मुहिम को तगड़ा झटका लगा है अखिलेश को लिखे पत्र में सलीम शेरवानी का कहना है कि यूपी में मुसलमान लगातार उपेक्षित महसूस कर रहा है। राज्यसभा चुनाव के लिए तीन उम्मीदवार सपा ने घोषित किए, इनमें एक भी मुस्लिम नहीं है। बेशक मेरे नाम पर विचार नहीं होता लेकिन किसी मुसलमान को तो सीट मिलनी चाहिए थी। मुसलमान एक रहनुमा की तलाश में हैं। मुझे लगता है कि सपा में रहते हुए मैं मुस्लिमों की हालत में बड़ा परिवर्तन नहीं ला सकता हूं।

**इस्तीफा देने से पहले दिल्ली में की बैठक:** सपा के राष्ट्रीय महासचिव के पद से इस्तीफा देने से पहले सलीम इकबाल शेरवानी ने अपने करीबियों और समर्थकों के साथ दिल्ली स्थित इस्लामी कल्चर सेंटर में बैठक की। वह यूपी में किसी भी मुस्लिम को सपा की तरफ से राज्यसभा का उम्मीदवार नहीं बनाए जाने को



**उपेक्षा**

8 शेरवानी ने पद से इस्तीफा देते हुए अखिलेश पर मुसलमानों की उपेक्षा का आरोप लगाया ह

लेकर आलाकमान से नाराज चल रहे थे।

**'पीडीए को लेकर अखिलेश गंभीर नहीं':** पांच बार के सांसद सलीम शेरवानी ने अखिलेश पर आरोप लगाते हुए कहा कि आप लगातार पीडीए का नाम लेते रहते हैं, लेकिन राज्यसभा की उम्मीदवारों के नाम देखकर लगता नहीं कि आप पीडीए को बहुत महत्व देते हैं। सलीम शेरवानी ने विपक्षी इंडिया गठबंधन को लेकर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि एक मजबूत विपक्षी गठबंधन को लेकर कोई भी गंभीर नहीं दिख रहा है। ऐसा लग रहा है कि जैसे विपक्षी गठबंधन में शामिल दल सत्ता पक्ष से लड़ने की बजाय आपस में लड़ रहे हैं।

**2019 चुनाव से पहले सपा छोड़ कांग्रेस चले गए थे:** आपको बता दें कि सलीम शेरवानी चार बार सपा के टिकट पर लोकसभा चुनाव जीत चुके हैं। एक बार कांग्रेस के टिकट पर वह संसद पहुंचे हैं।

